डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹73500 10 ग्राम
₹94000 01 किलो

सेंसेक्स 78,148.49 -50.62 | डॉलर 85.887 +0.090

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष शुक्ल पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 09 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-86, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 ऋषभ पंत की आईसीसी बैटर्स...

## हजारीबाग में अपराधियों ने सीसीएल कर्मी को गोली मारकर की हत्या

**हजारीबाग।** जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र के पोटंगा लूकैयाटांड़ में बाइक सवार अपराधियों ने विस्थापित नेता एवं सीसीएल कर्मी संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद उन्हें आनन-फानन में रिम्स लाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक को अपराधियों ने तीन गोली मारी है। वहीं, घटना के बाद से ही पूरे इलाके में डर का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम और गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। वहीं, मामले की सूचना मिलते ही बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं की निंदा की। उन्होंने कहा कि कोयलांचल में इन दिनों लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, जिसे रोकने में प्रशासन नाकाम है।

## दिल का दौरा पड़ने से प्रीतिश नंदी का निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** पत्रकार से निर्देशक बने प्रीतिश नंदी का बुधवार को मुंबई में उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इस खबर की पुष्टि दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने की। अभिनेता खेर ने अपने 'एक्स' पर दिवंगत निर्देशक की याद में एक नोट साझा किया और दशकों पुरानी दो मोनोक्रोमैटिक तस्वीरें साझा की। प्रीतीश नंदी का जन्म बिहार के भागलपुर में एक बंगाली परिवार में हुआ था। वह एक बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। वह एक चित्रकार, कवि और प्रोड्यूसर भी थे।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# पलामू सहित 11 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट

### झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बुधवार को राजधानी रांची में सुबह में कोहरा छाया रहा। बाद में धीरे-धीरे कोहरा छंटा। इधर, राज्य के 11 जिलों में गुरुवार (09 जनवरी) के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले शामिल हैं। इन जिलों में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। इसके बाद अगले दो से तीन दिनों में इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान मेदिनीनगर (डालटनगंज) में हल्के दर्जे की बारिश हुई। यहां नौ और दस जनवरी को कोहरा छाया रहेगा, जबकि 11 से 14 जनवरी तक कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है।



रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह, जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में मेदिनीनगर (डालटनगंज) का अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेंटीग्रेड लातेहार में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 29.4 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य के एक स्थान डालटनगंज में बहुत हल्के दर्जे की वर्षा हुई। राज्य में कहीं-कहीं पर हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा भी देखा गया।

## रामगढ़ के गोला में भीषण सड़क हादसा

# तीन स्कूली बच्चों व ऑटो चालक की मौत

- कई स्कूली बच्चे घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए गए
- कक्षा 8 तक की छुट्टी के आदेश के बावजूद स्कूल खोला गया
- रामगढ़ डीसी के निर्देश पर गुडविल मिशन स्कूल पर प्राथमिकी

**नवीन मेल डेस्क**

**रामगढ़।** गोला के मठवाटांड़ में बुधवार को स्कूली बच्चों से भरे एक ऑटो को एलपी ट्रक (डब्ल्यूबी 33डी 7015) ने टक्कर मार दी। इस घटना में असंतुलित होकर ट्रक भी पलट गया। इस दुर्घटना में तीन स्कूली बच्चे और ऑटो ड्राइवर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में 12 स्कूली बच्चे भी घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चे सरलाकला, कोरांबे, सोसोकला और पतरातु गांव के रहने वाले बताए जाते हैं। मृत ऑटो चालक संग्रामपुर का निवासी था।

दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला ले जाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक ममता देवी, रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, गोला अंचल अधिकारी समरेश भंडारी वहां पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा ठंड के कारण कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल 13 जनवरी तक बंद किए जाने के बावजूद गुडविल मिशन स्कूल खुला था। न केवल प्रशासन के आदेश की अवहेलना कर स्कूल खोला गया था, बल्कि असुरक्षित वाहन से बच्चे स्कूल जा रहे थे। रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर गोला थाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के बयान पर गुडविल मिशन स्कूल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्यालय के प्रबंधक और प्राचार्य के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया गया कि आलू लदा एलपी ट्रक बोकारो से गोला जा रहा था। वहीं, ऑटो स्कूली बच्चों को लेकर जा रहा था। तिरला मोड़ पर ऑटो जैसे ही **शेष पेज 11 पर**



### उग्र ग्रामीणों ने ट्रक ड्राइवर को पीटा, हालत नाजुक

**रामगढ़।** जिले के गोला प्रखंड में हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही वहां पहुंचे परिजनों के चीत्कार से पूरा वातावरण गूंज उठा। कोई अपने बच्चों के शव को लेकर छाती पीट रहा था, तो कोई घायल बच्चे को इलाज करने के लिए दौड़ रहा था। ग्रामीण इतने गुस्से में थे कि उन्होंने ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर पीटा। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है। लोगों का गुस्सा इतना अधिक था कि उन लोगों ने उस ट्रक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसने तीन मासूम बच्चों की जान ले ली।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रकट की संवेदना



**रांची।** रामगढ़ जिले के गोला में हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर से वैन चालक एवं 3 बच्चों के निधन की दुःखद खबर से मर्माहत हूं। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

## भारत स्काउट और गाइड की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपये का सिक्का जारी





### - भारत सरकार का ऐतिहासिक निर्णय, स्काउटिंग को मिलेगा प्रोत्साहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय ने भारत स्काउट और गाइड के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में 75 रुपये का विशेष सिक्का जारी करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सरकार ने गजट अधिसूचना जारी कर दी है। यह कदम स्काउट और गाइड सदस्यों के लिए गर्व और उत्साह का प्रतीक है। राज्य संगठन आयुक्त अमोद कुमार सिंह ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय स्काउटिंग और गाइडिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने बताया कि स्काउट और गाइड 1907 में शुरू हुआ और भारत में इसकी शुरूआत 1909 में हुई। 1950 में तीन अलग-अलग स्काउटिंग संगठनों को मिलाकर इसका नाम भारत स्काउट और गाइड रखा गया।

इस निर्णय पूरे झारखंड में खुशी की लहर है। राज्य और देशभर के स्काउट गाइड सदस्य, शिक्षक, और पदाधिकारी इसे एक बड़ी उपलब्धि मानते हैं। सिंह ने भारत सरकार और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'यह निर्णय भारत स्काउट और गाइड के उज्ज्वल भविष्य को दशार्ता है। 75वें वर्ष पर जारी यह सिक्का इस संगठन के लिए एक गौरवशाली क्षण है।' भारत स्काउट और गाइड की स्थापना 7 नवंबर 1950 को हुई थी। अब यह अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, जो संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



### आज | कल




## मोरशेरवा पहाड़ी पर खुदाई में मिली प्राचीन मूर्तियां, देखने के लिए उमड़ी भारी भीड़

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** चतरा जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह स्थित मोरशेरवा पहाड़ी पर बुधवार को यज्ञ मंडप निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई के दौरान प्राचीन मूर्तियां, घंटा और दीपक मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। कार्य में लगे लोग जमीन के नीचे दबे इन अवशेषों को देखकर आश्चर्यचकित हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहाड़ी पर उमड़ पड़े। खुदाई के दौरान माता पार्वती की प्राचीन मूर्ति, एक बड़ा घंटा और एक दीपक सहित अन्य वस्तुएं मिलीं। इन अवशेषों को प्राचीन काल का बताया जा रहा है, और अनुमान है कि ये लगभग 100 से 200 वर्ष पुराने हो सकते हैं।



मोरशेरवा पहाड़ी पर दो मई 2025 से आयोजित होने वाले यज्ञ के लिए यज्ञ मंडप का निर्माण किया जा रहा था। खुदाई में पहले एक दीपक मिला, उसके बाद एक घंटा और फिर माता पार्वती की प्रतिमा प्राप्त हुई। दुर्लभ मूर्तियों को देखने के लिए महिला-पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में पहाड़ी पर पहुंच रहे हैं। घटना से क्षेत्र में उत्साह और कौतूहल का माहौल है। ग्रामीण इसे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की खोज मान रहे हैं।

### महाकुंभ में आएंगी देश-विदेश की महिला उद्योगपति

## एप्पल की मालकिन लॉरेन जॉब्स पौष पूर्णिमा पर लगाएंगी संगम में डुबकी

### - सुधा मूर्ति, सावित्री देवी जिंदल, हेमामालिनी भी करेंगी संगम स्नान व प्रवास

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** इस वर्ष महाकुंभ में देश-विदेश के तमाम फिल्मी, राजनीतिक व उद्योगपति श्रद्धालु तीर्थयात्री भी गंगा-यमुना व अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाएंगे और रेती पर बने अपने गुरुओं के कॉटेज में रहेंगे। इसके लिए संगम की रेती पर अति महंगे महाराजा डीलक्स, अत्याधुनिक सुविधाओं वाले कॉटेज लगाए जा रहे हैं। महाकुंभ में आने वाले उद्योगपतियों में अमेरिकी टेक कंपनी एप्पल की मालकिन लॉरेन पॉवेल जॉब्स भी शामिल हैं, जो महाकुंभ के शुभारंभ के दिन आएंगी। पौष पूर्णिमा पर प्रथम डुबकी लगाने के साथ संगम की रेती पर कल्पवास भी करेंगी। उनके ठहरने की व्यवस्था निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद के शिविर में की गई है। वह 29 जनवरी तक उनके शिविर में रहकर सनातन धर्म को समझेंगी। वह कैलाशानंद के शिविर में 19 जनवरी से शुरू हो रही कथा की पहली यजमान भी होंगी। लॉरेन पॉवेल जॉब्स एप्पल के सह संस्थापक स्टीव जॉब्स के निधन के बाद विरासत में मिली 25 बिलियन डॉलर की संपत्ति की मालकिन हैं। भारतीय टेक कंपनी इंफोसिस फाउंडेशन के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी व भाजपा की राज्यसभा सदस्य सुधा मूर्ति भी महाकुंभ में डुबकी लगाएंगी। सुधा मूर्ति के लिए किला के पास कॉटेज तैयार किया जा रहा है। वह भी रेती पर प्रवास कर महाकुंभ की संस्कृति को समझेंगी। भारत के ओपी जिंदल समूह की मालकिन सावित्री देवी जिंदल भी महाकुंभ में आ रही हैं। ये स्वामी अवधेशानंद व चिदानंद मुनि के शिविरों में अधुनातन काटेज में रहेंगी। जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद के शिविर में एक कॉटेज में भाजपा सांसद व फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी भी रहेंगी। कई राज्यों के सत्ताधारी नेता सपत्निक आने वाले हैं । विपक्षी पार्टी, अन्य तमाम राजनीतिक दलों के नेता भी आने वाले हैं।

## इंडिया | जाड़े में ही नहीं, सदियों से रहा है सवाल नमक का और जीवन का



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत ही नहीं पुराने भारत यानी भारतीय उपप्रायद्वीप श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल,म्यामार,बांग्लादेश जैसे देशों में नमक का बड़ा महत्व सदियों से है और आज भी बहुत से लोग सभी के घर नमक नहीं खाना चाहते क्योंकि इसके बाद नमक का हक अदा करना पड़ता है। एक प्राचीन विदेशी लोककथा में तो एक राजकुमारी को अपने पिता से अधिक नमक को जरूरी बताया गया है। उपवास के बाद या नमक के बिना भोजन करने वाले इसका महत्व समझते हैं । विज्ञान की बात करें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर के लगभग 188 करोड़ लोगों के भोजन में पर्याप्त आयोडीन शामिल नहीं रह रहा है। इनमें 24.1 करोड़ स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। इन सभी लोगों को आयोडीन डेफिशिएंसी डिसऑर्डर का खतरा है। इसके कारण घेंघा और हाइपोथायरॉइडिज्म जैसी समस्याएं हो सकती हैं।भारत के नमक आयुक्त कार्यालय के अनुसार देश के लगभग 20 करोड़ से ज्यादा लोगों को आयोडीन डेफिशिएंसी डिसऑर्डर का खतरा है। 7 करोड़ से ज्यादा लोग घेंघा से और आयोडीन की कमी से होने वाले अन्य डिसऑर्डर से जूझ रहे हैं।उल्लेखनीय है कि जिनमें झारखंड का ग्रामीण अंचल भी शामिल है ।आयोडीन वैसे तो ऐसा मिनरल जो शरीर को बहुत कम मात्रा में चाहिए। इसके बावजूद यह हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। आयोडीन की कमी होने पर आयोडिन कम का जोखिम बढ़ सकता है। ऐसा होने पर शरीर मूड स्विंग्स और चिड़चिड़ाहट जैसे इशारे करता है। इन्हें पहचानना जरूरी है।कई बार तो हमें पता तक नहीं होता कि हमारे अंदर चिड़चिड़ाहट का कारण आयोडिन युक्त नमक की कमी है ।वैसे तो जाड़े के मौसम का आयोडीन की कमी से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इस मौसम में आयोडीन की कमी से होने वाली बीमारियों के लक्षण बढ़ सकते हैं। असल में ठंड बढ़ने पर थायरॉइड ग्लैंड के फंक्शन पर असर पड़ता है, जिसके कारण घेंघा के लक्षण गंभीर हो सकते हैं। एंडोक्रोनोलॉजिस्ट बताते हैं कि हमारा शरीर हर मुश्किल में मदद के लिए कुछ इशारे करता है। कई बार हम इन्हें पहचान नहीं पाते हैं या फिर ये इतने मिलते जुलते लक्षण होते हैं कि हम भ्रमित होकर इन्हें सामान्य बात समझ लेते हैं। ऐसे मामलों में समस्या बड़ा रूप ले लेती है। फिर इलाज में ज्यादा मुश्किल होती है।अगर आंखों और चेहरे पर सूजन हो गई है और कई दिन बीतने पर भी खत्म नहीं हो रही है तो इसका मतलब हो सकता




है कि आयोडीन की कमी के कारण थायरॉइड को अपने कामकाज में मुश्किल हो रही है। आयोडीन का लेवल कम होने से शरीर का फ्लूइड बैलेंस बिगड़ जाता है। इससे आंखों और चेहरे पर सूजन हो जाती है। अगर अक्सर गला बैठ जाता है या गले में गांठ सी दिखने लगती है तो ये घेंघा के लक्षण हो सकते हैं। इसमें थायरॉइड ग्लैंड में सूजन हो जाती है, जो गांठ की तरह दिखती है और आवाज बदल जाती है। यह आयोडीन की कमी का इशारा है। डॉक्टर से तुरंत कंसल्ट करें। वैसे हर गला खराब होने से घबराना नहीं चाहिए क्योंकि ठंढ में गला बैठ जाता है पर लंबे समय तक ऐसा तो जांच करानी चाहिए ।अगर अक्सर लगे कि आपकी हृदय की धड़कन कम हो रही है तो यह आयोडीन की कमी के कारण हो सकता है। हार्ट बीट नियमित करने में थायरॉइड ग्लैंड का बड़ा रोल होता है। अगर आयोडीन की कमी से थायरॉइड ग्लैंड प्रभावित होगी तो उसका असर हार्ट बीट पर भी पड़ेगा। ऐसे लक्षण दिखने पर डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। अगर अचानक बैठे-बैठे हाथ-पैर में झुनझुनी होने लगती है या ये सुन्न हो जाते हैं तो यह आयोडीन की कमी के कारण हो सकता है। असल में थायरॉइड हॉर्मोन कम होने के कारण नसों पर असर पड़ता है और झुनझुनी जैसे लक्षण दिखते हैं। अगर अचानक बैठे-बैठे हाथ-पैर में झुनझुनी होने लगती है या ये सुन्न हो जाते हैं तो यह आयोडीन की कमी के कारण हो सकता है। असल में थायरॉइड हॉर्मोन कम होने के कारण नर्व फंक्शनिंग कमजोर हो जाती है। इसलिए झुनझुनी जैसे लक्षण दिखते हैं। ऐसा होने पर डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए । आयोडीन की कमी के कारण महिलाओं के पीरियड्स में अनियमितता हो सकती है। अगर भोजन में लगातार आयोडीन की कमी है तो शरीर पर्याप्त थायरॉइड हॉर्मोन नहीं बना सकता है। इसके कारण कई शारीरिक अनियमितताएं हो सकती हैं । खासतौर पर प्रेग्नेंसी के दौरान गंभीर जोखिम पैदा हो सकते हैं।

## आंगनबाड़ी सेविका पर पक्षपात का आरोप, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### सहायिका चयन में नियमों के उल्लंघन का आरोप, जांच की मांग



**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के बड़हीबीघा खेरगंजवा गांव के ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी सेविका के खिलाफ प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सेविका ने अपनी पुत्रवधू को सहायिका के पद पर चयनित करवा दिया है, जबकि वह इस पोषक क्षेत्र की निवासी नहीं है। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (प्रभारी) अरुण मुंडा और उपायुक्त को आवेदन सौंपा। मंगलवार को खेरगंजवा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका बहाली प्रक्रिया आयोजित की गई थी, जिसमें बड़हीबिगहा की रहने वाली अंजलि कुमारी का चयन केंद्र संख्या 3 के लिए किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि नियमों के अनुसार आवेदक को उसी वार्ड और पोषक क्षेत्र का निवासी होना चाहिए। मुखिया दूधनाथ यादव ने बताया कि चयनित आवेदिका पोषक क्षेत्र की निवासी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि सेविका रूपा देवी से सर्वे की रजिस्टर्ड सूची मांगी गई, लेकिन उन्होंने दिखाने से इनकार कर दिया।

इस मामले में बीडीओ ने ग्रामीणों के आरोपों को बेबुनियाद बताया। वहीं, सेविका रूपा देवी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच और नियमों के पालन की मांग की है।

## एक नजर

### ट्रेन से कट कर अज्ञात व्यक्ति घायल



**हैदरनगर।** बीडी रेलखंड के हैदरनगर रेलवे स्टेशन के समीप बुधवार की शाम ट्रेन के धक्के से एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया है। इस अचेत अवस्था में ग्रामीणों ने तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर पहुंचाया। वहां प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया है। समाचार लिखे जाने घायल की पहचान नहीं होने से परिजनों तक सूचना देना भी मुश्किल हो रहा है।

### कुकही में फैला चेचक, स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने किया दौरा

# झाड़-फूंक पर विश्ववास नहीं करें ग्रामीण: डॉ. ज्योतिष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंर्तगत कुकही पंचायत सहित आसपास के घरों में चेचक फैलने की सूचना मिली है। जानकारी मिलते ही अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने इस गांव का भ्रमण कर बुधवार को ग्रामीणों सहित पीड़ित परिजनों से जानकारी ली है। उन्होंने बताया कि दर्जनों ग्रामीणों के घर में इस रोग का प्रकोप मिला है। जिसमें अधिकतर बच्चे हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों व आसपास के ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि घरों सहित आस पास गंदगी की भरमार



नहीं नहीं रहने दें। इसके लिए मरीजों सहित घरों की साफ सफाई व पूरी स्वच्छता रखना जरुरी है। उन्होंने कहा कि इस गांव की स्थिति सामान्य और काबू में है। इस टीम में शामिल डब्ल्यूएचओ के प्रभारी ज्योति कुमार ने कहा कि इससे घबराने की जरुरत नहीं है। उन्हें किसी भी भ्रम और झाड़फूंक के चक्कर में नहीं पड़ने की हिदायत देते हुए कहा कि इसका प्रकोप मिलने पर उन्हें तत्काल स्थानीय स्वास्थ्य सहिया को देने और नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर रोगी को ले जाकर समुचित इलाज कराने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में उनके अलावा एएनएम प्रभावती देवी, एमपीडब्ल्यू राजेश कुमार व बिमलेश कुमार, लैब टेक्नीशियन मो. शकील, फार्मासिस्ट नवीन किशोर, ड्रेसर अमरकांत, प्रमोद सिंह व सिपाही राम सहित अन्य कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

# सर्द मौसम के कई दिनों बाद खिली धूप, मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** हाल के कई दिनों के बाद बुधवार को खिली धूप निकली। इससे अब तक की कंपाने वाली ठंड से लोगों को राहत मिली। हालांकि दक्षिणी हवाओं से सर्द मौसम का एहसास होता रहा। मगर वैसा नहीं जैसा कि पहली जनवरी से मंगलवार तक महसूस किया जाता रहा था। मौसम के साफ रहने के कारण लोगों ने घरों से बाहर निकल कर खिली धूप का खुलकर सेवन किया। भ्रमण और खरीदारी को लेकर हाट-बाजार में भी चहलपहल देखा गया। जहां मौसम की बेरुखी की वजह से अबतक कम लोगों को ही देखा जाता था। इससे कई दिनों से रोजगार व्यापार पर पड़ी मंदी की मार का प्रभाव कम हो गया बताया गया। किसानों ने खिली धूप को फसलों के लिए फायदेमंद और मवेशियों के लिए भी राहत भरा बताया।

### समाज सेवी ने की अलाव की व्यवस्था

**नावाबाजार पलामू** बढ़ती ठंड से राहत देने को लेकर युवा समाज सेवी विकेश पांडेय द्वारा राजहारा पंडवा मोड़ चौक पर अलाव की व्यवस्था की है। वहां स्थानीय लोग सहित आते जाते यात्री भी ठंढ से निजात पा रहे हैं। अलाव का उद्घाटन व्यवसायी संघ के अध्यक्ष विकेश पांडेय ने किया। मौके पर विकेश पांडेय ने कहा कि स्वयं उनके द्वारा लकड़ी उपलब्ध करा अलाव की व्यवस्था की गई है। राहगीरों को ठंड से राहत देने को लेकर यह व्यवस्था की गई है, जो आगे भी जारी रहेगा। लकड़ियों की कमी नहीं होने दी जायेगी। मौके पर दिलीप तिवारी, दिनेश पांडेय उर्फ मुन्ना, मंटू गुप्ता, जगदीश सिंह व अन्य राहगीर मौजूद थे।

# बीडीओ ने की अबुआ, पीएम आवास व मनरेगा की समीक्षा, धीमी कार्य पर नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में बुधवार की दोपहर विभिन्न पंचायतों में मनरेगा, अबुआ आवास व पीएम आवास कार्य में धीमी गति में तेजी लाने को लेकर समीक्षा बैठक बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने की। अवास कॉर्डिनेटर मो. आवेदीन अंसारी विभिन्न पंचायतों में अब तक लंबित कुल 358 योजनाओं का क्रियान्वयन लंबित और अधूरा रहने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बिना जियो टैग के स्वीकृत योजनाओं की राशि भुगतान कराने में परेशानी आ रही है। वहीं परता पंचायत के मुखिया कमल कुमार पासवान ने 8 कूप निर्माण के लिये पांच फीट गहराई खुदाई किये जाने के बावजूद लाभुक को पैसा भुगतान नहीं किये जाने का मामला उठाया। मुखिया संतोष कुमार सिंह, सुदर्शन राम व जितेन्द्र सिंह ने संबधित पंचायत में आवास निर्माण में आने वाली अड़चनों को रख इसके निदान कराने की मांग की। वहीं मुखिया व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सज्जू खान, बाबू भाई, विरेन्द्र मेहता आदि ने मनरेगा से कई कार्य किये जाने के बाद भुगतान लंबित रहने की शिकायत की। सभी पंचायतों के प्रतिनिधियों से अद्यतन जानकारी लेने के बाद प्रत्येक प्ंचायतों में विभिन्न योजनाओं के त्वरित कार्यान्वित कराने व सभी कार्यों में तेजी लाने के लिये नक्ष्य निर्धारित किया है। बैठक में मनरेगा के सहायक अभियंता आनंद प्रकाश, कनीय अभियंता जनेश कुमार व वृजलाल कुमार यादव सहित सभी पंचायत व रोजगार सेवक शामिल थे।

# अंचल में म्यूटेशन के 393 मामला लंबित




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज संबंधित करीब 393 मामले लंबित हैं। अभी म्यूटेशन व अन्य जमीन संबंधित सभी कार्य का निपटारा किया जा रहा है। सीओ पंकज कुमार ने बताया कि झारनेट की गड़बड़ी व सर्वर खराब रहने के कारण थोड़ी परेशानी होती हैं। परंतु जो भी म्यूटेशन का मामला लंबित है। वह एक माह के अंदर का हैं। मालूम हो कि दाखिल खारिज, जमीन सीमांकन आदि का काम झारनेट के माध्यम से ही होता है।इसलिए लोगों की परेशानी हो रही हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने बताया कि उनके पहले एक हजार से अधिक मामले लंबित थे। परंतु अब मात्र 393 मामले ही लंबित है। उसका भी निष्पादन शीघ्र कर दिया जाएगा।बीरेंद्र मेहता ने बताया कि कर्मचारी की लापरवाही से म्यूटेशन के लिए दिये गए कागजात भूल जाने के कारण तीन माह बाद भी नहीं हो पाया है। फिर पुनः कागजात देने की बात कही है।

# ऑनलाइन अटल एटीपी के दूसरे दिन सौर ऊर्जा और औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** क्लीन एनर्जी और पर्यावरणीय स्थिरता (सीइएस-2025) विषय पर आयोजित एआईसीटीई अटल प्रायोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दूसरे दिन का आयोजन गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज पलामू के मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। इसमें सौर ऊर्जा और औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए। यह कार्यक्रम में देश भर से 450 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रोग्राम को पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। समन्वयक डॉ. अभिषेक शर्मा,डॉ. मुरली मनोहर हैं। वक्ता के रूप में प्रो. आदर्श कुमार पांडेय, सनवे यूनिवर्सिटी मलेशिया ने भाग लिया। विभिन्न ऊर्जा मांगों के लिए ड्यूल फेज चेंज मटेरियल्स के साथ सोलर थर्मल कलेक्टर्स की संभावनाएं पर




सोलर थर्मल कलेक्टर्स को ड्यूल फेज चेंज मटेरियल्स के साथ एकीकृत करने की संभावनाओं पर सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह अभिनव तरीका कैसे विभिन्न ऊर्जा आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा कर सकता है और पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता को कम कर सकता है। योगेश पंचेश्वर, हेड ऑफ मेंटेनेंस, टाटा स्टील, ने उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण में कमी एवं टिकाउ औद्योगिक प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित किया। जिसमें औद्योगिक संचालन में उत्सर्जन और प्रदूषण को कम करने के लिए उन्नत रणनीतियों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने टाटा स्टील की पहलों से वास्तविक जीवन के केस स्टडी साझा किए। एफडीपी जो 6 जनवरी 2025 से शुरू होकर 11 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। जिसमें और भी विशेषज्ञ व्याख्यान और संवादात्मक चर्चा की जाएगी। जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को वैश्विक ऊर्जा और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

# अजाप्टा ने रजत जयंती पर सम्मान समारोह आयोजित की

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 2000 में नियुक्त शिक्षकों का 25 वर्ष पूरी होने पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ हुसैनाबाद द्वारा राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर मेहता ,सुरेंद्र कुमार सिंह द्वय निवर्तमान निकासी व्यन पदाधिकारी व सुनील कुमार निकासी व्यन पदाधिकारी हुसैनाबाद हैदरनगर थे। 2000 के नियुक्त शिक्षकों को गुलाब का फूल, बुके देकर सम्मानित किया गया। 25 वां वर्ष का केक काटा गया। इसके बाद 1994 के नियुक्त शिक्षकों द्वारा इन्हें उत्कृष्ट कोटि का पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक अंगद प्रसाद ने स्वरचित पुस्तक 'झारखंड में बौद्ध विरासत' नामक पुस्तक भेंट की। शानदार 25 साल सेवा पूरी करने वालों में निर्मल कुमार प्रखंड सचिव,महेंद्र प्रसाद, धुरेंद्र कुमार, दिवाकर प्रसाद, योगेंद्र पासवान, परमानंद प्रियदर्शी, विजय चौधरी, बिहारी रजक, विजय राम व आशा कुमारी का नाम विशेष रुप से उल्लेखनीय है। सम्मानित होने वाले शिक्षक निर्बाध सेवा पूरी करने पर उत्साहित हो रहे थे। विभागीय नियमानुकूल ससमय प्रोन्नति नहीं मिलने पर इसका दर्द भी झलक रहा था और कहते हुए नहीं रोक पाये कि आज सेवानिवृत्ति के पादान पर पहुंच चुके हैं। शिष्य लिपिक से ऑफिसर के पंक्ति में है। गर्व तो है लेकिन सीने में असहनीय दर्द भी है कि कल जहां थे, आज भी वहीं हैं मतलब एक ही वेतनमान। विभाग कितना निष्ठुर व असंवेदनशील है जो वैधानिकता के साथ मानवीय मूल्यों को भी तार कर रही है। पहले 1994 के नियुक्त शिक्षकों को आभार जताया। साथ ही कहा कि नियुक्ति के समय हम सब पेड़ के नीचे पढ़ाते थे। बिल्डिंग बन गयी। पढ़ाये हुये बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे पद पर सेवा दे रहे हैं। लेकिन हम सब आज वहीं हैं, और आगामी चंद वर्षों में अवकाश ग्रहण भी कर जायेंगे। वक्ताओं में रामेश्वर मेहता, सुरेंद्र सिंह, सुनील कुमार, अंगद प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र राम,शंकर राम, विश्वनाथ प्रसाद, रविंद्र कुमार चौधरी, गिरिवर राम ,रंजीत कुमार, सुरेंद्र राम, अभिषेक शर्माअध्यक्ष सहायक अध्यापक संघ,रश्मि प्रकाश ,बीआरसी कर्मियों में सन्नी कुमार, विनोद राम प्रखंड साधन सेवी, कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने की।

# काली मंदिर व शिव चबूतरा सौंदर्यीकरण का काम अधूरा

### 4 साल की प्रतीक्षा के बाद कार्य पूरा होने की जगी थी उम्मीद

**गेट लगा न छत बना, रंगरोगन भी नहीं, श्रद्धालुओं ने जताई नाराजगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे प्लेटफॉर्म निर्माण की जद में आए काली मंदिर और शिव चबूतरे के सौंदर्यीकरण का कार्य 4 साल की प्रतीक्षा के बाद शुरू तो कराया गया। लेकिन आधा-अधूरा ही छोड़ दिया गया है। इसे लेकर श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए अक्टूबर 2021 में स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से डीडीयू मंडल के डीआरएम को ज्ञापन भिजवाया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए डीआरएम ने थर्ड लाइन विस्तारीकरण, स्टेशन भवन व प्लेटफॉर्म निर्माण में लगी आरवीएनएल को इस दिशा में काम करने का निर्देश तभी दिया था। जिसके आलोक में आरवीएनएल के अधिकारियों ने मंदिर स्थल पर पहुंचकर कार्य कराने के प्रति लोगों को आश्वस्त किया था। बावजूद इसके करीब 4 साल तक इसके लिए प्रतीक्षा करनी पड़ी। जबकि इस बीच थर्ड लाइन के विस्तारीकरण के साथ ही आधुनिक स्टेशन भवन और प्लेटफॉर्म का निर्माण पूरा कर दिया गया था।



#### श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र, पूरी होती है मांगी मुराद

धर्म प्रेमी रामजन्म राम ने बताया कि प्लेटफॉर्म निर्माण के कारण इन धर्म स्थलों के गहराई में पड़ जाने से खासकर, बारिश के मौसम में कीचड़ फैल जाती थी। इससे पूजा-अर्चना करने में श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। जोखिम उठाने की नौबत आ गई थी। जबकि दशकों से आसपास के लोगों की अटूट आस्था और विश्वास का केंद्र काली मंदिर शिव चबूतरा है। यहां मांगी हर किसी की मुराद पूरी होती है। मगर सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने के बाद इसे आधा-अधूरा छोड़ देने से श्रद्धालुओं की भावना आहत हुई है।

#### धर्म प्रेमी महिला मंदिर का कराती रही हैं रंगरोगन

आस्था के इस महत्वपूर्ण केंद्र की दीपावली और काली पूजा से पहले करीब 5 सालों से धर्म प्रेमी महिला रेणु देवी और उनके पुत्र निजी खर्च से रंगरोगन कराते रहे हैं। धर्मप्रेमी हीरा लाल शर्मा, गौरीशंकर सिंह, द्वारिका प्रसाद, नंदू राम, भिखारी राजवंशी, शंकर गुप्ता, जगत लाल, शिवलाल प्रसाद (पुजारी) सहित अन्य कई लोगों ने डीआरएम और आरवीएनएल के अधिकारियों से काली मंदिर और शिव चबूतरे के आधे-अधूरे काम को पूरा कराकर उनकी भावना का सम्मान करने का आग्रह किया है।

# स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव तीन साल बाद भी धरातल पर नहीं उतरा

**सिंचाई विभाग खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण का भेजा गया है प्रस्ताव**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय सिंचाई विभाग के मैदान में स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव तीन साल बाद भी धरातल पर नहीं उतर सका है। जबकि उपायुक्त के स्तर से सरकार के संयुक्त सचिव पर्यटन, कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को इस मैदान पर स्टेडियम निर्माण को लेकर भूमि विवरणी सहित 5 मार्च 2022 को पत्रांक 87 के माध्यम से प्रसंगाधीन पत्रांक 99 दिनांक 28 जनवरी 2022 के आलोक में समर्पित किया गया है। ऐसी स्थिति में स्टेडियम निर्माण के प्रति नाउम्मीदी को लेकर लोगों में निराशा व्याप्त है।



#### 2.63 एकड़ में फैला है खेल मैदान

स्थानीय सिंचाई विभाग का खेल मैदान खाता 520 और प्लॉट संख्या 1286 में रकबा 2.63 एकड़ में फैला हुआ है। जिसका राज्य सरकार के पोटो हो खेल मैदान योजना के तहत भी रखरखाव किया गया है। वैसे भी इस खेल मैदान की समतल रूप में सदा से अलग पहचान रही है। नदियों और जंगलों-पहाड़ों के मध्य स्थित यह खेल मैदान आबोहवा के लिहाज से खिलाड़ियों के स्वास्थ्य के लिए अनुकूल बताया जाता है। खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास और सेना व पुलिस बहाली के लिए दौड़ लगाने की वजह से यह खेल मैदान सदैव गुलजार रहता है। जो क्रिकेट के साथ ही खासकर, फुटबॉल टूनामेंट को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों का पसंदीदा मैदान है। एक दशक से इस मैदान पर सद्भावना कप फुटबॉल टूनामेंट होता रहा है। एक साल अंतर जिला महिला फुटबॉल टूनामेंट का भी आयोजन किया गया था। खिलाड़ी बताते हैं कि जिले के गिने-चुने खेल मैदानों में इसका भी विशेष महत्व है। जिसके एक किनारे पर डीएमएफटी के तहत ओपेन जिम भी बनाया गया है। इसी मैदान के एक तरफ थाना और दुसरे तरफ प्रखंड मुख्यालय भी अवस्थित हैं।ऐसी स्थिति में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी यह मैदान अनुकूल है। ऐसे में इस मैदान पर स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव को धरातल पर उतारने की जरूरी बताया गया है।

## बदहाली

### हैदरनगर पूर्वी का पंचायत सचिवालय अब भी अस्थाई भवन में संचालित

# पुराना पंचायत भवन बना खंडहर, नया सचिवालय निर्माण में देरी से ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के 12 पंचायतों में से एकमात्र हैदरनगर पूर्वी पंचायत का सचिवालय अब भी अस्थाई भवन में संचालित हो रहा है। मुखिया संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सन 1972 में निर्मित पंचायत भवन खंडहर बन चुका था। 22 जुलाई 2022 को इसकी मरम्मत और रंगरोगन के बाद सचिवालय का संचालन यहां शुरू किया गया। इसके पूर्व लगातार 10 साल तक स्थानीय मेन रोड स्थित मंजूर मार्केट के एक निजी कमरे में सचिवालय का कामकाज किया जाता रहा। उन्होंने बताया कि पुराने अस्थाई भवन में नियमित सचिवालय संचालन के लिए निजी खर्च पर चपरासी की नियुक्ति की गई है। यहां पंचायत और रोजगार सेवक अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्य करते हैं। हालांकि, पंचायत सेवकों की अनुपलब्धता के कारण जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में देरी हो रही है। मुखिया ने यह भी बताया कि नए पंचायत सचिवालय के लिए स्थान चिन्हित कर प्रशासन को रिपोर्ट सौंप दी गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे विकास योजनाओं का कार्य प्रभावित हो रहा है, और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### आधे से अधिक पंचायत सचिवालय नहीं खुलते हैं नियमित

**हुसैनाबाद** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के 22 पंचायत में 21 पंचायतों में पंचायत सचिवालय बना है। परंतु आधे से अधिक पंचायत सचिवालय मे नियमित पंचायत सचिव नहीं बैठते है। ग्रामीणों का कहना है कि 26 जनवरी व 15 अगस्त को झंडोत्तोलन के दिन ही खुलते हैं। या शिविर लगने के दिन ही खुलता है।लोटनिया पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह ने बताया कि वर्तमान में पंचायत सचिवालय का निर्माण किया जा रहा हैं। पहले एक कमरे में किसी तरह कार्य किया जाता हैं। सचिवालय बन जाने से नियमित रूप से कार्य किये जाएंगे ।देवरी खुर्द पंचायत की मुखिया ममता देवी ने बताया कि सप्ताह में दो दिन पंचायत सचिव को आने का समय निर्धारित किया गया है, परंतु ब्लॉक में कार्य की व्यस्तता के कारण नियमित नहीं आते है। वहीं बीडीओ सुनील वर्मा से संपर्क किया, परंतु उन्होंने अपना मोबाइल रिसीव नहीं किया।

# श्मशान घाट व विवादित भूमि का सीओ ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के ढेला गांव के विवादित श्मशान घाट का सीओ सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त जमीन पर हुए दाह संस्कार, बनाए गए श्मशान शेड, सड़क आदि की भौतिक जांच के साथ ही मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से संबंधित जमीन को लेकर पूछताछ की। बताते चले कि पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता के निर्देश व ग्रामीणों के मांग पर सीओ जांच करने पहुंचे थे। इस दौरान एक पक्ष के 70 वर्षीय उस्मान मियां ने भी 50 वर्षों से यहां दाह संस्कार होने की पुष्टि की है। मौके पर सीओ ने श्मशान घाट एवं विवादित भूमि पर किसी भी तरह का किसी भी पक्ष को काम नहीं करने का निर्देश दिया है। एक पक्ष द्वारा पूर्व में श्मशान घाट जाने वाले



रास्ते को काटे जाने पर आपत्ती जताई। कहा कि भविष्य में ऐसे करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करायी जायेगी। जो रास्ता बन चुका है उसे किसी भी परिस्थिति में अवरोध नहीं किया जाएगा। मौके पर सीओ ने कहा कि खाता संख्या 164 प्लॉट संख्या 366 का रकवा 11 एकड़ 84 डिसमिल है। इस प्लॉट से जुड़े जमाबंदी का सेटेलमेंट ऑफिस से सारी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उसके बाद ही जमीन का सीमांकन कराया जाएगा। मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों को जिस उद्देश्य से सरकार ने इस जमीन को बंदोबस्त किया है उससे हटकर यदि रैयत काम करते हैं। तो वे उनका बंदोबस्त रद्द करने के लिए भी लिखने का काम करेंगे। निरीक्षण के दौरान अंचल निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी, राजस्व कर्मचारी महेंद्र राम, अमीन शंकर कुमार, ग्रामीण मंदीप श्रीवास्तव, अजीत सिन्हा, जोखन भुइयां, रितेश वर्मा, प्रेम शंकर चंद्रवंशी, अंसारी, विजय कुमार रवि समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए थे।

# निगम ने आठ बड़े होल्डिंग टैक्स बकायदारों के भवनों को सील करने का आदेश दिया

● बार-बार नोटिस जारी करने के बावजूद टैक्स न भरने पर नगर निगम ने उठाया कड़ा कदम




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर निगम ने होल्डिंग टैक्स के बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। जिन आठ भवन मालिकों ने बार-बार नोटिस जारी होने के बावजूद टैक्स का भुगतान नहीं किया, उनके भवनों को सील किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। निगम द्वारा जारी आदेश के मुताबिक, बार-बार की नोटिस के बाद भी टैक्स का भुगतान न होने के कारण नगरपालिका अधिनियम की धारा 184(1) के तहत इन भवनों को सील किया जाएगा।

### सील किए जाने वाले प्रतिष्ठान

नगर निगम की सिटी मैनेजर शमिता भगत के अनुसार, शहर के 500 से अधिक दुकानदारों को होल्डिंग टैक्स जमा करने के लिए नोटिस भेजा गया है। जिन प्रतिष्ठानों ने अब तक टैक्स जमा नहीं किया, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### नोटिस प्राप्त बकायेदारों में प्रमुख नाम

नेहाल अहमद : 2,58,642 रुपये
अजय कुमार गुप्ता : 1,32,688 रुपये
रामदुलारी देवीः 1,08,701 रुपये
नजबीन बीवीः 98,776 रुपये
**सेल्फ असेसमेंट फॉर्म न भरने वाले प्रतिष्ठान :** दिनेश अग्रवाल और अन्य, प्रवीण दुबे, विनय साहू शांति देवी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तारण पर बैठक

– कम्बल वितरण पर भी हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव कुमार दास ने एक बैठक की। यह बैठक 8 मार्च 2025 को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी के तहत हुई। बैठक में एमए अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव और महासचिव अजय कुमार पांडेय ने भी भाग लिया।

पीडीजे ने कहा कि अधिक से अधिक पीड़ित परिवारों को लाभ पहुंचाने के लिए बार और बेंच को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

बैठक में बढ़ती ठंड को लेकर भी चर्चा हुई। अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने जरूरतमंद गरीबों के लिए कंबल वितरण की मांग की। इस पर पीडीजे ने आश्वासन दिया कि जल्द ही असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए जाएंगे।

# चैनपुर गैंगवार के मुख्य आरोपी की पत्नी व साला गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में हुई गैंगवॉर के मामले के मुख्य आरोपी किशोर पांडेय की पत्नी निशी पांडेय व साला निशांत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पुछताछ के बाद बुधवार को एमएमसीएच में मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

रविवार को गरदा गांव में पांडे गिरोह के बीच हुई गैंगवॉर में दो लोगों की हत्या हो गई और दो अन्य घायल हो गए थे। इस हत्याकांड में 11 नामजद आरोपी हैं, जिनमें रामगढ़ जिले के विकास तिवारी, आकाश तिवारी, विकास साहू, अमित साहू, सुभाष सिंह, अनिल यादव, सुनील धोबी, बबलू ठाकुर, संदीप ठाकुर समेत अन्य शामिल हैं।

पलामू पुलिस ने इस मामले में लगातार छापेमारी की और निशि पांडे और निशात पांडे को गिरफ्तार किया। एसआईटी टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पलामू भेजा, और इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात था।

चैनपुर थाना प्रभारी राम शर्मा ने बताया कि इस मामले में 11 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, और दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाकी आरोपियों और शूटर की तलाश जारी है।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी दर्जनों फरियादियों की समस्याएं

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन, और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। उपायुक्त ने जनता दरबार को नागरिकों के लिए अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बताया।

## शेख भिखारी के योगदान पर परिचर्चा आयोजित

**चैनपुर।** शहीद शेख भिखारी, 1857 के महान क्रांतिकारी, जिन्होंने झारखंड में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया, उनके योगदान पर बुधवार को रा. उर्दू उत्क्र. मध्य विद्यालय बीएमसी नेउरा में 'स्वतंत्रता आंदोलन में शेख भिखारी का योगदान' विषयक परिचर्चा का आयोजन किया। सहायक शिक्षिका रेणु कुमारी जायसवाल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि शेख भिखारी की फांसी के बावजूद उनकी वीरता और संघर्ष से क्रांतिकारियों को प्रेरणा मिलती रही। प्रधानाध्यापक एम.जे. अजहर ने शेख भिखारी के आंदोलन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि झारखंड के क्रांतिकारियों व शहीदों की कुबार्नी का सदैव सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से देश प्रेम की भावना को प्रगाढ़ करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अलकमा खातून, रेशमा कुमारी, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव और मुकेश कुमार ने परिचर्चा में भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन छात्रा सैबुन खातून ने किया।

## डीजल, सीएनजी व ई-रिक्शा ऑटो चालक महासंघ का स्वागत



**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश डीजल, सीएनजी, ई रिक्शा ऑटो चालक महासंघ के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव राकेश कुमार सिंह और पलामू जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे के पलामू आगमन पर मेदिनीनगर स्थित ऑटो स्टैंड में शानदार स्वागत किया गया। सैकड़ों ऑटो चालकों और समर्थकों ने ढोल, बाजा, नगाड़े के साथ फूलों की मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान 'ऑटो चालक जिंदाबाद', 'महासंघ जिंदाबाद', 'राकेश सिंह जिंदाबाद' और 'रामाकांत दुबे जिंदाबाद' के गगनभेदी नारे लगे। साथ ही, टेंपो स्टैंड का भ्रमण करते हुए यह विजय जुलूस छः मुहान, सादिक चौक, रेलवे स्टेशन रोड, कचहरी चौक, रेडमाचौक और जीएलए कॉलेज स्थित टेंपो स्टैंड से होते हुए पुनः टेंपो स्टैंड पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर राकेश कुमार सिंह ने कहा कि ऑटो चालकों की एकता और संघर्ष का ही परिणाम है कि उन्हें प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों के शोषण की मुक्ति उनकी प्राथमिकता है। रामाकांत दुबे ने भी अपने कृत संकल्प को दोहराते हुए कहा कि ऑटो चालकों के अधिकारों के लिए वे हरसंभव संघर्ष करेंगे।

## सोनू कुमार चौधरी होंगे हुसैनाबाद के नए थाना प्रभारी

**मेदिनीनगर।** पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने बुधवार को उंटारी रोड और हुसैनाबाद थाना में नए प्रभारियों की प्रतिनियुक्ति की है। हुसैनाबाद थाना का नया थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी होंगे, जो पूर्व में शहर थाना में कार्यरत थे। वहीं, उंटारी रोड थाना का नया थाना प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार दुबे को नियुक्त किया गया है, जो पहले नौडीहा बाजार थाना में तैनात थे। उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को अब पुलिस केंद्र में अपना योगदान देने के लिए स्थानांतरित किया गया है। पुलिस कप्तान ने दोनों नये थाना प्रभारियों को 24 घंटे के भीतर अपने नए कार्यस्थल पर योगदान देने के लिए आदेश दिए हैं।

# चैनपुर-नेउरा रोड का 4 करोड़ की लागत से होगा मरम्मत कार्य



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को चैनपुर-नेउरा रोड की दुर्दशा दिखाने के लिए स्थल का दौरा कराया। महापौर ने पहले ही इस मार्ग की खराब स्थिति की जानकारी मंत्री को दी थी।

मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि शहर के नजदीक इस तरह के मार्ग की दुर्दशा दुखद है। आसपास के लोगों और विशेष रूप से महिला मरीजों को इस सड़क के कारण काफी परेशानियां होती हैं। पूर्व महापौर अरुणा शंकर ने 10 दिन पूर्व इस समस्या से मुझे अवगत कराया था, जिसके बाद मैंने तत्काल एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। अब योजना स्वीकृत कर विभाग को भेज दी गई है। जल्द टेंडर प्रक्रिया के बाद इस सड़क का मरम्मत कार्य शुरू होगा।

मंत्री ने बताया कि इस मरम्मत कार्य पर लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह मार्ग अच्छे ढंग से मरम्मत किया जाएगा ताकि यातायात सुगम हो सके और धूल से राहत मिले। महापौर ने मौके पर दीनदयाल मार्ग को फिर से चालू करने का भी अनुरोध किया। मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही वहां का निरीक्षण कर उचित निर्णय लेंगे। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक और कई ग्रामीण उपस्थित थे। यह चैनपुर-सेमरा-नेवरा-सेमरा माइंस रोड है, जो मरम्मत के बाद चलने योग्य बनेगा। धूल की समस्या दूर होगी और फंड उपलब्ध होने पर निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय ने बीएड प्रशिक्षुओं को दी विदाई

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड स्थित रजवाडीह मध्य विद्यालय में प्रशिक्षणरत बीएड कालेज रजवाडीह के दो बीएड प्रशिक्षु अभिषेक कुमार तिवारी और अभय कुमार को विदाई दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने दोनों प्रशिक्षु शिक्षकों को प्रमाण पत्र, नोटबुक और कलम देकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि दोनों प्रशिक्षुओं ने सोलह सप्ताह का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया और उनकी सीखने की ललक प्रशंसा के योग्य रही। उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षुओं के संवाद और संप्रेषण कौशल विद्यार्थियों के अधिगम में सहायक रहे, और यह देखकर खुशी होती है कि वे शिक्षक के रूप में विकसित हो रहे हैं। विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पूनम रानी, विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने भी प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान दोनों प्रशिक्षु शिक्षकों ने विद्यालय परिवार द्वारा मिले सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

# मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस चौकी का उद्घाटन



### मरीजों और डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस बल तैनात

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद एमएमसीएच परिसर में अब 24 घंटे पुलिस बल तैनात रहेगा। तीन शिफ्ट में एक पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। रेड क्रॉस भवन में दो कमरों को फोर्स के लिए आरक्षित किया गया है।

**पर्याप्त सुरक्षा से ही संभव है विकास : मंत्री**

उद्घाटन के अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा के बिना विकास की परिकल्पना असंभव है। सुरक्षा की कमी के कारण मरीजों, उनके परिजनों और डॉक्टरों को असुरक्षा की भावना झेलनी पड़ती थी। उन्होंने बताया कि इस विषय में पलामू एसपी से चर्चा के बाद पुलिस आउटपोस्ट की स्थापना की गई है।

**एमएमसीएच को मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बदलने की योजना :** मंत्री ने बताया कि जल्द ही स्वास्थ्य सचिव एमएमसीएच का दौरा करेंगे। सचिव और हेल्थ विशेषज्ञों की टीम अस्पताल को मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में बदलने और मौजूदा त्रुटियों को दूर करने की योजना पर काम करेगी।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ. अनिल, एमएमसीएच प्रिंसिपल, सुपरीटेंडेंट, और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य खाद्य आयोग ने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की

– खाद्यान्न उठाव, वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राज्य खाद्य आयोग की सदस्य सह प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने बुधवार को स्थानीय परिसदन भवन में आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में आयोग कार्यालय से प्राप्त शिकायतों की प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। जनवरी 2025 के एनएफएसए के तहत खाद्यान्न आवंटन, वितरण और मार्च 2024 के ग्रीन राशनकार्ड धारकों के खाद्यान्न वितरण पर चर्चा की गई। सभी सहायक गोदाम प्रबंधकों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को गोदाम से खाद्यान्न उठाव और वितरण कार्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की दुकानों का औचक निरीक्षण और वितरण प्रक्रिया की विस्तृत जांच पर जोर दिया गया।

**ई-केवाईसी प्रक्रिया की समीक्षा :** समीक्षा के दौरान बताया गया कि 48% लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य पूरा हो चुका है। इसे 28 फरवरी 2024 तक शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया। वितरण कार्य के समय ई-केवाईसी न कर, दोपहर 1 बजे के बाद ई-केवाईसी का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**धान अधिप्राप्ति पर निर्देश :** धान अधिप्राप्ति के नोडल अधिकारी-सह-दंडाधिकारी को सभी केंद्रों का निरीक्षण, धान खरीद, भंडारण और राइस मिल द्वारा उठाव कार्य की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा अधीक्षक और सभी बीडीओ एवं बीएसओ उपस्थित रहे।

# सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी, राहगीरों को हो रही परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र अंतर्गत रेड़मा ओवरब्रिज के बगल में वर्षों से नाली का विस्तार न होने के कारण दूषित जल सड़क पर बह रहा है। इस जल में नाली का गंदा पानी और बरसात का पानी मिलकर सड़क पर फैलता जा रहा है, जिससे बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ जमा हो गए हैं। इसके चलते राहगीर गंदे रास्ते पर चलने को मजबूर हैं। राहगीरों का कहना है कि नाला न होने के कारण नाली का पानी सड़क पर बहता है, जिससे सड़क का रास्ता चलने लायक नहीं बचा। इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

यह रास्ता रेलवे स्टेशन जाने वालों के लिए मुख्य मार्ग है, और यहां से कोचिंग संस्थानों और छह मुहान की ओर जाने वाले पैदल यात्री भी आते-जाते हैं। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन से रेड़मा की तरफ आने वाले ऑटो यात्री भी इस गंदगी से जूझते हैं। गहरे गड्ढों के कारण साइकिल और बाइक से तो क्या, पैदल चलना भी कठिन हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले इस रास्ते में नाली का निकास था, लेकिन सड़क की मरम्मत के दौरान नाली टूट जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। नगर निगम से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की जा रही है, ताकि राहगीरों को आने-जाने में सुविधा हो सके।

## पलामू में कैथी भाषा लेखकारी की नियुक्ति की मांग

**मेदिनीनगर।** पलामू अभिलेखागार में विगत कई महीनों से कैथी भाषा लेखकारी का कार्य नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अभिलेखागार से खतियान की नकल निर्गत नहीं हो रही है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं और निबंधन में भी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिससे राज्य सरकार को भी राजस्व हानि हो रही है। इस मुद्दे को लेकर विकास दीप संस्था के सचिव ने प्रमंडलीय आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर कैथी भाषा लेखकारी के रूप में राजेश कुमार की नियुक्ति की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजेश कुमार पूर्व में अभिलेखागार में कैथी भाषा लेखकारी के तौर पर कार्यरत थे। उनके पुनः नियुक्ति से लंबित कार्यों का निष्पादन तेजी से होगा। ज्ञापन में अधिकारियों से मांग किया कि पुणे राजेश की नियुक्ति करने करें। ताकि कैथी भाषा पढ़ने में असुविधा न हो और काम सुचारू रूप से चल सके।

## वार्ड संख्या 30 में सुधार की आवश्यकता, निगम की योजनाओं का अभाव

# नल जल, साफ सफाई और आधारभूत सुविधाओं की मांग






नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 30 में रहने वाले लोग निगम द्वारा किए गए विकास कार्यों से संतुष्ट नहीं हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस वार्ड में सघन बस्ती होने के बावजूद कई समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। वार्ड में न तो पेयजलापूर्ति की उचित व्यवस्था है, और न ही नालियों की सफाई और सड़कों के निर्माण में कोई विशेष सुधार हुआ है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, कुछ हिस्सों में पहले जलापूर्ति की गई थी, लेकिन वह बाद में बंद हो गई। नालियां वर्षों पुरानी हैं और जर्जर हो चुकी हैं, वहीं पीसीसी सड़क भी एक दशक से अधिक पुरानी है और अब तक उसका निर्माण नहीं किया गया। वार्ड में सफाई की स्थिति भी निरंतर बिगड़ रही है और नालियों पर स्लैब न लगाए जाने के कारण गंदगी और बदबू फैल रही है।

वार्ड में पिछले तीन चुनावों में लगातार जीतने वाले प्रतिनिधि भोला प्रसाद ने भी सुधार की जरूरत की बात की है।

### स्थानीय निवासियों की राय

वार्ड के कुछ निवासी, जैसे जहांरा खातून और यासीन अख्तर, ने निगम से पेयजल आपूर्ति और नियमित सफाई की व्यवस्था की मांग की है। वहीं, प्रिंस कुमार ने खुली नालियों के कारण होने वाली गंदगी और दुर्गंध की समस्या पर चिंता जताई।

## रामगढ़ प्रखंड में भाजपा ने 5 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सदस्यता प्रवासी प्रभारी दुर्गा जौहरी मुख्य रूप से उपस्थित थे। दुर्गा जौहरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, और रामगढ़ प्रखंड में 5000 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने पार्टी के विस्तार और मजबूत संगठन निर्माण पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष शंभू राम, विष्णु सा, हीरा सा, जितेंद्र सोनी, प्रमोद प्रसाद, सीताराम यादव, राजेंद्र सिंह, विष्णु शाह, और रामेश्वर सिंह सहित कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन और जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया कि एक जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम 'परवाह' है, जो सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश देती है।

### यातायात नियमों का पालन बेहद जरूरी : उपायुक्त

उपायुक्त शशि रंजन ने वाहन चालकों से अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को संदेश दिया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें और पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा, 'जीवन मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है।'

डीटीओ जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर ऑडियो संदेश चलाए जाएंगे, जिनमें हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे बताए जाएंगे। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## सड़क सुरक्षा माहः पलामू पुलिस ने बाइक रैली के जरिए दिया जागरूकता संदेश



**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा माह-2025 के तहत पलामू पुलिस ने विशेष बाइक रैली का आयोजन किया। रैली को पुलिस अधीक्षक (एसपी) रीष्मा रमेशन और पुलिस उपाधीक्षक (एसडीपीओ) मणि भूषण ने मेदिनीनगर समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 1 से 31 जनवरी तक मनाया जा रहा है। रैली का उद्देश्य लोगों को हेलमेट पहनने, ट्रिपल लोडिंग न करने, सीट बेल्ट लगाने और ओवरस्पीडिंग से बचने जैसे यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। रैली में 50 बाइक सवारों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने हेलमेट पहनकर और यातायात नियमों का पालन कर जागरूकता का संदेश दिया। ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद के नेतृत्व में रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी। एसडीपीओ मणि भूषण ने जनता से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय कागजात साथ रखें, हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, और ट्रिपल लोडिंग व ओवरस्पीडिंग से बचें। पलामू पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करने की अपील की।

## एक नजर

### अलाव व कंबल वितरण की मांग

**मझिआंव।** समाज सेवी मारूत नंदन सोनी ने क्षेत्र में ठंड व शीतलहर को देखते हुए अलाव जलाने व कंबल वितरण करने की मांग है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत के सभी वार्डों में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कराने की आवश्यकता बताया है। साथ ही सभी चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था कराने की जरूरत बताया।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया

**खरौंधी।** पंचायत खरौंधी के वार्ड नंबर 4 में सर्दी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए वार्ड सदस्य सलेह खातून की ओर से असहाय, गरीब, वृद्ध, विकलांग और विधवा महिलाओं को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड सदस्य के पति जन्नत हुसैन ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से अपने निजी खर्चे पर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करते आ रहे हैं और इस सेवा को जारी रखने का संकल्प लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग किसी कारणवश कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए, उनके घरों तक कंबल भिजवा दिया जायेगा, ताकि कोई भी बुजुर्ग या जरूरतमंद इस सेवा से वंचित न रह सके।

### पूर्व मुखिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**खरौंधी।** अरंगी पंचायत की पूर्व मुखिया स्वर्गीय राधिका देवी की पुण्यतिथि पर बुधवार को उनके निवास स्थान पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि सभा किया गया। इस अवसर पर उनके पति डॉ. रामनाथ मेहता ने स्वर्गीय राधिका देवी को याद करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा करना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय राधिका देवी ने अपने जीवनकाल में हमेशा समाज सेवा और गरीबों की मदद को प्राथमिकता दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनकी स्मृति में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर डॉ. रामनाथ मेहता, संतोष मेहता, मनोज कुमार मेहता, हरिदास मेहता, राजकेश्वर मेहता, अच्छेवर मेहता, धर्मेंद्र मेहता, फजिहत अंसारी, राजकुमार बैथा, संजय मेहता, कंचन देवी, अनिता, संगीता देवी, रेखा देवी, सुषमा देवी, और विदावती देवी सहित अन्य मौजूद थे।

# वनोपज उत्पाद भंडारण व परिष्करण इकाई के लिए पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर सह अध्यक्ष सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड की अध्यक्षता में निदेशक पर्षद की बैठक समाहारणलय सभागार में हुई। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही को संपुष्ट करने, जिला सहकारी संघ के उप विधि के अनुसार बैंक खाता का संचालन करने, वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 तक का अंकेक्षण करने, वार्षिक आमसभा आहूत करने, निर्देशक परिषद की बैठक नियमित रूप से आहूत करने का निर्णय लिया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड गढ़वा के लिए हिस्सा पूंजी, जिला सहकारी संघ लि. गढ़वा के सदस्यता वृद्धि पर विचार, जिला सहकारी संघ के उपविधि की धारा 20(3) का अनुपालन करने, जिला सहकारी संघ गढ़वा के कार्यालय संचालन हेतु सहकारिता




प्रसार पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने का फैसला किया गया। इसके अलावा जिला सहकारी संघ के संचालन हेतु एक प्रोफेशनल मैन पावर (एमबीए), कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा संधारण के लिए वरीय अंकेक्षण पदाधिकारी को लेखा पदाधिकारी के रूप में नामित करने,जिला सहकारी संघ के लिए जीएसटी, पैन, टैन रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने का भी निर्देश दिया गया। जिला सहकारी संघ गढ़वा के लिए कार्यालय एवं राज्य सहकारी संघ से प्राप्त उत्सव का रख रखाव जिला सहकारी संघ गढ़वा के लिए कार्यालय एवं राज्य सहकारी संघ से प्राप्त उपस्करों का रख रखाव करने, जिला सहकारी संघ के माध्यम से वनोपज उत्पादों के भंडारण एवं परिष्करण इकाई हेतु जिला मुख्यालय केआस-पास पांच एकड़ जमीन की उपलब्धता कराने का निर्देश दिया गया। जिला सहकारी संघ के माध्यम से गढ़वा जिले में धान मिल अधिष्ठापन करने, विभिन्न प्रकार के परिष्करण इकाईयों में तेल मिल, दाल मिल, आटा मिल, महुआ परिष्करण इकाई, अन्य प्रस्तावों पर चर्चा, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. गढ़वा के कृषि एवं वनोपज हेतु कार्य योजना बनाने, सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लि. गढ़वा का वित्तीय वर्ष 2024-25 का स्थापना बजट तैयार करने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सक्षम पैक्सों, एमपीसीएस को सदस्य बनाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देश दिया। बैठक में डीएफओ अंशुमन राजहंस, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, सभी निर्वाचित निदेशक पर्षद, सभी नामित,निर्वाचित निदेशक समेत अन्य मौजूद थे।

### बिना कंक्रीट पोल लगाने की शिकायत



**श्री बंशीधर नगर।** कांग्रेस के जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता के नाम को आवेदन देकर एनएच 75 फोर लेन में बिजली विभाग द्वारा बिना कंक्रीट किए विद्युत पोल लगाने की शिकायत की है। आवेदन में उन्होंने कहा कि विद्युत पोल बिना कंक्रीट किए लगाय जा रहा है,जो किसी भी समय धाराशायी हो सकता है। इससे आम लोगों को जानमाल के नुकसान होने की संभावना हो सकती है।

## न्यूज बॉक्स

### पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम पहुंचे सुखड़ा आश्रम



**रमना।** अघोर पंथ के महान साधक अघोराचार्य बाबा कीना राम के उत्तराधिकारी क्रीं कुंड व अघोर शोध संस्थान वाराणसी के पीठाधीश्वर बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी मंगलवार की रात्री रमना के सुखड़ा नदी के पास बने आश्रम पहुंचे। बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के दर्शन एवं आशीर्वाद के लिए बुधवार को आश्रम में श्रद्धालू स्थानों से पहुंचे श्रद्धालु दर्शन पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। दर्शन के बाद आश्रम परिसर हर हर महादेव से गूंज उठा। सोनभद्र के माता अमिला धाम से पूजा-अर्चना कर आश्रम पहुंचे थे। बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी आश्रम में स्थापित सिद्ध पीठ की पूजा -अर्चना किए एवं दोपहर बाद वापस चले गये। इस अवसर पर पर संस्था के संगीता सिंह,रूबी सिंह,अरुण सिंह,बिपिन सिंह,प्रवीण कुमार सिंह,ललित कुमार सिंह,अरविंद कुमार सिंह,मंटू सिंह,रंजन सिंह,सोनू सिंह,सुनिश सिंह सहीत अन्य लोग उपस्थित थे।

### स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन



**भवनाथपुर।** आर्य प्रतिनिधी सभा ट्रस्ट द्वारा संचालित वैदिक ज्ञान पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत पंचायत के मुखिया बेबी देवी, प्रो. अनेश सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा नें दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में कक्षा शिशु से लेकर कक्षा आठ तक के सफल संचालन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। समिति में गुप्तेश्वर प्रसाद को अध्यक्ष, डॉ. स्कन्द कुमार भारती को सचिव तथा वेद प्रकाश आर्य को निदेशक के रूप में चयन किया गया। निदेशक वेद प्रकाश आर्य ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय के शैक्षिक स्तर को उच्च बनाना और बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाना है। समिति गठन से विद्यालय केबेहतर संचालन की उम्मीद जताई। समिति के गठन के बाद इस अवसर पर डॉ. आरएस दास, डॉ. आरएल गुप्ता, सीताराम पाठक, जीवधन साह, पारसनाथ साह, भृगुण ठाकुर, लालचंद राम, डॉ. बृजनाथ आर्य, राजमोहन यादव, बजरंगी साह, मनदीप सिंह सहित कई सम्मानित लोग मौजूद थे।

### विस्थापित संघर्ष समिति का धरना 17वें दिन भी जारी



**भवनाथपुर।** क्रशिंग प्लांट की नीलामी के बाद हो रही प्लांट की स्क्रैप कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष समिति के नेतृत्व में मजदूरों का धरना प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी रहा। सर्दी के मौसम में पड़ रही कड़ाके की ठंड में, सेल के प्रशासनिक भवन के समक्ष बुधवार को महिला प्रदर्शनकारी भी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर धरना पर डटे हैं। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही महिलाएं अपने हाथों में विस्थापितों का हक देना होगा, सेल की मनमानी नहीं चलेगी, मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान करने सरीखे नारेबाजी कर रही थी। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षक सुशील चौबे, वीरेंद्र साह, नंदलाल पाठक, रामविजय साह, दीपक जायसवाल, धर्मेंद्र गुप्ता,ददुली साह शंभू राम, शनीचर अगरिया, रीना देवी, सोनी देवी, प्रियंका देवी, सरिता देवी, अंजू देवी,गीत देवी, कौशल्या देवी सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### शहीद शेख भिखारी अंसारी का शहादत दिवस मनाया गया

**गढ़वा।** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले बुधवार को युवा प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी झलवा गढ़वा के आवास पर स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी अंसारी का शहादत दिवस मनाया गया। केंद्रीय सदस्य निजामुद्दीन अंसारी, जिला अध्यक्ष आफताब आलम की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आफताब आलम ने स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी के जीवनी और उनके बलिदानों को याद करते हुए उनके जीवनी पद चिन्हों पर चलने का आग्रह किया। साथ ही कई लोगों ने उनके आदर्शों का उल्लेख करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष खालिद अंसारी, संगठन सचिव जमील अंसारी, शमशाद अंसारी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष शाहीद अंसारी, केतार प्रखंड अध्यक्ष अल्ताफ अंसारी, फुजैल अंसारी, बशीरुद्दीन अंसारी, खुर्शीद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोहरे से हो रहा फसल बर्बाद, किसान चिंतित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कंपकपाती ठंड के साथ कोहरे ने रबी फसल के बर्बाद होने की आशंका बढ़ा दी है। इससे किसान चिंतित हैं। कोहरे के कारण फसलों में रोग लगने का खतरा बढ़ गया है। इन दिनों सुबह के समय ओस फसलों के पौधे पर जम रही हैं। तापमान में एक बार फिर गिरावट हुई है, जिससे विभिन्न फसलों में पाला मारने की संभावना बढ़ गयी है। इस संबंध में किसानों ने बताया कि कोहरे व बढ़ती कनकनी से फसलें बर्बाद हो रही हैं। उन फसलों की पत्तियां पीली पड़ कर गिर जा रही हैं। उन्होंने बताया कि खेतों में आलू, प्याज, टमाटर आदि फसलों को पाला मारने से बचाने के लिए नमी बनाये रखना जरूरी है। किसान चंदन मेहता ने बताया कि ठंड व कोहरे की मार से फसल एक सप्ताह के भीतर ही पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं। किसान कृष्णा कुमार महतो ने बताया कि रबी फसल पुष्ट होने लगे हैं, लेकिन कोहरा व ठंड से परेशानी हो रही है। प्याज की नर्सरी को लगाया जाने लगा है। सब्जियों की फसल आलू, बैंगन, प्याज, मिर्चा, गोभी आदि को नुकसान हो रहा है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूता माह के तहत बाइक रैली निकाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत परिवहन कार्यालय से बाइक रैली की टीम को हरी झंडी दिखाकर शुभाआरंभ किया गया। यह बाइक रैली जिला परिवहन कार्यालय गढ़वा से शुरू होकर नहर चौक कल्याणपुर मोड़ होते हुए वापस जिला परिवहन कार्यालय पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान आम जनमानस को दो-पहिया वाहन चालन के समय उसे व उसके साथ बैठे सहयात्री को हमेशा हेलमेट का प्रयोग करने, मोटर कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का उपयोग करने, नशे की हालत




में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय फोन का उपयोग न करने, खतरनाक ढंग से व तेज गति से वाहन चलाने जैसे सड़क सुरक्षा मानकों एवं यातायात नियमों के बारे में बताकर जागरूक किया गया। साथ ही जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा यातायात पुलिस एवं अन्य कर्मियों को परिवहन कार्यालय परिसर में शपथ ग्रहण व सेल्फी कार्यक्रम आयोजित कर वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के संबंध में और कारगर कार्य करने हेतु संकल्प दिलाया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा व कार्यालय कर्मी आदि उपस्थित थें।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर से सीएचओ, एएनएम गायब

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल परती कूशवानी पंचायत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर अक्सर बंद रहता है। अस्पताल बंद रहने से यहां के ग्रामीण परेशान है, बुधवार को यहां तैनात सीएचओ भावेश कुमार, एएनएम अंचला कुमारी अनुपस्थित थे। जिस कारण अस्पताल सुबह से ही बंद पड़ा हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत के बाद इसकी पड़ताल की गई तो पाया गया कि अस्पताल बंद है। अस्पताल के प्रांगण में सूखने के लिए धान पसारा हुआ है। अस्पताल के बगल के ग्रामीण उषा देवी, सुनीता देवी, सूनेश प्रजापति ने बताया कि यहां कभी कभार ही स्वास्थ्य कर्मी आते हैं। इस कारण मरीजों का यहां आना बिल्कुल बंद हो गया है। स्थानीय मरीज और प्रसव के समय गर्भवती महिलाओं को दूसरे अस्पतालों में जाना पड़ता है। मुखिया मुन्नी देवी ने बताया कि चार माह पूर्व अस्पताल के उद्घाटन के बाद यहां के गरीब-गुरबा आदिवासी परिवार के लोगों को आस जगी थी की यहां स्वास्थ्य सुविधा पंचायत में ही मिलेगा परंतु यहां नियुक्त कर्मी को अनुपस्थित रहने के कारण स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में पूछने पर सीएचओ भावेश कुमार ने कहा कि दवा लेने भवनाथपुर अस्पताल आए हैं, जिसके कारण अस्पताल बंद है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने कहा कि अस्पताल क्यों बंद है इसका पता लगाने के बाद ही कुछ कह पाएंगे।



## सड़की को हराकर मकरी सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बांसडीह गांव में आयोजित शहीद भगत सिंह कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टरफाइनल मुकाबला बुधवार को सड़की बनाम मकरी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सड़की की टीम 16 ओवर में 8 विकेट खोकर 135 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी मकरी टीम ने 14 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 136 रन बना कर जीत हासिल करते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मकरी टीम की ओर से अगस्त कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर आयोजनकर्ता राकेश पासवान, आनंद कुमार, अमरेश कुमार, इंद्रजीत विश्वकर्मा, देव कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



### ग्रामीणों ने तालाब संरक्षण की मांग की

**रमना।** रमना पंचायत भवन और थाना भवन के उत्तर दिशा में अवस्थित गंगा तालाब को संरक्षित करने को लेकर निमार्णाधीन हनुमान मंदिर निर्माण समिति और स्थानीय ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सुदर्शन वियार के नेतृत्व में नंदू साह, प्रभू साह,उमेश प्रजापति,भरदूल साह,विनोद कुमार गुप्ता, महेन्द्र प्रसाद गुप्ता तथा सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने रमना सीओ विकास पांडेय, थाना प्रभारी आकाश कुमार को आवेदन सौंप कर तालाब को संरक्षित करने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वन भूमि पर बने उक्त तालाब से सभी धार्मिक अनुष्ठानों छठ महापर्व संपन्न होता है,लेकिन कुछ लोगों द्वारा उक्त तालाब और इसके आस-पास गंदगी फैलाया जा रहा है। इसमें रसायनीय रंग युक्त प्रतिमाओं के विसर्जन कर पानी को भी दूषित कर रहे हैं। ऐसे में उक्त तालाब का संरक्षण अनिवार्य है।

## पेंशन नहीं मिलने से परेशान विकलांग महिला ने लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड की राजी निवासी सुरजी कुंवर पिछले छह माह से पेंशन न मिलने के कारण बेहद परेशान हैं। दोनों पैरों से विकलांग सुरजी किसी तरह हाथ के सहारे सीएचसी केंद्र जाकर अपना पेंशन चेक करवाती हैं, लेकिन हर बार उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। सुरजी कुंवर ने बताया कि पेंशन न मिलने के कारण उनका जीवन बेहद कठिन हो गया है। एक पैर में पुराने घाव और बीपी-शुगर की समस्या से जूझते हुए उन्हें हर महीने 1000 से 1200 रुपये की दवा की जरूरत होती है। पेंशन मिलने के समय यह दवा खरीदना आसान था, लेकिन अब तीन महीने से दवा नहीं खरीद पाने के कारण उनकी हालत और खराब हो रही है। सुरजी कुंवर ने जिला कल्याण पदाधिकारी से जल्द उनकी पेंशन का भुगतान कराने की मांग की है, ताकि वह अपनी दवा खरीदकर जीवन यापन कर सकें।



# करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के बभनी गांव में किसान द्वारा लगायी गई बिजली करंट के चपेट में आने से गांव के ही दुधारू भैंस की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बभनी गांव निवासी तरबेज खान पिता स्वर्गीय दोसमहमूद खान द्वारा अपने गेंहू के खेत में नीलगाय व अन्य जानवरों से नुकसान न हो इसे लेकर बिजली तार चारों ओर से लगा दिया गया था। इस क्रम में गांव के ही सबीना बीवी पति स्वर्गीय अबरेज खान की भैंस खुल कर चली गई व करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इसके बाद सबीना बीवी द्वारा थाना को सूचना दिया गया। बरडीहा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की। इसके बाद पशु डॉक्टर अमित कुमार को बुलाकर मृत भैंस का पोस्टमार्टम कराया गया। सविना बीवी द्वारा थाना में लिखित आवेदन दिया गया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है।

## समस्या

## प्रभार पर चल रहे हैं कई विभाग, विकास कार्य प्रभावित

# आम जनता को हो रही परेशानी




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अधिकांश सृजित पद इन दिनों प्रभार के सहारे चल रहा है। प्रखंड कार्यालय में सीओ के पद पर प्रशांत कुमार की पदस्थापना तो हो गयी है। लेकिन प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी की पोस्टिंग अब तक नहीं हुआ है। प्रखंड विकास पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सीओ प्रशांत कुमार को ही संभालना पड़ रहा है। अंचल निरीक्षक का पद राजस्व कर्मचारी के सहारे चल रहा है। अंचल के 4 हल्का का जिम्मा सिर्फ एक राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार के जिम्मे है। सीआई का प्रभार भी वहीं संभाल रहे हैं। आपूर्ति विभाग में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदभार भी सीओ के पास है। गोदाम प्रबंधक के दायित्व का निर्वहन जनसेवक द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा विभाग में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का प्रभार डंडई के बीईईओ प्रतिभा कुमारी संभाल रही हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी का प्रभार जनसेवक के पास है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रो का संचालन व पर्यवेक्षण का जिम्मा भवनाथपुर के बीडीओ नंदजी राम के पास है। प्रखंड के सात पंचायतों का कामकाज चार पंचायत सचिव और एक जनसेवक संभाल रहे हैं। कंप्यूटर सहायक का कार्य निजी ऑपरेटर के जिम्मे तथा सहायक अभियंता का पद भवनाथपुर के सहायक अभियंता के जिम्मे है। प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रखंड समन्वयक का प्रभार लेखापाल सह कम्प्यूटर आपरेटर के भरोसे है।

### 16 वर्ष बाद भी अस्तित्व में नहीं आया प्रखंड कार्यालय

केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का स्थापना नवंबर 2008 में हुई थी। स्थापना के डेढ़ दशक गुजर जाने के बाद भी पूर्ण रूप से अस्तित्व में नहीं आ सका है। आज भी कई कार्यालयों का संचालन भवनाथपुर से होता है। कई पदाधिकारी कार्यालय तो बैठक में भी उपस्थित नहीं रहते हैं। प्रखंड में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग,श्रम विभाग,बाल विकास, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय अस्तित्व में नहीं आ सका है।

### आवासीय परिसर में नहीं रहते हैं कर्मी

**प्रखंड कार्यालय के ठीक सामने अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मचारियों को ठहरने के लिए आवासीय परिसर बनाया गया है। इस परिसर में अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार,एक आपरेटर, एक जेई को छोड़कर एक भी अधिकारी, पदाधिकारी नहीं रहते हैं। आवास में बिजली, पेयजल, सहित सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।**

### आदिम जनजाति के बीच राशन व कंबल वितरण

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत के जहरसराय गांव स्थित परेहियाडीह टोला में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ कनक ने जनजाति परिवार के बीच 35-35 किलोग्राम राशन का वितरण किया। बीडीओ ने ठंड के मध्य नजर रखते हुए असहाय बुजुर्गों के घर जाकर आठ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण की। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा आदिम जनजातियों को हर महीने राशन उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनके जीवन में सुधार हो। उन्होंने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए बुजुर्गों को कंबल देकर उनकी सहायता की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान एजीएम मुकेश कुमार पांडेय जन वितरण प्रणाली के दुकानदार विनोद राम व अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## टमाटर के गिरते दामों से किसानों की बढ़ी चिंता, 4 से 5 रुपए प्रति किलो तक आई कमी

# मंडी में लगातार घट रहे टमाटर के भाव से किसानों को हो रहा नुकसान

**- सॉस प्लांट की कमी से स्थिति और भी बिगड़ी**

रुपेश कुमार



**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया थोक टमाटर मंडी में दिसंबर से लगातार टमाटर की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है, जिसके कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। वर्तमान में टमाटर का दाम प्रति किलो 4 से 5 रुपए घट चुका है, जिससे किसानों को न सिर्फ मुनाफा नहीं हो रहा, बल्कि उनकी खेती में लगाई गई लागत भी वापस नहीं आ रही। गोनिया, टोटी, साल्वे, बारियातु, डाढ़ा, फूलसु, बालूभांग, अमरवाडीह और शिबला पंचायत क्षेत्र के किसान, जो मुख्यतः टमाटर उत्पादन करते हैं, अब मुश्किल में हैं। यहां के किसान अन्य फसलों के साथ-साथ टमाटर उत्पादन को आर्थिक आमदनी का प्रमुख साधन मानते हैं, लेकिन इस वर्ष टमाटर के दाम गिरने से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। गोनिया टमाटर मंडी में व्यापारी टमाटर की थोक खरीदारी करते हैं, जो कोलकाता, धनबाद, बिहार, उत्तरप्रदेश, उड़ीसा और आसनसोल जैसे राज्यों में जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में जहां किसानों को अच्छे दाम मिल रहे थे, वहीं इस बार अक्टूबर-नवंबर में टमाटर का दाम 35-38 रुपए प्रति किलो था, लेकिन दिसंबर और जनवरी में दाम गिरकर 4-5 रुपए प्रति किलो हो गए हैं। इसके अलावा, प्रखंड क्षेत्र में टमाटर सॉस प्लांट की कमी भी किसानों के लिए चिंता का कारण बन रही है। अगर यहां प्लांट होता तो किसानों को ज्यादा नुकसान नहीं उठाना पड़ता, और रोजगार के अवसर भी बढ़ते।

### निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर में 63 रोगियों का ऑपरेशन

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में बुधवार को शिविर लगाकर निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। यह जानकारी डॉ. प्रमोद ने दी। उन्होंने बताया कि डिबीसीसी लातेहार व जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाकर लेंस प्रत्यारोपण (आईओएल) विधि द्वारा जांच व 63 रोगियों का डॉ. अनुज कुमार पाठक व उनकी टीम द्वारा ऑपरेशन किया गया। प्रत्येक सोमवार, बुधवार को मोतियाबिंद का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। इसके लिए मुरपा मोड़ बालूमाथ स्थित रामेश्वर नेत्रालय में प्रतिदिन जांच और रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। शिविर में लाभ लेने के लिए मोतियाबिंद रोगी को अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, व दो फोटो, मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8252737568-9708553710- 9835236379 मे संपर्क कर सकते हैं।

# स्वर्णकार संघ का प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** स्वर्णकार संघ बरवाडीह का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को एसपी कुमार गौरव से मुलाकात की। एसपी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित दो ज्वेलरी दुकानों में एक माह पहले चोरी हुई थी। घटना के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। एक ओर जहां घटना को लेकर व्यवसायियों और आम लोगों में आक्रोश है। दूसरी ओर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है। घटना का उद्भेदन नहीं होने और लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर बरवाडीह स्वर्णकार संघ का प्रतिनिधि मंडल ने व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मुलाकात की। पुलिस कप्तान ने प्रतिनिधियों को भरोसा दिया की पुलिस चोरों की धर पकड़ के लिए लगातार प्रयासरत है। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने को रात्रि गश्ती में जवानों को बढ़ाने। मॉनिटरिंग के लिए प्रतिष्ठानों में क्यूआर कोड लगवाने तथा उपायुक्त महोदय से समन्वय स्थापित कर विभिन्न चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करवाने और सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने को लेकर व्यावसायिक समिति को आश्वस्त किया। एसपी से मुलाकात के उपरांत समिति ने उपायुक्त कार्यालय में भी मामले से संबंधित आवेदन दिया। इस मौके पर व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, पवन सोनी पंकज सोनी, सुदामा सोनी, मनोज सोनी, विक्रम सोनी, मनीष सोनी, बिरेंद्र सोनी, प्रभु सोनी, देव सोनी अमित सोनी, गुड्डू सोनी, श्रवण सोनी और सन्नी सोनी समेत कई स्वर्णकार मौजूद थे।

# कोल माइंस जमीन अधिग्रहण को लेकर चकला की महिलाओं का धरना जारी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** चंदवा प्रखंड के चकला गांव में हिंडाल्को द्वारा कोल माइनस के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। इसके विरोध में चकला गांव के ग्रामीणों ने समाहरणालय के समक्ष धरना दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि अधिग्रहण में हिंडाल्को द्वारा मनमानी किया जा रहा है। फर्जी ग्रामसभा का आयोजन कर हिंडाल्को गांव में घुस गया है और कुछ दलालों द्वारा कुछ लोगों को ही लाभ दिलाया जा रहा है। अन्य ग्रामीणों को हिंडाल्को द्वारा विस्थापन, पुनर्वास नीति के तहत कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। अभी तक मुआवजा और नौकरी देने की बात स्पष्ट नहीं की गई है। ग्रामीणों ने कहा कि कई जगह इसकी शिकायत की, लेकिन अभी तक इसका कोई सुनवाई नहीं हुआ है। पिछले पांच महीना से ऑफिस का चक्कर लगा रहे हैं। इसके विरोध में ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार को ज्ञापन सौपा है। धरना देने वालों में सुल्तान परवीन, बिंदु देवी, नाजमी बीबी, सुशीला देवी, रवीना बीवी, रूबी ब ललिता देवी, अनीशा बीवी, संगीता देवी, कुर्मी देवी, अनिशा देवी समेत कई ग्रामीणों का नाम शामिल है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**चतरा।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 2025 का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित होगी। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक-एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, प्रेड निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी, नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

# स्तरोन्नत हाई स्कूल चटकपुर भवन जर्जर, हादसा की आशंका

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर प्रखंड के प्लस स्त्रोन्नत हाई स्कूल चटकपुर में विद्यालय संचालित है। विद्यालय में कुल 152 बच्चे अध्ययनरत हैं, लेकिन विद्यालय भवन अत्यंत जर्जर हो चुका है। इस कारण बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं। विद्यालय का भवन इतना अधिक जर्जर हो गया है कि कभी भी पूरा भवन गिर सकता है और बड़ी अनहोनी हो सकती है। स्कूल भवन का छत प्रत्येक दिन गिर रहा है। बता दें कि प्लस टू स्त्रोन्नत हाई स्कूल चटकपुर, महुआडांड़ आदिवासी क्षेत्र में पड़ता है। यहां अधिकतर आदिवासी परिवार के बच्चे ही पढ़ाई करने के लिए पहुंचते हैं। स्कूल के प्राचार्य रायमन नगेसिया, स्कूली बच्चे जल्द से जल्द प्रशासन से विद्यालय दुरुस्त करने की मांग की है। जरूरत है इस दिशा में संज्ञान लेने की ताकि बच्चे सुरक्षित माहौल में पढ़ाई कर सके। इस मामले को लेकर चटकपुर मुखिया रेखा नगेसिया ने बताया कि स्कूल मरम्मत की अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन से जल्द मरमत की जाए ताकि कोई हादसा ना हो। जिला शिक्षा पदाधिकारी कहा कि यह मामला मेरे संज्ञान में है।

### मुखिया व वार्ड सदस्यों ने 50 गरीबों के बीच कंबल बांटे

**महुआडांड़।** प्रखंड के अमवाटोली पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुखिया रोशनी कुजूर, वार्ड सदस्यों ने गरीब, असहाय, वृद्ध महिला, पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया। मुखिया रोशनी कुजूर ने कहा कि प्रखंड प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को गरीब, असहाय, वृद्ध लोगों के बीच वितरण किया गया है। कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। बुधवार को 50 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। पंचायत में प्राप्त कंबल बचे वार्ड सदस्यों के द्वारा गरीब, असहाय व वृद्ध महिला व पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। सभी वार्ड सदस्यों को भी कंबल उपलब्ध करा दिया गया है। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

# मिशन वात्सल्य योजना को लेकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** मिशन वात्सल्य योजना को लेकर लातेहार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रम ने जिले में समीक्षा बैठक कर चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 का अधिक से अधिक प्रचार करने का निर्देश दिया। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन में कार्यरत सभी कर्मी को आपस में समन्वय स्थापित कर जिला से प्राप्त निर्देश के आलोक में समयबद्ध तरीके से कार्य संपादित करने का निर्देश दिया। बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत बच्चों की सूचि प्रत्येक माह संधारित रखेने व सभी बच्चों का गृह सत्यापन का कार्य समय पर कराने, बाल गृह में रहने वाले सभी बच्चों का गृह सत्यापन कराकर वैसे बच्चे जिनका परिवार, माता अथवा पिता में से कोई एक जीवित है उनको उनके घर भेजनें कि लिए बाल कल्याण समिति से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, अध्यक्ष, सदस्य, बाल कल्याण समिति, लातेहार चाइल्ड हेल्पलाइन लातेहार, बरवाडीह के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### मजदूर सम्मेलन 11 को

**चंदवा।** जय हिंद पुस्तकालय में शनिवार 11 जनवरी को मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। किसान नेता प्रमोद साहू ने बताया कि उक्त सम्मेलन में ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। सम्मेलन में रोजगार संकट, क्षेत्र से पलायन, मनरेगा में भ्रष्टाचार सहित मजदूरों के गंभीर सवालों पर विचार-विमर्श कर एक नए मजदूर संगठन का गठन किया जाएगा व भविष्य में शोषित पीड़ित आम जनता तथा मजदूर-किसानों के सवालों पर संघर्ष के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के मजदूरों से भाग लेने का आग्रह किया है।

# भाजयुमो ने चलाया सदस्यता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा लातेहार जिला इकाई द्वारा बनवारी साहू महाविद्यालय के पास बुधवार को संगठन पर्व सदस्यता अभियान शिविर लगाया गया। इस अवसर पर भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा आम जनों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ा गया। अभियान में भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू प्रमंडल के प्रभारी दीपक सिंह सांसद प्रतिनिधि प्रफुल पांडेय, भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, भाजयुमो जिला महामंत्री अश्विनी सिंह, नगर मंडल महामंत्री उत्तम कुमार, भाजपा युवा नेता नागमणि एवं दर्जनों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कंबलों की क्वालिटी की जांच हो : अयूब खान

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सामाजिक कार्यकर्ता सह चंदवा प्रखंड के कामता पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने जिला में उपलब्ध कराए गए कंबलों की गुणवत्ता की जांच की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल की क्वालिटी पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। पिछले दिनों जिला परिषद अध्यक्ष पूर्णिमा देवी, चंदवा पश्चिमी जिप सदस्य सरोज देवी, चंदवा प्रखंड कार्यालय पहुंच कर कंबलों की धुलाई कर उसकी क्वालिटी का जांच कराई थी। उन्होंने कहा था कि मानक के अनुसार कंबल में गुणवत्ता नहीं है। पंसस खान ने गरीब जरूरतमंदों के लिए घटिया कंबल खरीद कर आपूर्ति किए जाने पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि संवेदकों पर सरकार और जिला प्रशासन का कोई खौफ नहीं है। यही कारण है कि संवेदकों ने घटिया क्वालिटी का कंबल आपूर्ति की है। उन्होंने कहा कि पड़ रही कड़ाके की ठंड और शीतलहरी में कंबलों के वितरण में भी देरी हो रही है। उन्होंने कंबलों की गुणवत्ता की जांच कर कंबलों का वितरण कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## बिरहोर बस्ती में विशेष शिविर आयोजित, योजनाओं का मिला लाभ

# बैंक खाता, आधार कार्ड और प्रमाण पत्र ऑन-द-स्पॉट बनाए गए

नवीन मेल संवाददाता




**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के जपुआ स्थित बिरहोर बस्ती में बुधवार को प्रखंड प्रशासन द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह शिविर आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में बिरहोर परिवारों के लिए बैंक खाता, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, और अंचल कार्यालय द्वारा जाति, आवासीय, और आय प्रमाण पत्र ऑन-द-स्पॉट बनाए गए। स्वास्थ्य विभाग ने सभी परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंदों को दवाओं का वितरण किया।

बिरहोर परिवारों को ठंड के मौसम में गर्म वस्त्र व कंबल का उपयोग करने और स्वच्छता व शिक्षा पर ध्यान देने की सलाह दी गई। साथ ही, किसी भी समस्या के लिए प्रखंड व अंचल कार्यालय से संपर्क करने का आग्रह किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी, प्रखंड समन्वयक फरहत नाजनी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रामकुमार सिंह, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### जागरूकता शिविर का आयोजन



**कुंदा (चतरा)।** थाना परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा जिला सचिव के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर में लोगों को मध्यस्थता कार्यक्रम,समेत अन्य विधिक सहायता की जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थित अधिकार मित्र अजीत कुमार ने लोगों को बताया साधारण विधिक की जानकारी आपको अधिकार मित्र व नालसा द्वारा जारी निःशुल्क नंबर 15100 पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिविर मे थाना प्रभारी प्रिंस कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### नवनियुक्त चौकीदारों ने दिया योगदान

**कुंदा (चतरा)।** नवनियुक्त 10 चौकीदारों ने अंचल कार्यालय में बुधवार को योगदान दिया। इसके बाद वह कुंदा थाना में थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह से मुलाकात कर परिचय दिया। थाना प्रभारी ने सर्वप्रथम सभी नवनियुक्त चौकीदारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी को क्या कार्य है इसकी जानकारी आप लोगो दे जाएगी। मौके पर नवनियुक्त चौकीदार मिथलेश कुमार,अंकित कुमार,मुकेश कुमार,अशोक कुमार यादव,कामेश्वर कुमार यादव,राजेश कुमार यादव,मिथलेश कुमार यादव,रोहित कु यादव,रविंद्र कु यादव,रुबी कुमारी उपस्थित थे।

### वाहन के चपेट से से दो मोटरसाइकिल छतिग्रस्त,बड़ी दुर्घटना टली

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ के समीप बुधवार को कोल वाहन के चपेट में आने के करण बड़ा हादसा टल गया। बताया गया कि कोल वाहन घनी जनसंख्या वाले क्षेत्र में 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा के स्पीड से चलता है। वैसे में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। बुधवार को एक कोल वाहन के चपेट आने के कारण चार पहिया वाहन व दो मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण बड़ा हादसा होने से लोग बच गए। ग्रामीणों ने उपायुक्त के साथ परिवहन विभाग से घनी आबादी वाले क्षेत्र में कोल वाहनों की गति सीमा 10 से 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार निर्धारित करने की मांग किया है। बताया गया कि हजारीबाग एवं बड़कागांव क्षेत्र में कोल वाहन की गति सीमा निर्धारित है। चतरा जिला में परिवहन विभाग द्वारा इन कोल वाहनों पर कोई शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। वैसे में अधिकांश कोल वाहन नाबालिग चालकों को काफी तेजी गति से चलाया जा रहा है, जिसके कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है।

### गरीबों के बीच सांसद ने कंबल वितरण कराया

**बालूमाथ।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह के निर्देश पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के नेतृत्व में प्रखंड स्थित झाबर गांव पहुंचकर गरीबों के घर-घर जाकर ठंड से बचने के लिए मुफ्त में कंबल वितरण किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसे ध्यान में रखकर सांसद द्वारा दिया हुआ कंबल गरीबों के बीच दी गई है। आगे भी इस तरह का प्रयास हम भाजपा परिवार गरीबों के लिए जारी रखेंगे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव,गंगाधर सिंह,राम कुमार गुप्ता,रघुनंदन सोनी,लक्ष्मण यादव,जमुना यादव,राजू भोक्ता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।कंबल मिलने वालो में शोभा मसोमात,बुधनी मसोमात,टेकनी देवी,आशा देवी,लखमणि देवी, शांति देवी,रुक्मिणी देवी सहित कई महिला पुरुष शामिल हैं।

### चतरा सांसद ने गरीबों के बीच कांबल वितरण किया

**महुआडांड़।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने गरीबों असहायों के बीच मंडल के सभी 14 शक्ति केंद्रों पर घर-घर जा कर मंडल टीम एवं प्रभारी के उपस्थिति में कंबल बांटा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, जिला मंत्री शम्भू प्रसाद, जिला सदस्यता प्रभारी आंनद किशोर नाथ शाह, वरिष्ठ भुवनेश्वर सिंह, दिलीप गुप्ता, महामंत्री सुनील जायसवाल, प्रशांत सिंह, उपाध्यक्ष मोहन यादव, संजय राय, विनोद सिंह, अमित जायसवाल, सिम्पल कुमार, चंदन सिंह मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता रैली का आयोजन




**लातेहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में बुधवार की दोपहर सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली माको मोड़ से शुरू होकर मेन रोड होते हुए स्टेडियम तक पहुंची, जहां यह कार्यक्रम में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। रैली में स्थानीय लोगों ने भी उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, ज़िला सड़क सुरक्षा प्रबंधक तनवीर हुसैन, लातेहार थाना के रकमनोज कुमार, लातेहार मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के दिनेश केशरी और संतोष पाण्डेय, ऋषि राज, राजेश कुमार जिला परिवहन कार्यालय के सभी कर्मी शामिल थे।

## जर्जर सड़क के कारण ग्रामीणों को हो रही परेशानी



**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय से गड़बूढ़नी पंचायत ग्राम को जोड़ने वाली मुख्य सड़क राजडंडा मोड़ से गड़बूढ़नी पंचायत भवन तक लगभग चार किलोमीटर की हालत जर्जर हो चुकी है। यह सड़क चलने लायक नहीं है। सड़क के जर्जर होने से राजडंडा, टूगंटोली और गड़बूढ़नी गांव प्रभावित है। इसे बनाने को लेकर ग्रामीण लगातार मांग करते आ रहे है। ग्रमीणों ने बताया कि 20 साल पहले इस सड़क का कालीकरण किया गया था। उस समय उग्रवादग्रस्त क्षेत्र होने के कारण ठेकेदार द्वारा सड़क का निर्माण निम्नस्तर व बहुत ही घटिया किया गया था। देखा जाए तो सड़क की हालत जर्जर के साथ जगह-जगह पर गड्ढे हो गये हैं। सड़ बरसात के मौसम में पैदल चलने लायक भी नही होता है। ग्रामीणों की परेशानी यह है, कि गड़बूढ़नी गांव के लोग 10 किलोमीटर घूमकर प्रखंड मुख्यालय आते है।

# गैस सिलेंडर में आग लगने से मकान पूरी तरह जला

## आग लगने पर नगद 90 हजार सहित लाखों की समान जलकर राख

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा बांध टोली निवासी सरिता देवी पति भूखन महतो के खपरैल मकान में गैस सिलेंडर में चूल्हा जलाने के समय आग लग गया। जिसके बाद आग पूरे घर को लपेट में ले लिया जिससे घर में अलग अलग प्लास्टिक की थैली में 50 हजार और दो जगह 20 हजार एवं 20 हजार रखा नगद कुल 90 हजार रुपैया नगद सहित 12 बोरी चावल कपड़ा जेवरात मोबाइल एवं जमीन संबंधित कागजात आधार कार्ड,बैंक पास बुक, सिलाई मशीन बच्चों का मैट्रिक इंटर पार्ट 1 का कागजात आदि लाखों रुपए की सम्पति जल कर राख हो गया। परिवारिक सूत्रों द्वारा बताया गया कि नाश्ता बनाते समय गैस खोलने पर गैस सेलेंडर में आग लग गया। जिसके डर कर घर से सभी बाहर निकल गए और गैस सिलेंडर फटने के डर से बस्ती के लोग तीन मीटर दूर तक भाग गये। आग की लपटें देख किसी को हिमत नहीं हो रहा था। कुछ मीडिया कर्मी द्वारा बालू के सहायता से गैस स्लेंडर में बालू डाल कर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। तभी अग्निशमन दल पहुंच कर आग पर पूर्ण रूप से काबू पाया और अगल बगल के अन्य मकानों को जलने से बचाया गया। वही सीओ मो0 मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। अग्निशमन दल में अनिल कुमार दास, मनीष कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सढ़ाबे व हनहट पंचायत के सभी बूथों में विशेष सदस्यता अभियान, बोले बिंदेश्वर

# विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है भाजपा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा ।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत बुधवार को कैरो प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई में प्रखंड के सढ़ाबे और हनहट पंचायत के सभी बूथों में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। इस दौरान 80 लोगों को सदस्य बनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉक्टर विंदेश्वर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। देश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर है जिसके कारण ही देश 2014 से लगातार सत्ता में है। हमारी पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर भरोसा करती है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है,देश का मान सम्मान अंतराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। पार्टी के नीति सिद्धान्त से प्रभावित होकर लोग पार्टी से जुड़ रहें है। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि पार्टी संगठन के निदेर्शानुसार पूरे जोर शोर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है हमसब मिलजुलकर अपने लक्ष्य को पूरा कर ही लेंगे सदस्यता अभियान में प्रदेश, जिला प्रखंड व पंचायत स्तरीय पार्टी पदाधिकारियों का पूरा पूरा सहयोग मिल रहा है। मौके पर बजरंग उरांव, प्रदीप लोहरा आदि उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त ने विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिला परिषद विभाग से निर्मित सेन्हा राइस मिल एवं कलेहपाट गांव में पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण किया। प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत में मनरेगा योजना से हो रहे कार्य बागवानी, ट्रेंच कटिंग, कूप निर्माण एव अबूआ आवास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कार्य मे प्रगति लेन के लिये प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना कार्य मे अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने और ससमय योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव, वंदना कुमारी, आरती चेरमाको सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। सबकी योजना सबका विकास थीम की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान संस्था के नवलीन कौर, रामस्वरथ महतो, मनसा रानी, सलोनी रानी,वंदना कुमारी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। ग्राम पंचायत का विकास के लिये बाल हितैषी गांव,गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका, महिला हितैषी गांव,सुशासन गांव,स्वच्छ एवं हरित गांव, समाजिक रूप से सुरक्षित गांव सहित विभिन्न ग्राम पंचायत का विकास के लिये योजनाओं को क्रियावन्यन करने के बारे में भी बताया गया। गांव का विकास के लिये ग्रामीण स्तर पर योजनाएं तैयार के लिए प्रशिक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए गांव में महिला सभा का आयोजन करने के बारे में डायन बिसाही और घरेलू हिंसा के बारे में महिला शिकायत कोषांग का गठन और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के बारे में भी बताया गया। महिला जनप्रतिनिधियों के क्षमता विकास के बारे में बताया गया। मौके पर ग्राम सहजकर्ता दल के सदस्य विकास साहू, प्रीति देवी, संगीता देवी, मुनि देवी, जन्मेजय महतो, पूनम देवी, प्रियंका कुमारी, शीला कुमारी, नीलम माधुरी, पंचायत सचिव डोली तिर्की, नागमणी उरांव, संगीता गाड़ी कोमल सहित अन्य उपस्थित थे।

### ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस के बचाव संबंधी दिशा-निर्देश

**लोहरदगा।** आईसीएमआर द्वारा भारत में भी ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एमएचपीवी) के मामले चिन्हित किये गये हैं। ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एमएचपीवी) एक एमआरएनए वायरस है जो न्यूमोविरिडे फैमिली से है। इस वायरस का एण्टी वायरस मेडकेसन या टीका तत्काल उपलब्ध नहीं है। इस बीमारी का ईलाज लक्षणात्मक है एवं कोरोना वायरस की तरह बचाव ही इसका ईलाज है। इसके लक्षण सर्दी, खाँसी, जुकाम, सांस फूलना एवं बुखार की भांति कही होती है। गंभीर मामलों में ब्रोंकाइटिस और न्यूमोनिया भी हो सकती है। इसके लिए नियमित हाथ की सफाई का विशेष ध्यान रखे, खांसते / छींकते समय नाक-मुँह को ढकना, पौष्टिक आहार एवं पर्याप्त मात्रा में पेय पदार्थ का सेवन और पर्याप्त नींद लें एवं फ्लू (सर्दी, खाँसी, बुखार) के लक्षण दिखने पर चिकित्सकीय सलाह लें। वही भीड़-भाड़ वाले जगह पर अनावश्यक न जाएं, सर्दी, खांसी, जुकाम, सांस फूलना एवं बुखार की स्थिति में अनावश्यक लोगों से न मिलें। खुले जगह /आम जगह पर न थूकें और बार-बार आँख, नाक, मुँह को न छुएं। स्वयं दवा लेने से बचें। उक्त जानकारी असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लोहरदगा डॉ शंभूनाथ चौधरी द्वारा दी गयी।

### एसएसबी, किस्को ने किया मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन




**लोहरदगा।** सशस्त्र सीमा बल किस्को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को द्वारा संयुक्त रूप से मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन बुधवार को किस्को प्रखंड के सेमरडीह में किया गया। मानव कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत राजेश सिंह, कमांडेंट 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिलम गुमला के मार्ग निर्देशन में सेमरडीह में जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को के कंपनी कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह सहायक कमांडेंट के नेतृव में मानव चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. हिमांशु गिरी सहायक कमांडेंट, 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के माथ डॉ. प्रियंका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद किस्को के द्वारा सेमरडीह, वाणपुर, डटमा व आस पास के लगभग 100 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच किया गया और साथ ही निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर सिंह, सहायक कमांडेंट जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल समय समय पर अपने आदर्श वाक्य 'सेवा सुरक्षा व बंधुत्व को चरितार्थ करते हुए ग्रामवासियों की मदद व युवाओ के उत्थान हेतु जन कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। ताकि क्षेत्र के पिछड़े व वंचित लोगों को जन-सुविधाओ का लाभ पहुंचाया जा सके। अंत में उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की मदद की जरुरत पड़ती है तो सशस्त्र सीमा बल आपके साथ है। कार्यक्रम में उप० नि० सुमन मिंज थाना प्रभारी किस्को, खरकी पंचायत के मुखिया चाँदमनी उराँव, प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह के प्रधानाचार्य व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### स्कार्पियो पेड़ से टकराई, अधेड़ घायल



**भंडरा।** भंडरा-लोहरदगा मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के सेगरा टोली के समीप स्कॉर्पियो के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक अधेड़ घायल हो गया है। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। बता दें कि रांची लालगुटवा निवासी स्वर्गीय रामचंद सिंह के पुत्र सुरेंद्र सिंह (50 वर्ष) अपने किसी काम को लेकर लोहरदगा से रांची अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में एक पेड़ को टक्कर मार दिए।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,लातेहार

**सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR संख्या–343142 Building (24-25).D** एवं ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–**(23/2024-25/EE/BCD/LATEHAR)** द्वारा प्रकाशित ई–निविदा **(Proposed Construction of Swimming Pool at Latehar)** योजना को अपरिहार्य कारण वश **रद्द** किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 343744 Building(24-25).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0–निविदा संख्या–**EE/RDSD/PALAMAU-16/2024-25**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड पिपरा अन्तर्गत परियोजना धनमानि +2 उच्च विद्यालय पिपरा बरदाग में चार अतिरिक्त वर्ग कक्ष का कार्य। | 4072800.00 | 85000.00 | 5000.00 | 04 माह। |
| 2. | प्रखण्ड मनातू अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में चार कमरा एवं शौचालय का कार्य। | 4617800.00 | 95000.00 | 5000.00 | 04 माह। |
| 3. | प्रखण्ड पिपरा अन्तर्गत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में चार कमरा एवं शौचालय का कार्य। | 4617800.00 | 95000.00 | 5000.00 | 04 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 15.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 15.01.2025 से दिनांक 22.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR 343754 Rural Development(24-25)D

---

## कार्यालय :- नगर पंचायत, लातेहार

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–2025 (का शेष) एवं वर्ष 2025–26 (01 फरवरी 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक–27.01.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 28.01.2025 एवं दिनांक–29.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | वर्ष 2024–2025 (का शेष) एवं वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत लातेहार में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक वाहनों पर प्रवेश शुल्क का निर्धारण। | (1193550.00+7161300.00=8354850.00) | 835500.00 | 5000.00 |

नोट :–

1. उपरोक्त सैरात में भाग लेने वाले आवेदकों को संबंधित सैरात हेतु 5000.00 रूपये कार्यालय में नगद जमा कर संबंधित सैरात का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरांत ही उपरोक्त सैरात में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। आवेदन प्रपत्र को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 24.01.2025 से 25.01.2025 तक (कार्यालय कार्य दिवस में) प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित आवेदन को मांग किये गये सभी कागजात एवं जमानत की राशि का बैंक डाफट् के साथ दिनांक 25.01.2025 के अपराहन् 5.00 बजे तक ही जमा किया जा सकता है। डाक की तिथि के दिन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
1. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
2. कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये सभी नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 343748 Urban Development (24-25)_D

---

## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू-अर्जन शाखा)

**-:आम सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अंचल–गढ़वा/मेराल/रमना/नगर उँटारी में कुल 37 ग्रामों में NH-75 (SEC-V) खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन निर्माण योजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है, जिसके अंतर्गत संबंधित अंचलों के रैयतों को शीघ्रता से मुआवजा राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसी संदर्भ में सूचित किया जाता है कि वैसे रैयत जिनके द्वारा अबतक मुआवजा भुगतान हेतु वांछित दस्तावेज जिला भू–अर्जन कार्यालय गढ़वा में समर्पित नहीं किया गया है वो दिनांक 12.01.2025 तक वांछित दस्तावेज जिला भू–अर्जन कार्यालय, गढ़वा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे, वांछित दस्तावेज जमा नहीं करने की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि आपके पास मुआवजा भुगतान हेतु संबंधित दस्तावेज नहीं है, अथवा आप मुआवजा लेने हेतु ईच्छुक नहीं है, ऐसी दशा में आपकी मुआवजा राशि को माननीय न्यायालय (L.A Court) में अग्रेतर कार्रवाई हेतू जमा कर दी जायेगी।

इस अति आवश्यक समझें।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.343764 Land Reforms 343764 Land Reforms(24-25):D

---

## कार्यालय :– नगर पंचायत, लातेहार

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–2025 (23 फरवरी 2025 से 13 मार्च, 2025 तक) के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक– 27.01.2025 को 12.30 बजे अपराह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 28.01.2025 एवं दिनांक– 29.01.2025 को 12:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | पूर्व की बंदोबस्ती राशि | वर्ष 2024–2025 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | महा शिवरात्री मेला बानपुर लातेहार | 2507000.00 | 2507000.00 | 250700.00 | 5000.00 |

नोट:–

1. उपरोक्त सैरात में भाग लेने वाले आवेदकों को संबंधित सैरात हेतु 5000.00 रूपये कार्यालय में नगद जमा कर संबंधित सैरात का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरांत ही उपरोक्त सैरात में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। आवेदन प्रपत्र को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 24.01.2025 को अपराहन् 5:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित आवेदन को मांग किये गये सभी कागजात एवं जमानत की राशि का बैंकर चेक/बैंक ड्राफट के साथ दिनांक 25.01.2025 के अपराहन् 5.00 बजे तक ही जमा किया जा सकता है। डाक की तिथि के दिन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
2. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
3. कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये नियम एवं शर्तों को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR 343746 Urban Development(24-25)D

---

## जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कार्यालय, लातेहार।

**आवश्यक सूचना**

लातेहार जिला में प्रभावी बल के गृह रक्षक जिसका पुनः नामांकन दिसम्बर–2020 में किया गया था, वैसे गृह रक्षकों का पुनर्नामांकन दिनांक–16.01.2025 एवं 17.01.2025 को जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, लातेहार में किया जायेगा। प्रखण्डवार गृह रक्षकों का सैन्य संख्या प्रखण्ड के सामने अंकित है। पुनः नामांकन हेतु गृह रक्षक पूर्ण वर्दी के साथ, आधार कार्ड, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज का फोटो (वर्दी में) गृह रक्षक संबंधित प्रमाण पत्र (छायाप्रति के साथ) अपने साथ लायेगें।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैन्य संख्या | पुनः नामांकन स्थल | दिनांक/समय | चिकित्सीय जॉच तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | लातेहार | 140,152,157,164,188,416, 10476,10678,11042 | झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी कार्यालय, लातेहार। | 16.01.2025 एवं 17.01.2025 को 10:00 बजे से 17:00 बजे तक | 16.01.2025 एवं 17.01.2025 को 10:00 बजे से 17:00 बजे तक |
| 02. | चन्दवा | 12,19,9920 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 03. | गारू | 291,295,303,304,306,308, 313,316,334,10906 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 04. | महुआँडाड़ | 378,380,590,9964,10377,10379 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 05. | मनिका | 418,9738,10135,10307,10475, 10632,10636,10650 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 06. | बालूमाथ | 238,245,395 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 07. | बरवाडीह | 190,202,208,223,224,231,233, 403,9686,9937,10302,10899 | -DO- | -DO- | -DO- |
| 08. | शहरी | 10,18,20 | -DO- | -DO- | -DO- |

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी,
लातेहार।

PR 343745 (Police) 24-25 (D)

---

## जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, लातेहार
(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email Id- dsoltr2020@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसधरण को सूचित किया जाता है कि खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशायलय, झारखण्ड, रॉची के कार्यालय पत्रांक–771 दिनांक 01.01.2025 के आलोक में पर्यटन, कला –संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग,झारखण्ड सरकार के अधीनस्थ खेलकूद एव युवाकार्य निदेशायलय, झारखण्ड, रॉची के नियंत्रणाधीन लातेहार जिला अन्तर्गत संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षुओं के रिक्त स्थनों को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20.01.2025 से 21.01.2025 तक किया जाना निर्धारित है।

विवरणी निम्नवत है :–

| क्र | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विधा का नाम | वर्ग | आयोजन स्थल | निर्धारित तिथि व समय | रिपोर्टिंग का समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, एस0एस0वि0, लातेहार | एथलेटिक्स | बालक | जिला खेल स्टेडियम, लातेहार | 20.01.2024 | 8:00 बजे पूर्वा0 |
| 2 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, संत तेरेसा उच्च विद्यालय, महुआडांड | एथलेटिक्स | बालिका | संत तेरेसा उच्च विद्यालय, महुआडांड | 21.01.2024 | 8:00 बजे पूर्वा0 |
| 3 | आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द, संत जोसफ उच्च विद्यालय, महुआडांड | हॉकी | बालक | संत जोसफ उच्च विद्यालय, महुआडांड | 21.01.2024 | 8:00 बजे पूर्वा0 |

**सामान्य दिशा निर्देश:–**

1. लातेहार जिलान्तर्गत संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाडियो की संख्या के अनुरुप रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतिक्षा सूचि तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पर (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) खिलाडियो का परी पर खिलाड़ियों का परीक्षा किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा।

**आवसीय प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश निम्नवत् है :–**

1. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों में नामांकन हेतु 1 अप्रैल 2024 को 10 वर्ष की पूर्ण कर ली होगी एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना पड़ेगा)।
2. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पयनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हें आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जायेगा।
3. मेडिकल फिटनेश–खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामाकन किया जायेगा।
4. खिलाड़ी को माता/पिता अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु संबंधित जिला समन्वयक– श्री लखेश्वर मण्डल, मोबाईल नम्बर 8789303968 एवं खेल प्रशिक्षक (एथलेटिक्स– आलोक कुमार, मोबाईल नम्बर 8084445454, तरसियुस कुजूर मोबाईल नम्बर 8987468713 एवं पिटर किण्डो, मोबाईल नम्बर 9608904087) से सम्पर्क किया जा सकता है।

**नोट:–** भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी एथलेटिक्स बालक, जिला खेल स्टेडियम, लातेहार, हॉकी संत जोसफ प्लस 2 उच्च विद्यालय, महुआडांड़ (बालक), एवं एथलेटिक्स बालिका, संत तेरेसा प्लस 2 उच्च विद्यालय, महुआडांड़ में रिपोर्टिंग करेंगे। अधिक जानकारी हेतु उपर दिये गये नम्बर पर सम्पर्क करें।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 343773 (District) 24-25 (D)

## एक नजर

### शैक्षणिक और प्रशासनिक विषयों पर हुई चर्चा

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय के सभागार में बुधवार को शिक्षकों की गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी में आकांक्षा परीक्षा, शिशु पंजी, मध्याह्न भोजन (एमडीएम), पोशाक वितरण, एसएमसी प्रशिक्षण समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सूरज टोप्पो ने शिक्षकों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना होगा। इसके अलावा, सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों (एचएम) को विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए।

### कंप्यूटर इंजीनियर ने फंदे से लटक कर दी जान



**घाघरा।** घाघरा थाना प्रखंड मुख्यालय स्थित पाकर टोली रोड स्थित कंप्यूटर इंजीनियर गौतम भगत 24 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत का बड़ा पुत्र है। पिता योगेंद्र भगत ने बताया कि वह चंडीगढ़ में रहकर इंजीनियरिंग का पढ़ाई करने के बाद कई नौकरी छोड़कर बर्तमान में अपने घर मे ही रह रहा था। मंगलवार को घटना के दिन वह अपने कमरे में दरवाजा बंद कर सो रहा था। मंगलवार को नारी न्याय सदस्य सम्मान को लेकर के कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम के उपरांत बॉबी भगत कार्यक्रम से जब वह शाम करीब 6 बजे घर लौटी उस समय गौतम के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था।

### पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाया

**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने मंगलवार को एक विशेष अभियान के तहत फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चिपकाने का कार्य किया। यह कार्रवाई चैनपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 23/2021 के तहत की गई, जिसमें अभियुक्त सुबोध तिग्गा, पिता सुशील तिग्गा, रामपुर बरटोली का निवासी है।थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के अनुसार, सुबोध तिग्गा कई वर्षों से फरार चल रहा था। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने स्थानीय गांव के लोगों के बीच ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाने का निर्णय लिया।

# सीमावर्ती जंगलों में अंधाधुंध कटाई, लकड़ी माफिया सक्रिय

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पालकोट, बसिया, रायडीह, सिमडेगा और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों में जंगलों की अंधाधुंध कटाई बड़े पैमाने पर जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, जंगलों में मशीनों का उपयोग करके लकड़ी काटी जा रही है, और लकड़ी माफिया सक्रिय होकर इसे चोरी-छिपे तस्करी कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस क्षेत्र में वन विभाग की उपस्थिति के बावजूद अवैध कटाई रुकने का नाम नहीं ले रही। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कुछ अधिकारियों और लकड़ी माफिया के बीच सांठगांठ के चलते यह गतिविधियां बिना किसी रोक-टोक के जारी हैं। कटाई के बावजूद न तो कोई कार्रवाई हो रही है और न ही किसी पर मामला दर्ज किया जा रहा है।



**मशीनों का इस्तेमाल और गोपनीय कटाई :** ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल करके गोपनीय तरीके से बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हो रही है। क्षेत्र में जंगलों का लगातार सफाया हो रहा है, जिससे वन्य जीवन और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

**ग्रामीणों की बढ़ती चिंता :** इस अनियंत्रित कटाई से ग्रामीण काफी चिंतित हैं। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही, तो आने वाले समय में जंगल पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ेगा, बल्कि जीविका पर निर्भर समुदायों का जीवन भी कठिन हो जाएगा।

**वन संरक्षण की अपील :** ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। उनका कहना है कि वन विभाग को सक्रिय होकर लकड़ी माफिया पर कार्रवाई करनी चाहिए और जंगलों की कटाई पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। पालकोट, बसिया और आसपास के जंगलों में अंधाधुंध कटाई न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि यह प्रशासन और वन विभाग की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

### कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

**छात्रवृत्ति योजना :** शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने का निर्देश। पंजीकरण में देरी करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का वेतन स्थगित करने की चेतावनी।

**आवासीय विद्यालयों की स्थिति पर चर्चा :** पेयजल, बिजली, भवन, यूनिफॉर्म वितरण, और स्वास्थ्य जांच जैसे मुद्दों की समीक्षा। नए एडमिशन वाले विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य कार्ड बनाने और नियमित जांच का निर्देश। जर्जर भवनों और शौचालयों की मरम्मत एवं डाइनिंग टेबल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आदेश।

**जलापूर्ति योजनाएं :** डुमरी और अंजन ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा। लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और वन विभाग की अनुमति में तेजी लाने पर जोर।

**साइकिल वितरण योजना :** पात्र विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत साइकिल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश।

**पीवीटीजी व जेटीडीएस योजनाओं की समीक्षा :** पीवीटीजी गांवों में स्वास्थ्य जांच और रिपोर्टिंग में सटीकता सुनिश्चित करने का निर्देश। सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पीवीटीजी समुदायों तक पहुंचाने का आदेश।

बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता), जिला परिषद, माइनर इरीगेशन, शिक्षा विभाग सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर डीसी और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त बैठक आयोजित



गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय और भव्य तरीके से मनाने की तैयारियों के लिए बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की तैयारियों से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मुख्य समारोह के लिए सफाई, पेयजल, बिजली, टेंट, माइक, बैठक और परिवहन जैसी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश। चिकित्सा विभाग को एम्बुलेंस और चिकित्सा कर्मियों के साथ समारोह स्थल पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परेड में भाग लेने वाले बच्चों के लिए विशेष प्रबंध और रिहर्सल के दौरान उनकी सुविधाओं का ध्यान रखने पर जोर दिया गया। शहर के प्रमुख स्थलों, सरकारी कार्यालयों और समाहरणालय में आकर्षक रोशनी की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पर्यटन, पशुपालन और नगर परिषद विभागों को झांकियों की तैयारी के निर्देश। झांकियों के माध्यम से जिले की उपलब्धियों और सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने की योजना। बैठक में उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक पीडीआईटीडीए, निदेशक डीआरडीए, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी विभागों से गणतंत्र दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने की अपील की। यह आयोजन जिले की संस्कृति और एकता का प्रतीक होगा, जिसे भव्यता और उत्साह के साथ मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

### स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित

**गुमला।** आज बुधवार को परियोजना निदेशक, पीडीआईटीडीए, सुश्री रीना हांसदा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एएनसी चेकअप, होम डिलीवरी के कारणों एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। सुश्री हांसदा ने निर्देश दिया कि यदि होम डिलीवरी भवनों की भौतिक स्थिति के कारण हो रही है, तो ऐसे मामलों में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए और अस्पतालों में संस्थागत प्रसव (इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी) को बढ़ावा दिया जाए। इसके अतिरिक्त, बैठक में सिकल सेल एनीमिया की अध्ययन स्थिति, मिर्गी रोगियों के लिए बेहतर इलाज की व्यवस्था, तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों की प्रगति पर भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन विषयों पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान नियमित टीकाकरण (रूटीन इम्यूनाइजेशन) पर भी विशेष चर्चा हुई। सुश्री हांसदा ने टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव में 21 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के आम चुनाव 2025 की तैयारियां जोरों पर हैं। चेंबर कार्यालय में मुख्य चुनाव पदाधिकारी और सहायक चुनाव पदाधिकारी के समक्ष कुल 21 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। आज, 8 जनवरी को चेंबर कार्यालय सुबह 11 बजे से 12 बजे तक खोला गया, जिसमें 32 नामांकन पत्र और 2 मतदाता सूची की बिक्री हुई। इसके बाद, अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक भी नामांकन पत्रों की बिक्री जारी रही, जिसमें 4 नामांकन पत्र और 1 मतदाता सूची बिके। इस दौरान कुल 21 नामांकन दाखिल किए गए। मुख्य चुनाव पदाधिकारी के अनुसार, 9 जनवरी को भी अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री और नामांकन की प्रक्रिया जारी रहेगी। चुनाव प्रक्रिया में निर्दलीय प्रत्याशियों और टीम लीडरों का भी उत्साह देखा गया। इनमें राजेश कुमार सिंह, प्रणय कुमार साहू, अनिकेत कुमार, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल, सोनू एच डी और शंकर लाल साहू के नाम शामिल हैं। आज नामांकन करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में दिलीप कुमार गुप्ता, राजेश कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, पंकज खंडेलवाल, प्रतिक कुमार अग्रवाल (सोनू), प्रणय कुमार साहू (बिट्टू), राहुल केशरी, अनिकेत कुमार, सोनी देवी, नीरज कुमार गुप्ता, राजेश लोहानी, अभिजीत कुमार जयसवाल (रॉकी), गुरमीत सिंह, आदित्य कुमार गुप्ता, गुन्नू शर्मा, अमित मंत्री (गोलू), मुनी लाल साहू, रितेश कुमार गुप्ता, मो० इम्तियाज, बबलू वर्मा, और अमित मंत्री शामिल हैं। मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि जो व्यापारी चुनाव में भाग लेना चाहते हैं, वे 9 जनवरी तक अपना नामांकन समय पर दाखिल कर सकते हैं।

# नवा टोली स्थित नदी से रात दिन हो रहा बालू का अवैध कारोबार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** नागफेनी स्थित आर आई बी कैंप के पीछे नावाटोली नदी से रात दिन अवैध रूप से बालू की तस्करी की जा रही है। मंगलवार की सुबह 9 बजे करीब दो दर्जन ट्रैक्टर बालू की ढुलाई करने नदी पहुंचे। हालांकि इस बात की जानकारी खनन विभाग और पुलिस अधिकारियों को भी है लेकिन पैसों के बल पर सारा मामला दब जाता है। ऐसा ग्रामीण बताते हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि रात भर ट्रैक्टर और हाईवा की आवाज सुनाई देती है। अब तो बालू तस्कर बेखौफ होकर दिन में भी नदी से बालू की तस्करी कर रहे हैं।बता दें कि अवैध रूप से बालू का खनन हो रहा है बालू को गुमला जिला सहित रांची में भी भेजा जाता है जहां ऊंचे दाम में बालू की बिक्री की जाती है। इस धंधे में स्थानीय कई प्रतिनिधि और अधिकारियों का कमीशन बंधा है। जिसके कारण निरंतर बालू का गोरख धंधा चल रहा है। गुमला के एक बड़े पुलिस अधिकारी को सबूत के साथ इस बात की जानकारी दी गई थी लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। बालू तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करना कई सवालों को जन्म देता है। एक ग्रामीण ने नाम उजागर नहीं करने के शर्त पर बताया सप्ताह में गुमला से एक अधिकारी आते हैं और मोटी रकम लेकर चले जाते हैं। बीच-बीच में खनन विभाग और अधिकारी नदी पहुंचकर निरीक्षण करने के बाद खाना पूर्ति कर वापस लौट आते हैं।

## एनएच 23 पर सर्विस सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो स्थित पलमाडीपा के पास एनएच 23 पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान सर्विस सड़क निर्माण की मांग को लेकर तुरीअम्बा पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण सड़क पर उतर आए। उन्होंने निर्माण कार्य को कुछ समय के लिए बाधित कर दिया और ब्रिज के दोनों ओर सर्विस सड़क बनाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र से हजारों लोगों का रोजाना आवागमन होता है, जिसमें स्कूली बच्चे, किसान और वृद्धजन शामिल हैं। सर्विस सड़क के अभाव में इन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण पूर्व में एनएचएआई, उपायुक्त गुमला और निर्माण कंपनी आरकेडी को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन उनकी मांग पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूचना मिलने पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजीव रंजन, आरकेडी कंपनी के जीएम संदीप सिंह और साइड इंचार्ज सुब्रतो दास मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

# लापरवाह हुआ पीएचडी विभाग का घाघरा मुख्यालय प्रतिदिन बर्बाद हो रही है हजारों लीटर पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** कहते है कि जल ही जीवन है। यह बात सबों ने माना है खासकर गर्मी के मौसम में इसकी महत्ता बूंद-बूंद के लिए होती है। सरकार द्वारा जल संरक्षण को लेकर कई कदम उठाए गए हैं। लेकिन इसका सकारात्मक नतीजा अबतक नहीं निकल पाया है। सरकार का पीएचडी विभाग की लापरवाही के कारण हजारों लीटर पानी यहां बर्बाद हो रहा है। जिसके कारण सरकार के साथ-साथ आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही आलम है की घाघरा प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड में पेयजल आपूर्ति विभाग के लापरवाही से प्रतिदिन हो रही है हजारों लीटर पानी की बबार्दी । करोड़ों रुपए की लागत से पानी को हर घर जल योजना के तहत सभी घरों में पहुंचाने का लक्ष्य था। लेकिन पेयजल पाइपलाइन कनेक्शन भी पूरा नहीं हुआ और पानी चालू कर दिया जाता है जिसके कारण पानी घर पर नहीं पहुंच कर बर्बाद हो रही है। पाइप लीकेज के कारण सिर्फ बाजार टांड ही नहीं बल्कि मेन रोड में भी पानी बह रही है। इसपर विभाग द्वारा काम भी किया गया। लेकिन देखरेख के अभाव में आम जन तक पानी नहीं पहुंचकर बर्बाद हो रहा है। जिसे सुध लेने वाला कोई नहीं है।



### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के लिए जिला कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक आयोजित

# एमडीए चक्र की रणनीति पर विस्तार से चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान (एमडीए चक्र) को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में फरवरी 2025 से शुरू होने वाले एमडीए अभियान के तहत जिले के 100% पात्र लोगों तक दवा पहुंचाने और अभियान को प्रभावी बनाने की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श हुआ।



**अभियान की रणनीति व विभागीय भागीदारी :** उपायुक्त ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने दायित्वों को समझते हुए अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक में शिक्षा, समाज कल्याण, पेयजल एवं स्वच्छता, खाद्य आपूर्ति, पंचायत राज, नगर पंचायत, सूचना एवं जनसंपर्क, जिला पशुपालन विभाग और पीरामल फाउंडेशन गुमला समेत कई विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की गई।

**हाइड्रोसील और फाइलेरिया मरीजों के लिए विशेष कदम :** हाइड्रोसील मरीजों की सर्जरी के लिए हर सीएचसी केंद्र में समर्पित दिन निर्धारित होगा। फाइलेरिया मरीजों की लाइव सूची तैयार कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। मरीजों के इलाज को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

**जागरूकता और प्रशिक्षण :** आंगनवाड़ी केंद्रों, सेविकाओं, और सहियाओं को अभियान से जोड़ने और उन्हें उचित प्रशिक्षण देने पर जोर दिया गया। यह सुनिश्चित किया गया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर दवा खिलाने की प्रक्रिया को सुचारू रूप से अंजाम दें।

**अभियान का विवरण :** डिस्ट्रिक्ट लेवल मलेरिया कंसलटेंट शर्मिला शर्मा ने बताया कि जिले में कुल 3986 फाइलेरिया मरीज हैं, जिनमें से 1384 मरीज हाइड्रोसील से पीड़ित हैं। एमडीए अभियान के तहत 10 फरवरी 2025 से दवा खिलाने का कार्य प्रारंभ होगा।

**सामूहिक संकल्प :** बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया। हम फाइलेरिया उन्मूलन हेतु 10 फरवरी 2025 से शुरू हो रहे एमडीए अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे और दवा को स्वास्थ्य कार्यकर्ता के सामने खाकर दूसरों को भी प्रेरित करेंगे।

## भाजयुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

*180 छात्र-छात्राओं ने ली भाजपा की सदस्यता*

**गुमला।** भाजपा का सदस्यता अभियान प्रदेशभर में जोर-शोर से चल रहा है, और गुमला में आज भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा (भा.ज.यु.मो.) द्वारा इस अभियान को आगे बढ़ाया गया। जिला अध्यक्ष संदीप प्रसाद के नेतृत्व में कार्तिक उरांव कॉलेज गेट के पास आयोजित इस सदस्यता अभियान में कॉलेज के लगभग 180 छात्र-छात्राओं ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। संदीप प्रसाद ने छात्रों से अपील करते हुए कहा की आप सभी को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई जा रही है, लेकिन भविष्य में आप सभी सक्रिय राजनीति में आकर देश और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मोदी जी की सकारात्मक सोच और नीतियों के परिणामस्वरूप आज युवाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में सुनिश्चित की जा रही है। आने वाले दिनों में संगठन की बागडोर भी युवाओं के हाथ में सौंपी जाएगी। संदीप प्रसाद ने सदस्यता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि वे अन्य युवाओं को भी भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का प्रयास करें, ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और युवाओं का सक्रिय योगदान बढ़े। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, निर्मल गोयल, विनोद कुमार, भोला चौधरी, रामावतार भगत, विकास कुमार सिंह, बालकेशवर सिंह, खुशी कुमारी, शंकर उरांव, जयंत कुमार सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अनुसूचित जाति निगम सहकारिता समिति के पदाधिकारियों ने चमरा लिंडा से की मुलाकात



**गुमला।** झारखंड के हजारीबाग, देवघर, गोड्डा, गिरिडीह और गुमला जिलों के अनुसूचित जाति निगम सहकारिता विकास समिति के पदाधिकारियों ने आज झारखंड सरकार के समाज कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से उनके आवास पर मुलाकात की। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विकास और अनुसूचित जाति समुदाय के उत्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पदाधिकारियों ने कहा कि जिन जिम्मेदारियों के साथ उन्हें समुदाय के उत्थान के लिए भेजा गया है, उसमें सभी को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। पदाधिकारियों ने मंत्री से आग्रह किया कि अनुसूचित जाति समुदाय के उत्थान के लिए सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सहकारिता समितियों को और अधिक सशक्त बनाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में भीम टाइगर डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय एकता मंच के जिला अध्यक्ष और बसपा लोहरदगा संसदीय प्रभारी प्रमोद कुमार मोची, शंभु रविदास, दिनेश रविदास, मनोज मेहरा, संतु रविदास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने पदाधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना और विकास कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया। यह मुलाकात अनुसूचित जाति समुदाय के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### खरवार आदिवासी एकता संघ ने दी श्रद्धांजलि



**गुमला।** गुमला के सरना टोली में बुधवार को खरवार आदिवासी एकता संघ, झारखंड प्रदेश की विशेष बैठक जिला अध्यक्ष देवी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड प्रदेश के सभी पूर्व संगठनों को भंग करते हुए 'खरवार आदिवासी एकता संघ, झारखंड प्रदेश' के नाम से एक नई संघ की स्थापना की गई। संघ के सदस्यों ने विगत वर्ष गुमला जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाए गए प्रथम स्थापना दिवस को याद किया और इस बार 12 जनवरी 2025 को लातेहार जिले में आयोजित होने वाले द्वितीय स्थापना दिवस की तैयारी पर चर्चा की। बैठक के दौरान अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर सादगीपूर्वक स्थापना दिवस मनाया गया। बैठक में 12 जनवरी को लातेहार में होने वाले स्थापना दिवस समारोह में गुमला जिला की गरिमामय उपस्थिति सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में खरवार लोक सेवक संघ, झारखंड के सचिव रण विजय सिंह, जिला अध्यक्ष बाबूलाल खेरवार, संरक्षक रामचंद्र खेरवार, प्रदेश कमिटी के सदस्य बजरंग सिंह, सिसई प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल सिंह, प्रद्युमन खेरवार, भैयालाल खेरवार, दशरथ खेरवार, हरिनंदन खेरवार, रघुनंदन खेरवार समेत कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

### लाह पालन प्रशिक्षण और टूल किट वितरण, कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिसई (गुमला)।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत सिसई प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नगर में एक दिवसीय लाह पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के माननीय मुख्यमंत्री सह अध्यक्ष-सिद्धकोफेड, हेमन्त सोरेन जी की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत किसानों को वैज्ञानिक पद्धती से लाह खेती में निपुण बनाना और उनकी उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने के लिए आवश्यक टूल किट प्रदान करना हैं। यह पहल क्षेत्र में लाह किसानों को सशक्त बनाने और लाह उद्योग के विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस कार्यक्रम के तहत सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड रांची (सिद्धकोफेड) द्वारा 200 लाह उत्पादक कृषकों को प्रशिक्षण एवं लाह किट का वितरण किया गया। इस कार्यकर्म में बिंदेश्वरी शर्मा, विकास पदाधिकारी, कुमार सौरव, वरिष्ठ सलाहकार- राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (सिद्धकोफेड), चंदन बेरा, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, माधुरी बेक जिला सहकारिता पदाधिकारी गुमला, रवि उराँव-मुखिया, नगर पंचायत रुक्मिन देवी-उप मुखिया, नगर पंचायत, मारवाड़ी उराँव-ग्राम प्रधान,कर्मदेव बड़ाइक-अध्यक्ष, परीबा उराँव-सचिव, नगर लैंपस, दामोदर सिंह, कार्तिक नागेशीय-कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य कई सम्मानित व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनके योगदान ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भाजपा चैनपुर मंडल की सदस्यता अभियान की बैठक का आयोजन



**चैनपुर।** भाजपा चैनपुर मंडल ने स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने की, और इसका मुख्य उद्देश्य सदस्यता अभियान को गति प्रदान करना था। बैठक में प्रदेश से नियुक्त पदाधिकारी जगनारायण सिंह और यशवंत सिंह भी उपस्थित रहे। जगनारायण सिंह ने बताया कि भाजपा पूरे देश में सदस्यता अभियान चला रही है, जिसकी शुरूआत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं पहले सदस्य बनकर की थी। यशवंत सिंह ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, और हमारा उद्देश्य सिर्फ सदस्यता ग्रहण करवाना नहीं, बल्कि पार्टी को मजबूत कर देश के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है।बैठक में बताया गया कि मंडल के सभी पदाधिकारियों को पचास लोगों को लिंक के माध्यम से सदस्य बनाना है। जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप शाहदेव ने उल्लेख किया कि लोग 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। उन्होंने सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी और संयोजकों को निर्देशित किया कि वे अपने केंद्रों में जाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता ग्रहण कराएं। मंडल अध्यक्ष बुधराम नायक ने बताया कि इस अभियान की अंतिम तारीख 14 जनवरी है। इस बीच, सभी शक्ति केंद्रों के प्रभारी अपने-अपने केंद्रों में बैठक के माध्यम से सदस्य बनाएंगे।बैठक में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक, उपाध्यक्ष अरविंद मौर्य, राजेश मांझी, दीपक राक, रजक नवीन प्रकाश, आइंद गुलाब साय, शिवम केशरी, बासुदेव मुंडा, संतोष केशरी, खम्मन खेरवार, राजेश भगत, ममता देवी, सावित्री देवी, इला देवी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। यह बैठक भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिससे पार्टी का आधार और भी मजबूत होगा।

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**



## संपादकीय

# मुफ्त की रेवड़ी और सुप्रीम कोर्ट की फटकार

फ्री बीज यानी मुफ्त की रेवड़ियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। जजों के वेतन में परेशानी पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। जस्टिस गवई की बेंच ने राज्य सरकारों पर टिप्पणी की है। चुनावी वादों के लिए सरकारों के पास पैसा है लेकिन जजों को सैलरी देने में परेशानी हो रही है। फ्री बीज के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार ऐसे समय में सामने आई है जब पूरे देश में अलग अलग राज्यों में मुफ्त की योजनाओं की बहार आई हुई है और दिल्ली चुनाव में भी सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी अपनी ओर से अपने अपने वादे और दावे किए हुए हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की ये टिप्पणी काफी मायने रखती है और जजों को सैलरी देने में परेशानी की बात कही गई है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव से पहले चाहे कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी बिजली-पानी मुफ्त की बात लगातार कही जा रही है। अब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों के वेतन में परेशानी आ रही है। लेकिन आपको इससे कोई मतलब नहीं है।न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह मौखिक टिप्पणी उस समय की, जब अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने दलील दी कि सरकार को न्यायिक अधिकारियों के वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों पर निर्णय लेते समय वित्तीय बाधाओं पर विचार करना होगा। राज्य के पास उन लोगों के लिए पैसा है जो कोई काम नहीं करते। चुनाव आते हैं, आप लाडली बहना और अन्य नयी योजनाएं घोषित करते हैं, जिसके तहत आप निश्चित राशि का भुगतान करते हैं। दिल्ली में अब आए दिन कोई न कोई पार्टी घोषणा कर रही है कि वे सत्ता में आने पर 2,500 रुपये देंगे। शीर्ष अदालत ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को पेंशन के संबंध में अखिल भारतीय न्यायाधीश संघ द्वारा 2015 में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। वेंकटरमणि ने कहा कि वित्तीय बोझ की वास्तविक चिंताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। मुफ्त की रेवड़ी एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनी हुई है। हालांकि कोई भी राजनीतिक पार्टी इसमें पीछे नहीं रहती है। अलग अलग प्रदेश में राज्य सरकारों की ओर से इसको लेकर ऐलान किया गया। मुफ्त में चीजें बांटने का इसका फायदा निश्चित तौर पर राजनीतिक पार्टियों को भी हुआ है। इससे पहले 16 अक्तूबर 24 को सुप्रीम कोर्ट ने चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों की तरफ से मुफ्त की रेवड़ियों का वादा करने के चलन के विरुद्ध एक नई याचिका पर केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पाडीर्वाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर ये नोटिस जारी किए थे। वकील श्रीनिवास की तरफ से दायर याचिका में निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के वादे करने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है, 'मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के बेलगाम वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाब वित्तीय बोझ डालते हैं।'इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र नहीं है कि चुनाव से किए वादे पूरे किए जाएं।' सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को इसी मुद्दे पर अन्य याचिकाओं से संबद्ध कर दिया। इससे पहले, न्यायालय चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का वादा करने के चलन के विरुद्ध याचिकाओं पर सुनवाई करने पर सहमत हो गया था। वकील एवं जनहित याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने मामले पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। उपाध्याय की याचिका में कहा गया है कि मतदाताओं से अनुचित राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लोकलुभावन उपायों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि वे संविधान का उल्लंघन करते हैं और निर्वाचन आयोग को उचित निवारक उपाय करने चाहिए।

# कश्मीर का नाम बदलने की तैयारी में मोदी सरकार, शाह ने किया खुलासा




यह एक चौंकाने वाला समाचार हो सकता है। आने वाले दिनों में यदि भारत के कश्मीर वाले भूभाग का नाम बदल दिया जाए तो न कोई आश्चर्य और न इसमें चौंकने वाली कोई बात होगी। यह सबकुछ अभी सिर्फ एक आशंका सी है परन्तु यदि केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह के वक्तव्यों को गंभीरतापूर्वक लें तो कहीं न कहीं नाम परिवर्तन की प्रक्रिया का श्रीगणेश हो चुका है। ज्ञातव्य है कि गत 2 जनवरी 2025 को नई दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया था। 'जम्मू कश्मीर और लद्दाख : थ्रू द एजेस' नाम की इस पुस्तक के विमोचन समारोह में श्री शाह मुख्य अतिथि थे और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इतना ही नहीं, इस समारोह में देश के कई जाने माने लेखकों, शिक्षाविदों, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति भी थी। इतने हाई प्रोफाइल समारोह से यदि कोई संकेत निकलकर सामने आए तो उसे हल्के में कतई नहीं लिया जा सकता और संकेत देने वाला शख्सियत यदि अमित शाह जैसा कोई राजनेता हो तो इसकी गंभीरता स्वतः साबित हो जाती है। बताते चलें नेशनल बुक ट्रस्ट और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के संयुक्त प्रयासों से हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित 'जम्मू कश्मीर और लद्दाखः थ्रू द एजेस' में जम्मू कश्मीर और लद्दाख को लेकर एक बड़ा सा प्रारूप पेश किया गया है। इस किताब के शीर्षक के अनुरूप जम्मू कश्मीर व लद्दाख की कहानी को एक ऐसे दस्तावेज के तौर पर पेश किया गया है जिससे इस क्षेत्र के विशेषज्ञों और वातार्कारों को सरलता के साथ एक खाका उपलब्ध हो सके। सात खंडों वाले इस पुस्तक में वहां के इतिहास को तीन हजार से अधिक वर्षों के दायरे में समेटने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में किए गए दावों की मानें तो चुने गए प्रत्येक चित्रण को उम्र, महत्ता और भारतीय इतिहास के बड़े कैनवास में पूरी सावधानी के साथ शामिल किया गया है।

इस पुस्तक का विमोचन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो कुछ कहा उसकी चर्चा यहां विशेष तौर पर प्रासांगिक है जिसके अनुसार कश्मीर का नाम ऋषि कश्यप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि कश्मीर ही वह भूखंड है जहां भारतीय संस्कृति की नींव पड़ी थी और यहीं सूफी, बौद्ध और शैल मठों का विकास संभव हो सका। इस अवसर पर कश्मीर की संस्कृति और कश्मीरी, डोगरी, बालटी झंस्कारी आदि भाषाओं को दी गई स्वीकृति धारा 370 और 35ए के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जिस सधे हुए अंदाज में उन्होंने कश्मीरी संस्कृति के संरक्षण की बात की उससे यह स्पष्ट हो गया कि वे लुटियन जोन की मानसिकता को दरकिनार करने संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ज्ञातव्य है कि भाजपा देश को बांटने और कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए उन लोगों को जवाबदेह मानती रही है जिन्होंने धारा 370 और 35 ए का लगातार पोषण किया। इन धाराओं को हटाकर कश्मीर में विकास के रास्ते खोलने का दावा करते हुए।

उन्होंने पुनः पार्टी लाईन की इस बात को दुहराया कि इन्हीं धाराओं के कारण कश्मीर में आतंकवाद पनपा था और अब इनकी समाप्ति के बाद कश्मीर में अमन शांति है। यहाँ अमन चैन से संबंधित उनका मंतव्य एकदम से साफ नजर आया कि कश्मीर का इतिहास अब इस पुस्तक के जरिए प्रमाणित किया जाएगा। इसे तार्किक बनाने के उनके वक्तव्य को इस अंदाज से भी समझा जा सकता है कि भारत का इतिहास और संस्कृति पूरे देश में फैली हुई है, कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है व कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा। इस पुस्तक में दिए गए ऐतिहासिक प्रमाणों की चर्चा करते हुए उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कश्मीर में जो मंदिर पाए गए हैं, वे भारत के साथ कश्मीर के अटूट संबंधों को दिखाते हैं।

इस पूरे कार्यक्रम में उन्होंने जिस तथ्य की गंभीरता के साथ चर्चा की उसके अनुसार भारत का इतिहास कभी भी लुटियन दिल्ली से नहीं लिखा जा सकता। उसे वास्तविकता को समझकर और प्रमाणों के आधार पर लिखा जाना चाहिए क्योंकि भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसकी सीमाएं सांस्कृतिक परंपरा के आधार पर तय होती हैं और दुनिया में कोई भी देश हमें भू-राजनीतिक नजरिए से परिभाषित नहीं कर सकता। भारत की एकता और अखंडता की ताकत उसकी संस्कृति में निहित है। उनके इस भाषण को यदि साफगोई से देखा जाए तो इस अवधारणा को बल मिलने लगता है कि कश्मीरियत को भी अब भारतीय संस्कृति के दायरे में लाने की जरूरत है और इसके लिए जरूरी है कि इस क्षेत्र की पहचान को एक नया स्वरूप दिया जाए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज की बात



केदारनाथ दास
बसिया।

## आपकी बात

# सपनों की धरती पर लाठी का राज



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

उस दिन सूरज भी अपनी किरणों के साथ धरने पर बैठा था। उसका कहना था, इतनी बेईमानी देखना मेरे बस की बात नहीं। वहीं, धरने पर बैठे छात्र किताबें लेकर आए थे। किताबें, जो अब सिर्फ कागज के ढेर से ज्यादा कुछ नहीं थीं। उनमें लिखे सवाल हवा में तैर रहे थे, मानो पूछ रहे हों, क्या हमारी कोई अहमियत है? सरकार की तरफ से पहले तो चाय-पानी का इंतजाम आया, फिर पुलिस का। छात्र बैठे रहे, पुलिस खड़ी रही। कुछ देर बाद, पुलिस ने अपने 'लाठी-प्रणाम' से छात्रों को सलामी दी। हर लाठी की चोट के साथ सरकार की नीयत का 'नोटिस' छात्रों के शरीर पर लाल निशान बनाकर लिख दिया गया। लाठीचार्ज के बाद, अस्पतालों में छात्र भर्ती हुए। डॉक्टर भी कुछ निराश लग रहे थे। एक डॉक्टर ने कहा, भाई, सरकार को तो नौकरी देनी नहीं है, लेकिन मरीज खूब दे रही है। सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा, छात्रों ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए हमने कार्रवाई की। एक पत्रकार ने पूछा, छात्रों का क्या नुकसान हुआ? प्रवक्ता बोले, वो तो उनकी पढ़ाई-लिखाई का ही नुकसान है। जब नौकरी नहीं है, तो पढ़ाई का क्या फायदा? धरना खत्म नहीं हुआ था। खून के निशान मिटाने वाले बयान टीवी पर आते रहे। यह लाठीचार्ज छात्रों की भलाई के लिए था। अब वे धरने पर बैठने की बजाय नौकरी ढूंढने जाएंगे। धरना स्थल पर एक नई बहस शुरू हो गई। एक छात्र बोला, सरकार कहती है, पैसा नहीं है। लेकिन मंत्री जी की नई गाड़ी में पैसे का कोई अभाव नहीं दिखा। दूसरा छात्र हंसा और बोला, भाई, पैसा है, लेकिन हम पर खर्च करने के लिए नहीं। भ्रष्टाचार में इन्वेस्ट करने के लिए है। इधर, धरना स्थल पर कुछ बच्चे आ गए। उन्होंने पूछा, भाईया, आप लोग क्या कर रहे हो? छात्रों ने जवाब दिया, हम नौकरी मांग रहे हैं। बच्चों ने मासूमियत से कहा, तो पढ़ाई क्यों की? यह सुनकर छात्रों के चेहरे पर गहरी उदासी छा गई। सरकार के मंत्री जी ने अगले दिन एक बयान दिया, हमने छात्रों के भविष्य के लिए बड़े कदम उठाए हैं। उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है। अब वे अपनी समस्याओं का समाधान खुद ढूंढेंगे। एक पत्रकार ने पूछा, और नौकरी? मंत्री जी मुस्कुराए और बोले, अरे भाई, देश के युवा अब स्टार्टअप्स पर ध्यान दें। नौकरी मांगने से ज्यादा नौकरी देने की सोचें। धरना जारी था। लाठीचार्ज के बाद भी। छात्रों का कहना था, हम पढ़ाई करके बैठे हैं, पर सरकार के कानों तक यह बात पहुंचाने के लिए हमें चिल्लाना पड़ेगा। **कुछ दिन बाद, धरने पर बैठे छात्रों में से एक ने एक कविता लिखी :** खून बहा, मगर वादे नहीं बने, सरकार ने फिर से सपने छीने। पढ़ाई की, मेहनत की रात-दिन, मगर हमारी बातें, सुनता कौन? धरने के पास से गुजरते लोग रुके। कुछ ने समर्थन दिया, तो कुछ ने कहा, इतने सालों तक पढ़ाई की, अब धरने पर बैठने का वक्त है? छात्रों ने जवाब दिया, पढ़ाई तो की, मगर नौकरी नहीं मिली।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज की बात

# भारत में फास्ट फूड की बढ़ती खपत चिंता का विषय



सनत जैन

भारत में फास्ट फूड का चलन लगातार बढ़ता चला जा रहा है। हाल ही में जो रिपोर्ट आई है। उसके अनुसार प्रति व्यक्ति फास्ट फूड का प्रति व्यक्ति खर्च भारत में बढ़ता ही चला जा रहा है। फास्ट फूड अब गांवों तक में लोकप्रिय हो गया है। गरीब और मजदूरों के बीच में भी फास्ट फूड की मांग तेजी के साथ बढ़ रही है। जिसके कारण बच्चों और सभी वर्गों की एक बड़ी आबादी में बीमारियां बढ़ रही हैं। ग्रामीण अंचलों में एक्सपायर फास्ट फूड के पैकेट बड़ी मात्रा में बेचे जा रहे हैं। जिसके कारण ग्रामीण अंचलों में बीमारियां बड़ी तेजी के साथ बढ़ती चली जा रही हैं। जिस तरह से फास्ट फूड का चलन शहरों से लेकर गांवों तक बढ़ता ही चला जा रहा है। यह भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। फास्ट फूड का चलन बढ़ने से जहां भारत में बीमारियां बड़ी तेजी के साथ सभी आयु के लोगों में बढ़ती जा रही हैं। वहीं पर्यावरण को भी बड़ा नुकसान हो रहा है। भारत में पारंपरिक तरीके से जो हेल्दी डाइट स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होती थी। अब वह उपलब्ध नहीं हो पा रही है। रोजगार को लेकर भी एक बड़ी समस्या खड़ी होने लगी है। ग्रामीण अंचलों के स्थानीय रोजगार फास्ट फूड के कारण बंद होते जा रहे हैं। जिसके कारण स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी भी बढ़ रही है। ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान हो रहा है। भारत सरकार को फास्ट फूड की बिक्री से बड़े पैमाने पर जीएसटी से राजस्व मिलता है। तमाम बुराइयों के बाद भी सरकारें फास्ट फूड को लेकर लगातार अनदेखी बरत रही हैं। पिछले दिनों जीएसटी को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के वित्त मंत्रियों की बैठक हुई थी। इसमें 28 से 35 फीसदी जीएसटी करने का सुझाव आया। सरकारें जीएसटी के जरिए राजस्व को बढ़ाने के लिए हर उस बुराई को बढ़ाने का काम कर रही है। जिसे सरकार को रोकना चाहिए था। फास्ट फूड के कारण भारत में प्लास्टिक कचरे का ढेर बढ़ता ही चला जा रहा है। जो पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। सारे फास्ट फूड प्लास्टिक मे पैक होकर बाजार में बिक रहे हैं। प्लास्टिक को सड़ने में और खत्म होने में कई दशक लग जाते हैं। प्लास्टिक के कारण खेती से लेकर अन्य सभी चीजों में भारी नुकसान हो रहा है। जिसके कारण भारत के जलवायु पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**यदि आप अपने भीतर ईश्वर से सम्पर्क करें, तो आप जान जाएँगे कि वे सबमें हैं, और वे ही सब जातियों के बच्चे बन गए हैं। तब आप किसी के भी शत्रु नहीं हो सकते। यदि सम्पूर्ण संसार उस विश्वजनीन प्रेम के साथ प्रेम कर सके, तो मनुष्यों को एक-दूसरे के विरुद्ध हथियार उठाने की आवश्यकता नहीं रहेगी।**

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा




श्री श्री परमहंस योगानंद


आत्मा को मानव-निर्मित परिसीमाओं में बन्द नहीं किया जा सकता। इसकी राष्ट्रीयता ब्रह्म है; इसका देश सर्वव्यापकता है। यदि आप अपने भीतर ईश्वर से सम्पर्क करें, तो आप जान जाएँगे कि वे सबमें हैं, और वे ही सब जातियों के बच्चे बन गए हैं। तब आप किसी के भी शत्रु नहीं हो सकते। यदि सम्पूर्ण संसार उस विश्वजनीन प्रेम के साथ प्रेम कर सके, तो मनुष्यों को एक-दूसरे के विरुद्ध हथियार उठाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। स्वयं अपने क्राइस्ट सरीखे उदाहरण के द्वारा हमें सभी धर्मों, सभी राष्ट्रों एवं सभी जातियों में एकता लानी होगी। व्यापक दयाभाव एवं विवेकशील अन्तर्दृष्टि, जो कि सांसारिक सन्तापों का निवारण करने के लिए आवश्यक है, मात्र मानवीय विविधताओं के बौद्धिक आंकलन से नहीं, अपितु व्यक्तियों की गहनतम एकता - ईश्वर के साथ सम्बन्ध, के ज्ञान से ही प्रवाहित हो सकती हैं। संसार के उच्चतम आदर्श-विश्वबन्धुत्व के द्वारा शान्ति-को अनुभव करने की दिशा, में योग अर्थात परमात्मा से व्यक्तिगत सम्पर्क करने के विज्ञान का, समय के साथ सभी देशों में, सभी व्यक्तियों में विस्तार हो। विश्व का भयावह राजनैतिक घटनाक्रम इस सत्य की ओर कटु संकेत कर रहा है कि आध्यात्मिक दृष्टि के बिना लोगों का विनाश होता है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**आने को आया मगर कहाँ गया मधुमास।
पेड़ न हरियाली दिखें, कहाँ छिपा उल्लास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। **–संपादक**

## देश की बात

# मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत का शैक्षिक पुनर्जागरण



प्रो. आरके जैन अरिजीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी नेतृत्व में भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने और वैश्विक पटल पर मजबूती से उभरने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल की हैं। विदेशी छात्रों के लिए आरंभ की गई 'ई-छात्र वीज' और 'ई-छात्र-एक्स' वीजा योजनाएं इस दिशा में एक अद्वितीय मील का पत्थर सिद्ध हो रही हैं। 'ई-छात्र वीजा' भारत में उच्च शिक्षा के इच्छुक विदेशी छात्रों को आमंत्रित करता है, जबकि 'ई-छात्र-एक्स' वीजा उनके परिजनों को साथ रहने की सुविधा देकर उन्हें आत्मीयता का अहसास कराता है। यह अनूठा कदम भारत को एक मैत्रीपूर्ण, समावेशी और विश्वस्तरीय शैक्षणिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास है। भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा का अनुपम केंद्र रहा है। नालंदा और तक्षशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने न केवल भारतीय शिक्षा की उत्कृष्टता का प्रमाण दिया, बल्कि इसे विश्वभर में एक आलोक स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस गौरवमयी परंपरा को आधुनिक युग में पुनर्जीवित करने का दृढ़ संकल्प लिया है। उनकी डिजिटल इंडिया पहल के अंतर्गत 'स्टडी इन इंडिया' (एस.आई.आई) पोर्टल की शुरूआत, शिक्षा के क्षेत्र में भारत को पुनः वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह पोर्टल विदेशी छात्रों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच के रूप में कार्य करता है, जहां वे अपनी पसंद के विश्वविद्यालय और पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। साथ ही, वीजा प्रक्रिया को त्वरित, सरल और पारदर्शी तरीके से पूरा कर सकते हैं। यह पहल छात्रों के अनुभव को सहज, सुलभ और सुखद बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। विदेशी छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने का यह अभूतपूर्व प्रयास भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक परिदृश्य पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। इन छात्रों की उपस्थिति से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, बल्कि उनके दैनिक जीवन की आवश्यकताओं, जैसे आवास, भोजन, परिवहन और अन्य सेवाओं पर होने वाला खर्च स्थानीय व्यवसायों और उद्यमों को सशक्त करेगा। इसके साथ ही, यह पहल सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति का सूत्रपात करेगी। विभिन्न देशों और पृष्ठभूमियों से आने वाले छात्र भारत की बहुरंगी संस्कृति, प्राचीन परंपराओं और अतुलनीय आतिथ्य भावना का अनुभव करेंगे। यह 'वसुधैव कुटुंबकम' के शाश्वत संदेश को साकार करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कार्यशैली में दूरदृष्टि, नवाचार और समग्रता का अद्वितीय समन्वय झलकता है। उनकी नीतियां भारत को शिक्षा के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में सशक्त कदम उठा रही हैं। वीजा प्रक्रिया को सरल बनाकर और छात्रों के परिजनों को 'ई-छात्र-एक्स' वीजा के माध्यम से साथ रहने की अनुमति देकर, उन्होंने एक ऐसा वातावरण तैयार किया है जो शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों को संभव बनाता है। 'ई-छात्र वीजा' विदेशी छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और तकनीकी शिक्षा में अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। यह पहल न केवल भारत की शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ और समावेशी बना रही है, बल्कि वैश्विक छात्रों के लिए भारत को एक आदर्श शिक्षा केंद्र के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भारत में विदेशी छात्रों की संख्या में निरंतर वृद्धि भारत की शिक्षा प्रणाली की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रतीक है। वर्ष 2023 में, भारत ने 13,126 से अधिक विदेशी छात्रों को शिक्षा प्रदान की। ये आंकड़े भारतीय विश्वविद्यालयों की उत्कृष्टता को प्रमाणित करते हैं, जो वैश्विक मानकों पर खरा उतरने की दिशा में प्रगति कर रही है। डिजिटल इंडिया पहल के तहत विकसित 'स्टडी इन इंडिया' पोर्टल न केवल आवेदन प्रक्रिया को सहज और त्वरित बनाता है, बल्कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक और सुदृढ़ भी करता है। यह नीति शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर केंद्रित है। इन पहल से भारत को एक वैश्विक शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत शिक्षा के क्षेत्र में एक स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। उनकी नीतियां भारतीय शिक्षा प्रणाली को सशक्त और समावेशी बना रही हैं। 'ई-छात्र वीजा' और 'ई-छात्र-एक्स' वीजा जैसी योजनाएं इस दिशा में भारत की प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि का उत्कृष्ट प्रतीक हैं। ये पहल छात्रों के जीवन, भारत की छवि, और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को सशक्त कर रही हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

महाकुंभ 2025

# मॉक ड्रिल में विभिन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

*डिजिटल महाकुंभ को लेकर भी कई पहल की गई है। प्रयागराज में हो रहे **महाकुंभ-2025 में 40 करोड़** श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिए लगभग **50 हजार** पुलिस कर्मी तैनात होंगे*

**महाकुंभ नगर(आईएएनएस)।** महाकुंभ-2025 के भव्य-सुरक्षित और सफल आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए महाकुंभ पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। थाना अखाड़ा महाकुंभ मेला क्षेत्र में पुलिस उप महानिरीक्षक वैभव कृष्ण के दिशा-निर्देशों पर आपातकालीन तैयारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात्रि 2 बजे अखाड़ा क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल में विभिन्न आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अलार्म को सक्रिय करना, निकासी प्रक्रियाओं का अभ्यास करना, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्य क्षमता का प्रशिक्षण शामिल था। मॉक ड्रिल का प्रथम उद्देश्य श्रद्धालुओं को आपात स्थिति के दौरान तुरंत और सही तरीके से प्रक्रिया करने के लिए तैयार करना व व्यक्तियों को अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और फायर कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा/बचाव कैसे सुनिश्चित करना है, का अभ्यास करना था। इस दौरान मॉक ड्रिल में पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। एसएसपी कुंभ मेला राजेश द्विवेदी ने बताया कि कुंभ मेले में आए पुलिस कर्मियों का सॉफ्ट स्किल, आपदा प्रबंधन, भौगोलिक स्थितियों की जानकारी आदि के लिए प्रशिक्षण चल रहा है। इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक तरीके से रिकॉर्ड की जा रही है। जिससे हाज़िरी लगाने में समय की बचत के साथ ही रिकॉर्ड मेंटेन करने में भी आसानी हो रही है। इससे पूर्व अटेंडेंस के लिए पारंपरिक रजिस्टर का रख रखाव मुश्किल होता था, लेकिन डिजिटल अटेंडेंस ने इन झंझटों से मुक्ति दिला दी है। महाकुंभ मेला में आए लगभग 10 हज़ार से अधिक पुलिस कर्मियों की पहले और दूसरे चरण की ट्रेनिंग हो चुकी है, जबकि तीसरे चरण का प्रशिक्षण चल रहा है। महाकुंभ मेला में उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जनपदों से पुलिस कर्मी ड्यूटी करने आए है।



## प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा शुद्ध और स्वच्छ वायु

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।** महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध वायु और वातावरण मिले इसके लिए योगी सरकार ने प्रयागराज में कई स्थानों पर घने जंगल विकसित किए हैं। प्रयागराज नगर निगम ने दो साल में जापानी तकनीक 'मियावाकी' से कई ऑक्सीजन बैंक डेवलप किए हैं, जो घने वन का रूप ले चुके हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में काफी मदद मिल रही है। इन पौधों से हरियाली फैलने के साथ ही एयर क्वालिटी में भी सुधार हुआ है। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व प्रोफेसर और 'हरियाली गुरु' के नाम से प्रसिद्ध डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि शहरीकरण के चलते प्रदूषण और तापमान दोनों में इजाफा हुआ है। 'मियावाकी' तकनीक ऐसे में सबसे बेहतर है। गर्मियों में दिन और रात के तापमान में काफी अंतर आ गया है। ये जंगल उस अंतर को कम करेगा। इसके साथ ही जैव विविधता, जमीन की उर्वरा क्षमता और पशु-पक्षी बढ़ेंगे। इतने बड़े जंगल से 4-7 डिग्री तापमान में कमी आती है।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बड़ा ऐलान

## बंगला शस्य बीमा योजना के तहत नौ लाख किसानों को 350 करोड़ की सहायता



**कोलकाता(हि.स.)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसानों के हित में एक और बड़ी घोषणा की है। 'बंगला शस्य बीमा' योजना के अंतर्गत राज्य सरकार ने नौ लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 350 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए हैं। यह सहायता उन किसानों को प्रदान की गई है जिनकी फसलें इस खरीफ सीजन में प्रतिकूल मौसम के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं।

इस योजना के तहत किसानों को किसी भी प्रकार का बीमा प्रीमियम नहीं देना पड़ता है। राज्य सरकार सभी फसलों, जिनमें आलू और गन्ना शामिल हैं, का बीमा प्रीमियम स्वयं वहन करती है। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा कि उनकी सरकार शुरू से ही बंगाल के किसानों के साथ खड़ी रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार सहायता प्रदान करती रहेगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि वर्ष 2019 में इस योजना की शुरुआत के बाद से अब तक राज्य सरकार ने 1.12 करोड़ प्रभावित किसानों को तीन हजार 562 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम अपने किसानों के साथ हमेशा खड़े रहे हैं और आगे भी उनका समर्थन करते रहेंगे।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर 36.73 लाख का सोना बरामद

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर सोने की तस्करी की बड़ी कोशिश को भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नाकाम कर दिया। बीएसएफ ने मंगलवार को दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के 146वीं बटालियन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में एक तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 36 लाख 73 हजार 747 रुपये मूल्य का सोना बरामद हुआ। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, आरोपित नाईम शेख बांग्लादेश से सोने के बिस्कुट और एक सिक्का लेकर भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। चरभद्र क्षेत्र से सीमा पार करते समय बीएसएफ जवानों ने उसकी संदिग्ध गतिविधियों पर ध्यान दिया।

## महिला सीओ ने सरकारी जमीन की कर दी दाखिल खारिज

**पूर्वी चंपारण (हि.स.)।** जिले में सक्रिय भू माफिया और महिला अंचल अधिकारी के गठजोड़ से करोड़ो सरकारी भूमि की दाखिल-खारिज करने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा होने के बाद सीओ ने अपने कर्मचारी से दाखिल खारिज रद्द कराने को लेकर डीसीएलआर कोर्ट में आवेदन दाखिल कराया है। सबसे बड़ी बात तो यह है,कि इस कारगुजारी में शामिल अंचल अधिकारी का 7 जनवरी को ही स्थानांतरण हो गया है। मामला पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि अंचल से जुड़ा है जहां महिला सीओ ने करोड़ो की सरकारी जमीन का दाखिल खारिज कर दिया।वही खुलासा के बाद हल्का कर्मचारी द्वारा दाखिल-खारिज रद्द करने के लिए अरेराज डीसीएलआर कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है।

- **पोल खुलने के बाद कर्मचारी ने डीसीएलआर कोर्ट में दायर किया परिवाद**

मिली जानकारी के अनुसार महिला सीओ ने एक सफेदपोश भूमाफिया से गठजोड़ करके करोड़ो के सरकारी जमीन से बिना अतिक्रमण हटाये ही पूर्व से चल रहे अतिक्रमणवाद को खत्म कर दिया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी द्वारा डीसीएलआर के कोर्ट में परिवाद दायर होने के बाद महिला सीओ समेत इस करतूत में शामिल दो हल्का कर्मचारी पर कार्रवाई होना तय है। हल्का कर्मचारी शशिकांत सूरज और अमरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने सरकारी जमीन की दाखिल खारिज रद्द करने के लिए डीसीएलआर कोर्ट में परिवाद दायर किया है।

### ममता के करीबी भ्रष्टाचार में लिप्त

## सत्ता, जमीन, रंगदारी और अवैध धन लूटने के लिए लड़ाई : सुजन

**कलकत्ता (हि.स.)।** तृणमूल नेता दुलाल उर्फ बाबला सरकार की हत्या मामले में तृणमूल नेता नरेंद्रनाथ तिवारी की गिरफ्तारी के बाद ममता सरकार पर विपक्ष आक्रामक हो गया है। बुधवार को सीपीएम नेता सुजन चक्रवर्ती ने कहा कि ममता के करीबियों के बीच सत्ता, जमीन, रंगदारी और अवैध धन लूटने की लड़ाई चल रही है जिसके परिणाम स्वरूप ये हत्याएं हो रहीं हैं।

सुजन चक्रवर्ती ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, ''मालदा में तृणमूल के पुराने नेता बबला सरकार हत्या मामले में ममता के करीबी तृणमूल नेता को गिरफ्तार किया गया है। यह लड़ाई मुख्यमंत्री के करीबी लोगों के बीच सत्ता, जमीन, रंगदारी और अवैध धन लूट के लिए है। मुख्यमंत्री ने एसपी, डीएम को सार्वजनिक रूप से अयोग्य कहा था। क्या अब माननीया (मुख्यमंत्री) सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगेगी?

उल्लेखनीय है कि मालदह में तृणमूल नेता बबला (दुलाल) सरकार की हत्या के आरोप में पुलिस ने स्थानीय तृणमूल अध्यक्ष नरेंद्रनाथ तिवारी को गिरफ्तार कर लिया है। मालदह के पुलिस अधीक्षक ने एक प्रेस बयान में कहा, "मंगलवार को रात भर पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। स्वपन शर्मा नाम के एक अन्य तृणमूल नेता को भी गिरफ्तार किया गया है।" पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस घटना में गिरफ्तार अन्य पांच लोगों के बयान के आधार पर नरेंद्रनाथ को गिरफ्तार किया गया है।

### भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आगाज

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हर भारतीय का कर्तव्य : डॉ मांडविया

**भुवनेश्वर (हि.स.)।** तीन दिवसीय 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन बुधवार को भुवनेश्वर के जनता मैदान में धूमधाम से शुरू हुआ। इस सम्मेलन का उद्घाटन ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर और केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने दीप जलाकर किया। उद्घाटन सत्र का शीर्षक 'युवा प्रवासी भारतीय दिवस' था। उद्घाटन सत्र में डॉ मांडविया ने प्रवासी भारतीय समुदाय से अपील की कि वे अपने अनुभवों और विशेषज्ञता का उपयोग भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में करें। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय विदेशों में भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक राजदूत हैं और उनकी भूमिका भारत के विकास में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रवासी समुदाय को उनके प्रयासों और योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और नवाचार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि को मजबूत किया है। डॉ मांडविया ने कहा, हमारा लक्ष्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर भारतीय का कर्तव्य है। आप सभी अपने अनुभवों और संसाधनों के माध्यम से भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान डॉ मांडविया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान युवाओं के साथ संवाद करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर विकसित भारत की अपनी योजना पर चर्चा करेंगे और युवाओं को इससे जोड़ने की अपील करेंगे।




### पीएम मोदी आज करेंगे औपचारिक शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे, जबकि शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी। समापन समारोह के दौरान राष्ट्रपति प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान करेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों को मान्यता देता है। त्रिनिदाद और टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कांगालू इस संस्करण की मुख्य अतिथि हैं और वह सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करेंगी। इस वर्ष के सम्मेलन का मुख्य विषय है 'विकसित भारत में प्रवासी समुदाय का योगदान।'



### देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' की तरफ ले गए पीएम मोदी : जयशंकर

**भुवनेश्वर (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) में वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने में भारत की युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की कोशिशों का एक बड़ा हिस्सा युवा पीढ़ी को उनके लक्ष्य हासिल करने के लिए सही प्रेरणा देना है। मशहूर बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु के बयान का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक 'युवा आइकन' हैं, जिन्होंने हमारे देश को 'चलता है' से 'बदल सकता है' और 'होगा कैसे नहीं' की ओर बढ़ाया है। जयशंकर ने प्रवासी भारतीयों से भारत को

### 'भारत के विकास इंजन' के रूप में उभर रहा है ओडिशा : मांझी

**भुवनेश्वर (हि.स.)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्रालय एवं ओडिशा सरकार के संयुक्त व्यापार सत्र में राज्य में निवेश संभावनाओं को उजागर किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर, ओडिशा के उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वाईं और भारतीय एवं ओडिया प्रवासी व्यापार जगत के प्रमुख नेताओं का स्वागत करते हुए इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी पर गर्व और आभार व्यक्त किया। यह सत्र एक होटल में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि ओडिशा को 'भगवान जगन्नाथ की भूमि' के रूप में जाना जाता है। यह राज्य कला, शिल्प और वास्तुकला के लिए विश्व प्रसिद्ध है और अब यह 'भारत के विकास इंजन' के रूप में उभर रहा है।



## आज का राशिफल

**मेष :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृष :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मिथुन :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**तुला :** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**वृश्चिक :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर :** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुंभ :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन :** मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

## हम लोग गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटते थे, अब लाठीचार्ज होता है : तेजस्वी

**बक्सर(आईएएनएस)।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को सत्ताधारी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हम लोग गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटते थे। लोगों के चेहरों पर खुशी होती थी। परिवार के लोगों में खुशी होती थी। आज उसी गांधी मैदान में लाठीचार्ज हो रहा है। लोगों की आंखों में आंसू हैं, सिर फटा है, अस्पताल में भर्ती हैं, मुकदमा झेल रहे हैं।

'कार्यकर्ता दर्शन और संवाद दौरा' के क्रम में बक्सर पहुंचे तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि हमारी सरकार में कभी भी पेपर लीक नहीं हुआ, हमारी सरकार हटने के बाद ही ऐसा हो रहा है। मैट्रिक परीक्षा से लेकर बीपीएससी की परीक्षा तक पेपर लीक हो रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है।



- राजद नेता ने कहा कि हमारी सरकार बनी तो 'माई बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को सम्मान दिया जाएगा। 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। वृद्धा पेंशन और सामाजिक सुरक्षा पेंशन बढ़ाई जाएगी।

उन्होंने महागठबंधन की सरकार में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के राज में शिक्षक समान काम समान वेतन की मांग कर रहे थे तो डंडा खा रहे थे। उनको हमने राज्य कर्मी का दर्जा दिया। सरकार को पता नहीं था कि आईटी पॉलिसी होती है? यह सब हमने शुरू कराया और स्पोर्ट्स के तहत हमने नौकरी दी। अब लोगों को पता चला पढ़ाई के साथ खेल भी बिहार में जरूरी है।

उन्होंने कहा कि आज बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। आज मुख्यमंत्री को हाईजैक कर लिया गया है। मुख्यमंत्री मौन हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा पर 2 अरब 25 करोड़ खर्च हो रहा है। यह प्रगति यात्रा नहीं बिहार की दुर्गति यात्रा है।

## संगम तट पर 12 किमी के क्षेत्रफल में स्नान के लिए बनाए गए हैं घाट

**नवीन मेल संवाददाता। प्रयागराज**

महाकुंभ मेले के लिए गंगा-यमुना के संगम तट पर 12 किलोमीटर के क्षेत्रफल में स्नान के लिए घाटों का निर्माण किया गया है। सभी घाटों पर लाइट की व्यवस्था, पुआल, कांसा व बोरों में मिट्टी भरकर सीढ़ियां तैयार हो रही हैं।



महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने के लिए केबिन बनाए गए हैं। संगम क्षेत्र के प्रमुख घाटों को नए सिरे से विकसित किया गया है। महाकुंभ के दौरान संगम तट पर गंगा व यमुना के किनारे सात पक्के घाट बनाए गए हैं। ये घाट स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार किए हुए हैं।

### महाकुंभ मेले में बनाए गए घाट

- **दशाश्वमेध घाट (गंगा नदी) :** 110 मीटर लंबा व 95 मीटर चौड़ा यह घाट सिटिंग प्लाजा, चेंजिंग केबिन, पार्किंग, यज्ञशाला, आरती स्थल व ध्यान केंद्र जैसी सुविधाओं से सुसज्जित होगा।
- **किला घाट (यमुना नदी) :** संगम के पास स्थित यह घाट 60 मीटर लंबा और 70 मीटर चौड़ा है। यह स्नानार्थियों की भारी भीड़ को संभालने के लिए तैयार किया जा रहा है।
- **सरस्वती घाट (यमुना नदी) :** 30 मीटर लंबा और 60 मीटर चौड़ा यह घाट स्नान और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी होगा।
- **मोरी घाट (यमुना नदी) :** 30 मीटर लंबा व 60 मीटर चौड़ा है।
- **काली घाट (गंगा नदी) :** 30 मीटर लंबा व 60 मीटर चौड़ा यह घाट अंत्येष्टि स्थल के पास है।
- **छतनाग घाट :** गंगा के बाएं किनारे पर स्थित यह घाट 30 मीटर लंबा व 60 मीटर चौड़ा होगा।
- **महेवा घाट (यमुना नदी) :** भैरव मंदिर के समीप स्थित इस घाट की लंबाई 30 मीटर व चौड़ाई 60 मीटर होगी।

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा : योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की सनातन धर्म की जो मान्यता है यह दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है। इसकी तुलना किसी मत मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। हजारों वर्षों की विरासत हमारे पास है। इसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतनी ही प्राचीन है। आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां बयान एक निजी कार्यक्रम 'महाकुंभ महासम्मेलन' के दौरान दिया। महाकुंभ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सीएम योगी ने कहा कि देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुंभ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं। महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। महाकुंभ के आयोजन के दौरान भारत के ऋषि-मुनि एकत्र होकर उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंतन करते थे। यह आयोजन न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना भी आवश्यक है।

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि महाकुंभ का आयोजन भारत में विरासत और विकास के अद्भुत संगम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2019 के प्रयागराज कुंभ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया।



### इनोवेशन और नए प्रयोगों के लिए जानी जा रही उत्तर प्रदेश विधानसभा : सीएम योगी

**कानपुर (आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्य ही विधायिका में आपकी यात्रा को शानदार और स्मरणीय बनाएगा। कार्यकाल इस मायने में महत्व नहीं रखता कि कितना लंबा कार्य कर रहे हैं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि कितने प्रभावी तरीके से आपने छाप छोड़ी है। यूपी की दृष्टि से आप छह से सात लाख और उत्तराखंड में साढ़े तीन से चार लाख लोगों की आबादी का नेतृत्व कर रही हैं। यह सौभाग्य लाखों में किसी एक को प्राप्त हो रहा है, इसलिए विधायिका के मंच से हमें भी अपने कार्यों से ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना है।

## गीता प्रेस से 2 करोड़ की 2 लाख धार्मिक पुस्तकें रहेंगी महाकुंभ में

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रयागराज।** गीता प्रेस ने महाकुंभ के लिए लगभग 60 लाख रुपये की धार्मिक पुस्तकों की पहली खेप से भेजी है। छह और खेप आने वाली हैं। महाकुंभ में गीता प्रेस से लगभग दो लाख पुस्तकें आने वाली हैं। इनकी कीमत लगभग दो करोड़ रुपये होगी। इसमें छोटी ग्रंथ कृतियां और बड़ी धार्मिक पुस्तकें शामिल हैं। गीता प्रेस महाकुंभ में 4 कैंप लगा रहा है, जहां श्रद्धालु श्रीमद्भगवद्गीता, रामचरितमानस, पुराण व अन्य धार्मिक ग्रंथ विभिन्न भाषाओं में देख व खरीद सकेंगे। इन कैंपों 10 जनवरी तक सभी पुस्तकें आ जाएंगी। इस बारे में गीता प्रेस के ट्रस्टी देवीदयाल अग्रवाल का कहना है कि इस बार गीता प्रेस की विशेष पुस्तिका 'महाकुंभ पर्व' भी उपलब्ध कराई जा रही है, जो



महाकुंभ व अर्धकुंभ के महत्व को विस्तार से समझाएगी। यह पुस्तिका पांच रुपये में उपलब्ध होगी। इस बार गीता प्रेस का लक्ष्य महाकुंभ में पांच करोड़ रुपये की लागत से लाखों श्रद्धालुओं तक धार्मिक साहित्य पहुंचाना था, लेकिन परिसर में जगह की कमी के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने यह भी बताया कि नई आधुनिक मशीनों की मदद से अब बड़ी संख्या में किताबें छापना संभव हो पाया है। गीता प्रेस का उद्देश्य है कि हर भाषा-क्षेत्र के श्रद्धालु इस धार्मिक साहित्य का लाभ उठा सकें। इसके लिए संस्था हर संभव प्रयास कर रही है।

# ऋषभ पंत की आईसीसी बैटर्स रैंकिंग के टॉप-10 में वापसी

## जायसवाल चौथे नंबर, बुमराह टॉप पर कायम, ऑस्ट्रेलियाई बोलैंड की 29 पायदान की छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** आईसीसी की जारी नई रैंकिंग में भारतीय टीम के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने एक बार फिर से टॉप-10 में वापसी कर ली है। वे तीन स्थान की छलांग लगाकर 12वें से नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बुधवार को बैटर्स रैंकिंग में पंत के अलावा ओपनर यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज है। वहीं बॉलर्स की टॉप-10 रैंकिंग में स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब नौवें स्थान पर आ गए हैं। बुमराह पहले पायदान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलियाई पेसर स्कॉट बोलैंड ने 29 स्थान की छलांग लगाई हैं। वह अब दसवें स्थान पर हैं। पंत और अफ्रीका के कप्तान को 3-3 स्थान का फायदा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के आखिरी मुकाबले में ऋषभ ने पहली इनिंग में 40 और दूसरी इनिंग में 61 रन की तेज पारी खेली थी, जिससे रैंकिंग में उनकी रेटिंग 739 हो गई है। वहीं साउथ अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा ऑलटाइम हाई रेटिंग पर पहुंच गए हैं। उन्हें रैंकिंग में 3 स्थानों का उछाल मिला है। वह अब 769 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। बावुमा की कप्तानी में ही साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को लगातार दो टेस्ट मैच हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की की है।



### भारत के यशस्वी जायसवाल 847 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बरकरार हैं

टॉप-5 में कोई बदलाव नहीं

बल्लेबाजों की रैंकिंग के टॉप-5 में कोई बदलाव नहीं हुआ हैं। इंग्लैंड के जो रूट अभी भी नंबर वन पर है। उनकी रेटिंग 895 है। इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक भी दूसरे नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 876 है। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन 867 की रेटिंग के साथ नंबर 3 पर हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 847 की रेटिंग के साथ नंबर चार पर बरकरार हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड नंबर 5 पर हैं। उनकी रेटिंग 772 की है। श्रीलंका के कामिंडू मेंडिस को एक स्थान का उछाल मिला है। वे अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियन स्टीव स्मिथ को एक पायदान का नुकसान हुआ है। वह नंबर 8 पर आ गए हैं। उनकी रेटिंग 746 की है। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 725 की रेटिंग के साथ नंबर 10 पर बने हुए हैं। बुमराह टॉप बॉलर, जडेजा को एक पायदान का फायदा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 32 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रहने वाले जसप्रीत बुमराह पहले स्थान पर काबिज हैं। वह करियर की बेस्ट रेटिंग 908 पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 841 रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के पेसर स्कॉट बोलैंड, जो सिडनी टेस्ट में 9 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच थे, उन्होंने रिकॉर्ड 29 स्थान की छलांग लगाई है। वह अब दसवें पायदान पर पहुंच गए हैं। इंडियन लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 745 रेटिंग के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।



## काराबाओ कप : न्यूकैसल से 2-0 की हार के बाद आर्सेनल के लिए मुश्किल हुई राह



**लंदन।** आर्सेनल को इस सीजन के काराबाओ कप फाइनल में पहुंचने के लिए अब कठिन राह तय करनी होगी। सेमीफाइनल के पहले चरण में न्यूकैसल यूनाइटेड ने उन्हें उनके ही घर, एमिरेट्स स्टेडियम में 2-0 से हरा दिया। न्यूकैसल यूनाइटेड अब दूसरे चरण के लिए सेंट जेम्स पार्क में दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा। न्यूकैसल के लिए ये शानदार प्रदर्शन साबित हुआ, जहां उन्होंने आर्सेनल को हर पहलू में पीछे छोड़ दिया। मैच के 37वें मिनट में अलेक्जेंडर इसाक ने न्यूकैसल को बढ़त दिलाई। यह उनका 15 मैचों में 14वां गोल था और न्यूकैसल के लिए 50वां गोल। उन्होंने यह मुकाम सिर्फ 89 मैचों में हासिल किया। इसके बाद 51वें मिनट में एंथनी गॉर्डन ने दूसरी बढ़त दिलाई। इसाक के शॉट को गोलकीपर राया ने रोकने की कोशिश की, लेकिन गॉर्डन ने रिबाउंड पर गोल कर दिया। न्यूकैसल ने न केवल दो मौके भुनाए, बल्कि उनके डिफेंस ने आर्सेनल के हर प्रयास को नाकाम कर दिया। यह प्रदर्शन उन्हें वेम्बली के फाइनल के और करीब ले गया है। वहीं, आर्सेनल के लिए यह रात निराशाजनक रही। अब उन्हें 5 फरवरी को दूसरे चरण में अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी। दूसरी ओर, न्यूकैसल के खिलाड़ी उत्साहित हैं।

## आईसीसी ने जारी की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए इस्तेमाल हुए मैदानों की पिच रेटिंग



**दुबई ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ही में खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पिच रेटिंग जारी की है। इसमें पांच टेस्ट मैचों में से चार मैदानों को सबसे ऊंची रेटिंग "बहुत अच्छी" दी गई है। बहुत अच्छी रेटिंग पर्थ स्टेडियम, एडिलेड ओवल, गाबा और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड को मिली। जबकि संतोषजनक रेटिंग सिडनी क्रिकेट ग्राउंड को मिली (जहां अंतिम टेस्ट खेला गया)। 2023 में आईसीसी ने अपनी पिच रेटिंग प्रणाली को सरल बनाया और इसे चार श्रेणियों में बांटा था: बहुत अच्छा, संतोषजनक, अंसतोषजनक और अनफिट। अगर किसी मैदान को "असंतोषजनक" या "अनफिट" रेटिंग मिलती है, तो उसे डिमेरिट पॉइंट दिए जाते हैं। अगर पांच साल में कोई मैदान 5 डिमेरिट पॉइंट हासिल कर लेता है, तो वहां अंतर्राष्ट्रीय मैच कराने पर रोक लगाई जा सकती है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशन्स, पीटर रोच ने आईसीसी की रेटिंग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट की खासियत बनाए रखने के लिए पिचों की विविधता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "हम पिचों की गुणवत्ता से बहुत खुश हैं और मैदानकर्मियों के प्रयासों की सराहना करते हैं।

## अदाणी स्पोर्ट्सलाइन ने किया अहमदाबाद रेडियो पिकलबॉल स्मैश का आयोजन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अडाणी स्पोर्ट्सलाइन ने हाल ही में अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट स्पोर्ट्स पार्क, पालड़ी में रेडियो प्रोफेशनल्स के लिए एक खास पिकलबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया। इस कार्यक्रम का नाम था "अहमदाबाद रेडियो पिकलबॉल स्मैश"। इसमें शहर के बड़े रेडियो चैनलों - रेडियो सिटी, फीवर एफएम, रेडियो मिर्ची और माय एफएम - की टीमों ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में डबल्स फॉर्मेट में 24 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उनके परिवार भी इस आयोजन का हिस्सा बने। सभी को खेल के नियम समझाने के लिए एक घंटे का परिचय सत्र रखा गया। मुकाबले तीन ग्रुप में खेले गए, हर ग्रुप में




चार टीम थीं। प्रतिभागियों में रेडियो मिर्ची के आरजे हर्ष, रेडियो सिटी के आरजे हर्षिल, आरजे सौरभ और चैनल के वीपी राजीव पटेल, साथ ही माय एफएम के आरजे तुषार शामिल थे। रेडियो मिर्ची की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और टॉप दो स्थानों पर कब्जा किया। आरजे हर्ष और उनके साथी आदित्य भट्ट ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि उनके सहयोगी प्रणव पुजारा और हेत शाह दूसरे स्थान पर रहे।

## 'मैंने कहा, मैं आपको आदर्श मानता हूं', कोंस्टास ने किया कोहली के साथ हुई बातचीत का खुलासा

नई दिल्ली (आईएएनएस)

ऑस्ट्रेलिया के 19 वर्षीय खिलाड़ी सैम कोंस्टास ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग डे टेस्ट में कंधे से टकराने की घटना के बाद कोहली के साथ उनकी बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने कोहली को बताया कि वह उनके फैन हैं और उन्हें अपना आदर्श मानते हैं। सैम ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में डेब्यू किया था। उन्होंने नाथन मैकस्विनी की जगह टीम में शामिल होकर 65 गेंदों में 60 रन बनाए। शुरुआती ओवरों में उन्होंने बुमराह की गेंदों को आसानी




से खेला, जिससे दर्शक रोमांचित हो गए। हालांकि, दूसरी पारी में बुमराह ने उन्हें आउट कर दिया। सैम ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, "एमसीजी पर पहले दिन 90,000 दर्शकों के सामने खेलना अद्भुत था। कोहली और बुमराह जैसे दिग्गजों के खिलाफ खेलना और स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलना मेरे बचपन का सपना था। मैं हर पल का आनंद लेने की कोशिश कर रहा था। मैच के दौरान, कोहली और सैम के बीच एक टकराव हुआ, जब कोहली बीच ओवर में सैम से टकरा गए।

## आईओए कोषाध्यक्ष ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए गेम्स अलॉटमेंट फीस पर जताई चिंता

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए "गेम्स अलॉटमेंट फीस" को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि मेजबान राज्य उत्तराखंड ने तय की गई 5 करोड़ रुपये की राशि पूरी तरह से नहीं दी है, जो 2023 की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में तय हुई थी। आईओए अध्यक्ष पी.टी. उषा को लिखे एक पत्र में सहदेव यादव ने बताया कि जब उन्होंने इस फीस के भुगतान की जानकारी मांगी, तो पता चला कि राज्य से केवल 2.5 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए हैं। पत्र में लिखा गया, "उत्तराखंड से 38वें राष्ट्रीय खेलों की गेम्स अलॉटमेंट फीस के भुगतान की जानकारी लेने पर पता चला कि केवल 2.5 करोड़ रुपये मिले हैं। जबकि 11 मार्च 2023 को हुई एजीएम में 5 करोड़ रुपये फीस तय की गई थी। आगे लिखा गया, "36वें राष्ट्रीय खेलों के लिए गुजरात सरकार और 37वें राष्ट्रीय खेलों के लिए गोवा सरकार से 5 करोड़ रुपये की फीस प्राप्त हुई थी। यही राशि उत्तराखंड सरकार से भी प्राप्त होनी चाहिए। आईओए के कोषाध्यक्ष ने पी.टी. उषा से आग्रह किया है कि वह उत्तराखंड सरकार से शेष 2.5 करोड़ रुपये की राशि जल्द से जल्द प्राप्त करने की बात करें। उन्होंने लिखा, आपसे अनुरोध है कि उत्तराखंड सरकार से संपर्क कर यह सुनिश्चित करें कि 2.5 करोड़ रुपये की शेष राशि खेलों के शुरू होने से पहले मिल जाए।




## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर बन सकते हैं यूनिस खान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पूर्व पाकिस्तानी कप्तान यूनिस खान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर के रूप में जुड़ेंगे। यूनिस इससे पहले 2022 में अफगानिस्तान टीम के बल्लेबाजी कोच के रूप में छोटे कार्यकाल के लिए काम कर चुके हैं। एसीबी के सूत्रों ने बताया, "यह पक्का हो गया है कि यूनिस 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान टीम के मेंटर रहेंगे। वह टूर्नामेंट से पहले तैयारी कैंप में टीम से जुड़ेंगे और चैंपियंस ट्रॉफी के अंत तक टीम के साथ रहेंगे।



## महीश तीक्षणा बने वनडे में हैट्रिक लेने वाले श्रीलंका के 7वें गेंदबाज, न्यूजीलैंड ने जीता मैच

एजेंसी

**हैमिल्टन।** महीश तीक्षणा ने बुधवार को वनडे क्रिकेट में हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। वह श्रीलंका के के सातवें गेंदबाज हैं, जिन्होंने यह कारनामा किया है। तीक्षणा की यह हैट्रिक तीन मैचों की सीरीज के दूसरे वनडे में सेडन पार्क में हुई। यह सीरीज श्रीलंका और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही है। मेहमान टीम की ओर से तीक्षणा ने यह उपलब्धि दो ओवरों में हासिल की। 35वें ओवर में, उन्होंने लगातार दो गेंदों पर न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ को आउट किया। इसके बाद 37वें ओवर की पहली ही गेंद पर मैट हेनरी को पवेलियन भेजकर अपनी हैट्रिक पूरी की। तीक्षणा ने 8 ओवर में 44 रन देकर 4 विकेट झटके और अपनी स्पिन गेंदबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। यह श्रीलंका के किसी गेंदबाज द्वारा छह साल बाद वनडे में हैट्रिक है। इससे पहले 2018 में दुश्मंथा मदुशनका ने बांग्लादेश के खिलाफ हैट्रिक ली थी। महीश तीक्षणा अब श्रीलंका के उन चुनिंदा गेंदबाजों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने वनडे में हैट्रिक ली है। इनमें चमिंडा वास, लसिथ मलिंगा, दिलशान मदुशनका, थिसारा परेरा, परवेज महरूफ और वानिंदु हसरंगा जैसे दिग्गज नाम शामिल हैं। न्यूजीलैंड की पारी की बात करें तो रचिन रवींद्र ने 79 और मार्क चैपमैन ने 62 रनों की पारी खेली। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ और मैच 37 ओवर का कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने 255/9 का स्कोर बनाया। इसके बाद श्रीलंका की टीम मात्र 30.2 ओवर में 142 रनों पर आउट हो गई।






## 'प्रति व्यक्ति नॉमिनल जीडीपी' में तेज वृद्धि की है उम्मीद

नई दिल्ली (आईएएनएस)

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि रियल जीडीपी वृद्धि में मंदी के बावजूद, भारत में 'प्रति व्यक्ति नॉमिनल जीडीपी' वित्त वर्ष 2024-25 में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में कम से कम 35,000 रुपये अधिक होगी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी का पहला एडवांस एस्टिमेट (एई) 6.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर्शाता है। सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि भी 6.4 प्रतिशत अनुमानित है। नॉमिनल जीडीपी वृद्धि स्थिर रहने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 9.7 प्रतिशत बढ़ेगी, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में 9.6 प्रतिशत थी। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ सौम्य कांति घोष ने कहा, ऐतिहासिक रूप से, आरबीआई के अनुमान और एनएसओ के अनुमान के बीच का अंतर हमेशा 20-30 बीपीएस की रेंज में होता है और इसलिए वित्त वर्ष 2025 का 6.4 प्रतिशत अनुमान अपेक्षित और उचित है। हालांकि, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत के आसपास रह सकती है, जिसमें गिरावट का रुझान भी हो सकता है। डॉ घोष ने कहा, मजबूत नीतिगत उपायों और वित्तीय औपचारिकता के साथ-साथ फिजिकल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की वजह से




**2022-23** की तुलना में 2024-25 में 35,000 रुपए बढ़ेगा

कृषि और इससे जुड़ी एक्टिविटी में पिछले वर्ष की 1.4 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में वित्त वर्ष 2024-25 में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। दूसरी ओर, सर्विस सेक्टर में वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। जिन सेक्टर ने सकारात्मक योगदान दिया है, उनमें सरकारी खपत शामिल है, जिसमें नॉमिनल टर्म्स में 8.5 प्रतिशत (रियल टर्म्स में 4.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है, जबकि निर्यात ने भी 8 प्रतिशत (रियल टर्म्स में 5.9 प्रतिशत) की सकारात्मक वृद्धि के साथ बढ़त हासिल की है। एमओएफएसएल समूह के मुख्य अर्थशास्त्री निखिल गुप्ता के अनुसार, एनएसओ के अनुमानों से वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी छमाही में खपत में सुधार और निवेश में नरमी का संकेत मिलता है।

## विकसित होगा एआई-संचालित 5-जी आरएएन प्लेटफॉर्म

# एआई टच के वित्त पोषण को मिली मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने एआई-संचालित 5-जी आरएएन प्लेटफॉर्म को विकसित करने के लिए एआई टच को वित्त पोषण की मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 5-जी नेटवर्क में परिचालन दक्षता लाएगी। इसमें आरएएन इंटेलिजेंट कंट्रोलर (आरआईसी), सर्विस मैनेजमेंट एंड ऑर्केस्ट्रेशन (एसएमओ) और नेटवर्क डाटा एनालिटिक्स फंक्शन (एनडब्ल्यूडीएएफ) मॉड्यूल शामिल हैं। इसके कार्यान्वयन की देख-रेख सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टच एलएलपी को 5-जी आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क)




- 5-जी नेटवर्क में परिचालन दक्षता लाएगी यह परियोजना
- आत्मनिर्भर 5जी पारिस्थितिकी तंत्र की नींव भी रखेगी

के घटकों को विकसित करने के लिए दूरसंचार विभाग की योजना के तहत वित्त पोषण प्रदान किया गया है। सी-डॉट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डॉ राजकुमार उपाध्याय ने बुधवार को इस अनुबंध पर हस्ताक्षर के बाद कहा कि कार्यान्वयन भागीदार के रूप में सी-डॉट यह सुनिश्चित करेगा कि परियोजना तकनीकी विकास के उच्चतम मानकों का पालन करे। वहीं, टीटीडीएफ (दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास निधि) के डीडीजी डॉ पराग अग्रवाल ने कहा, यह परियोजना न केवल एआई-संचालित प्रगति लाएगी, बल्कि आत्मनिर्भर 5जी पारिस्थितिकी तंत्र की नींव भी रखेगी।

मंत्रालय के मुताबिक एआई टच एलएलपी को दूरसंचार विभाग की यूएसओएफ (जिसे अब 'डिजिटल भारत निधि' के नाम से जाना जाता है) की टीटीडीएफ योजना के तहत वित्तीय अनुदान प्रदान किया गया है। एआई टच 5-जी आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) के लिए घटकों का विकास करेगा जिसमें आरएएन इंटेलिजेंट कंट्रोलर (आरआईसी), सर्विस मैनेजमेंट एंड ऑर्केस्ट्रेशन (एसएमओ) और नेटवर्क डाटा एनालिटिक्स फंक्शन (एनडब्ल्यूडीएएफ) मॉड्यूल शामिल हैं। इस परियोजना से ऐसे समाधान मिलने की उम्मीद है, जो परिचालन जटिलताओं को कम करेंगे। मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों (एमएनओ) के लिए लागत दक्षता में सुधार करेंगे और दूरसंचार क्षेत्र में नए प्रयोगों का समर्थन करेंगे। इसका उद्देश्य स्वदेशी 5-जी इकोसिस्टम के विकास में योगदान देना और भविष्य की प्रगति के लिए आधार तैयार करना है।

## बजट को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले शिवराज सिंह चौहान

नई दिल्ली (हि.स.)

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण से नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान चौहान ने आगामी केंद्रीय बजट को लेकर विचार-विमर्श किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज चौहान ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित वित्त मंत्रालय में मुलाकात की। इस दौरान



दोनों नेताओं ने केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर बातचीत की और सुझाव दिया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि वित्त मंत्री से केंद्रीय बजट में कृषि और ग्रामीण विकास के मुद्दे पर व्यापक चर्चा हुई है।

## भारत में स्टील की मांग 2025 में 8 से 9 प्रतिशत बढ़ने का है अनुमान

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारत में स्टील की मांग कैलेंडर वर्ष 2025 में 8 से 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह हाउसिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग और अन्य सेगमेंट्स में स्टील की मांग बढ़ना है। यह जानकारी रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में बुधवार को दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के उलट वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में इस साल धीमापन देखने को मिल



सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में स्टील की मांग बढ़कर 11 प्रतिशत और ब्राजील में 5.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। वहीं, ग्लोबल स्तर पर स्टील की मांग में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है।

## सेंसेक्स में 50.62 व निफ्टी में 18.95 अंकों की गिरावट

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय बेंचमार्क सूचकांक बुधवार के कारोबारी दिन वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेतों के बीच सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, मेटल और रियलिटी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 50.62 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,148.49 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 18.95 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,688.95 पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी 367.10 अंक या 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,835 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 598.70 अंक या 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,270.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 307.80 अंक या 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,365.65 पर बंद हुआ। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,390 शेयर हरे और 2,582 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 94 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। सेक्टोरल फ्रंट पर आईटी और एफएमसीजी सेगमेंट हरे निशान में बंद हुए। बाजार के जानकारों के अनुसार, आर्थिक विकास के अनुमानों में कमी और तीसरी तिमाही के आंकड़ों से पहले सतर्कता ने बाजार में अस्थिरता बढ़ा दी है। हालांकि, बाजार में दिन के निचले स्तर से सुधार देखा गया, क्योंकि बीटन डाउन ब्लू-चिप शेयरों में वृद्धि हुई और आगामी बजट में सरकार द्वारा सुधारों की उम्मीद की गई। जानकारों ने बताया, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि और फेड द्वारा कम ब्याज दरों में कटौती की आशंका के कारण निकट अवधि की धारणा कमजोर रहने की संभावना है।



# महुआ की एमएसपी तय करने पर होगी पहल : नेहा तिर्की

## वीएलडब्ल्यू को कृषि विभाग की योजनाओं के लिए काम करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के वन उपज का तय होगा एमएसपी। कृषि विभाग सब्जी सहित वन उपज का एमएसपी तय करने की तैयारी कर रही है। महुआ जैसे वन उपज को कृषि विभाग एमएसपी के दायरे में लाने पर चर्चा कर रही है। हालांकि ये चर्चा प्रारंभिक है। इसकी जानकारी राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा के बाद नेपाल हाउस में दी। मंत्री पद का शपथ लेने के बाद दूसरी मासिक समीक्षा बैठक में शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने योजनाओं को लेकर एक्शन टेकन रिपोर्ट पर चर्चा की। इस दौरान वीएलडब्ल्यू के काम को लेकर नाराज दिखी। वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गई है। उनके वेतन का भुगतान भी कृषि विभाग के मद से होता है। लेकिन वीएलडब्ल्यू आवास योजना और मनरेगा के लिए जमीन का काम ज्यादा करते है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने वीएलडब्ल्यू को कृषि विभाग की योजनाओं के लिए काम करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि बहुत जल्द वीएलडब्ल्यू के लिए एक राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन कर जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान ये बात भी सामने आई की जरूरतमंद लाभुकों तक कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना नहीं पहुंच पा रही है। कुछ खास किसानों को ही विभाग की एक से ज्यादा योजना मिल रही है। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि मांडर और चान्हो में सिंचाई से संबंधित एक भी आवेदन नहीं मिला है। ये हैरान करने वाली बात है। दरअसल किसानों को विभाग की योजना की सही जानकारी तक नहीं है। मंत्री ने बताया की 18 जनवरी को चान्हो में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया गया है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को धरातल पर उतार कर पलायन को रोका जा सकता है। मंत्री ने कहा कि बिरसा ग्राम पाठशाला योजना एक अच्छी योजना है। लेकिन उसका लाभ किसानों को सिर्फ इस लिए नहीं मिल पाया, चूंकि वो सरकारी कागज तक ही सिमट कर रह गई।

# सीएम से मिले शीर्ष अधिकारी व जनप्रतिनिधि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को राज्य के कई शीर्ष अधिकारियों और विधायक जीगा सुसारन होरो ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई। मुलाकात करने वाले सभी गणमान्यों ने मुख्यमंत्री को नए साल की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुलाकात करने वाले अधिकारियों में झारखंड भू-संपदा अपीलीय न्यायाधिकरण के चेयरमैन जस्टिस बीबी मंगलमूर्ति, पश्चिम सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी, लातेहार के डीसी उत्कर्ष गुप्ता, स्पेशल ब्रांच के डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसपी नाथूराम मीणा, एसपी मूमल राजपुरोहित और एसपी मनीष टोप्पो थे। इसके अलावा विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने भी अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात की। इन्होंने भी हेमंत और कल्पना सोरेन को नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## संजय सेठ को महाकुंभ के लिए मिला आमंत्रण




**रांची।** उत्तर प्रदेश के जनशक्ति मंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को तीर्थराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में आने का आमंत्रण दिया। इस आमंत्रण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हृदय से आभार जताया।

## वनभोज में शामिल हुई मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह



**रांची।** ओरमांझी के रुक्का डैम में बुधवार को महानगर कांग्रेस द्वारा आयोजित वनभोज कार्यक्रम में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह उपस्थित हुई। बनभोज में कांग्रेस के कई नेता शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने शहीद शेख भिखारी को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** शहीद शेख भिखारी एवं टिकैट उमरांव सिंह के शहादत दिवस के पर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के अलावा कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

## डीजीपी ने आईपीएस मो. अर्शी को किया सम्मानित



**रांची।** डीजीपी ने अपने कार्यालय कक्ष में आईपीएस मो. अर्शी को बैच लगा कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर मो. अर्शी को प्रोन्नति प्रदान किया गया है। इस अवसर पर महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक अनुराग गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण) सुमन गुप्ता तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## आयुक्त ने बंद पड़ी ईकाइयों के भौतिक निरीक्षण के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नई नोथला वितरण नीति, 2007 के तहत कोल लिंकेज प्राप्त की जा रही एमएसएमई इकाईयों की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा की गई। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त की ओर से निर्देश दिया गया कि क्षेत्रीय जांच के दौरान कोयला खनिज की आपूर्ति एवं उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राजस्व की क्षति होने से रोका जाए। भौतिक निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों को बंद पड़ी इकाईयों पर विशेष रूप से नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उप निदेशक खान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिवास की ओर से जेएसएमडीसी से प्राप्त 9 एमएसएमई इकाईयों का भौतिक निरीक्षण के बाद प्राप्त प्रतिवेदन पर गहन चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, उप निदेशक खान रांची अमरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिवासन, खान निरीक्षक आकाश कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।

## राज्यपाल से मिले भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अफसर



राज्यपाल से बुधवार को भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें सदैव अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया।

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कड़िया मुंडा का हाल जाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मेडिका हॉस्पिटल में जाकर पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष सह खूंटी के पूर्व सांसद कड़िया मुंडा से मिलकर उनका हाल जाना एवं उनको देख रहे डॉक्टर से बात की। वहीं बेहतर इलाज की बात कही। डॉक्टर ने बताया कि अभी उनकी तबीयत पहले से बेहतर है। मुलाकात करने वालों में पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, कांके के पूर्व विधायक समरी लाल साथ रहे।

### कड़िया मुंडा से मिले कर्मवीर सिंह

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मेडिका अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण इलाजरत लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से अस्पताल जाकर कुशलक्षेम जाना। श्री सिंह ने ईश्वर से कड़िया मुंडा के जल्द से जल्द स्वस्थ होंने की प्रार्थना की। साथ में भाजपा नेता दीपक बंका एवं राकेश भास्कर भी उपस्थित थे।

# मनमाने ढंग से बसों के रूट बदलने पर संवेदक को राजस्व का हो रहा है नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हजारीबाग, रामगढ़ से खादगढ़ा स्थित बिरसा मुंडा बस स्टैंड में आने वाली बसों का मार्ग पहले बूटी मोड़, खेलगांव और टाटीसिलवे होकर था। परंतु अचानक से रांची यातायात एसपी कैलाश करमाली के द्वारा रूट में फेरबदल किया गया है, जिसके बाद बसें खेलगांव होकर खादगढ़ा बस स्टैंड आ रही हैं। परंतु वापसी के मार्ग में नामकुम होकर सीधा नवेरी चौक पर अपोलो हॉस्पिटल के समीप निकल रही है। इसके बाद से ही झारखंड प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन की चिंता बढ़ गई है। इस संबंध में एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप कुमार ने प्रमंडलीय आयुक्त अंजनि मिश्र को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि नए निर्धारित रूट से बसों की दूरी बढ़ गई है जिससे बसें समय पर स्टैंड नहीं पहुंच पाती है और तय समय पर यात्री बसें नहीं पकड़ पाते हैं। वहीं कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड की संवेदिका सानिया इरफान ने भी प्रमंडलीय आयुक्त को मांग पत्र सौंपा है जिसमें उन्होंने बताया कि मनमाने ढंग से रूट परिवतर्न के कारण एक अव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो गया है जिससे यात्री परेशान है। बसें खादगढ़ा बस स्टैंड नहीं आकर विकास चौक से लौट जा रही है, जिससे राजस्व की भारी क्षति हो रही है। वहीं खादगढ़ा बस स्टैंड के प्रतिनिधि राजू खान ने कहा कि पूर्व की निर्धारित रूट पर ही बसों का आवागमन नहीं होने से राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है।

इस संबंध में **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** संवाददाता ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र से सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि राजस्व को क्षति नहीं हो, यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े, समय पर लोगों को बस मिल सके और बस ऑनर को बसें चालित करने में किसी प्रकार की बाधा न हो इसके लिए ट्रैफिक एसपी को पत्र निर्गत किया जा चुका है जल्द ही समाधान निकलेगा।

# सूचना आयोग का गठन नहीं करना चाहती हेमंत सरकार : रमाकांत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार अपने काले कारनामों के उजागर होने के भय से सूचना आयोग का गठन नहीं करना चाहती है। न्यायालय में हमेशा की तरह भ्रामक सूचनाएं देकर भ्रमित करने का काम कर रही है। श्री महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार की जननी रही कोंग्रेस और राजद के समर्थन में चल रही हेमंत सोरेन की सरकार से विगत पांच वर्षों में जो भ्रष्टाचार और लूट के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। उसका उद्भेदन न हो सके, इसका प्रयास शुरू से ही सरकार कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने ने कहा कि जब जेवीएम का विलय विधिवत रूप से भाजपा में होने के उपरांत पार्टी ने दल के नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी को नियुक्त किया। परन्तु, उससे विधानसभा स्पीकर के ट्रिब्यूनल कोर्ट ने राजीनीतिक साजिश तहत मामले को लटकाये रखा। मामला दीर्घकाल तक लंबित रहा। जबकि बाबूलाल मरांडी राज्यसभा सांसदों के चुनावों में पार्टी की ओर वोट देते रहे। श्री महतो ने कहा कि उसके बाद वर्ष 2023 को भाजपा विधायक दल नेता के रूप में अमर कुमार बाउरी को नियुक्त किया जो सदन में विपक्ष के नेता बने। श्री बाउरी के नेता प्रतिपक्ष के रहते सरकार ने सूचना आयोग के गठन को लेकर विज्ञापन भी निकाला। परंतु सरकार की उदासीनता के कारण आयोग का गठन नहीं हो पाया।

## बच्चों की मौत पर बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रामगढ़ सड़क दुर्घटना में हुई बच्चों की मौत पर गहरा शोक जताया है। कहा कि रामगढ़ में हुए सड़क हादसे में 3 स्कूली बच्चों सहित 4 लोगों के मृत्यु की दुखद सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं दुर्घटना में घायल बच्चों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

## मंईयां सम्मान को लेकर मंत्रियों की सुविधाओं में हो कटौती : विजय शंकर

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि मंईयां को सम्मान देना राज्य की आधी आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त करना है। इस कदम का आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच स्वागत करता है। श्री नायक ने कहा कि मंईयां सम्मान सरकार दे रहीं हैं तो दूसरी ओर वृद्धावस्था पेंशन/ विधवा पेंशन/ छात्रवृति की राशि बंद हो गई है। ऐसे में हेमंत सरकार मंत्रियों की सुविधाओं में कटौती कर राज्यहित में सोंचे।

## झामुमो ने शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों की शहादत हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत : हफीजुल हसन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम , खिजरी विधायक राजेश कच्छप व रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई।

इस अवसर पर रांची जिला से केन्द्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, और प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत धुर्वा शहीद मैदान में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद चुट्टूपालु घाटी स्थित शहीद स्थली मे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इसके उपरांत शहीद उमराव सिंह के शहीद स्थली खटंगा, ओरमांझी मे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। तत्पश्चात शहीद शेख भिखारी के पैतृक गांव खुदिया- लोटवा मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।



इस अवसर पर मंत्री हफिजुल हसन अंसारी ने कहा आज हम शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस के मौके पर हम सभी उनको श्रंद्धाजलि अर्पित कर नमन करते हैं। जिस तरह उन्होंने ने अंग्रेजों से लड़कर अपनी शहादत दी वो हमारे लिए प्रेरणादायक है। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा हर साल हम 8 जनवरी यहां शहीद स्थली पर उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हैं। झारखंड वीर शहीदों की धरती है। हमलोग हर किसी ना किसी वीर शहीदों की जयंती और पुण्यतिथि मनाते हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य पवन जेडीया, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान, रमेश साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, जिला सचिव सुजीत कुजूर, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसार सहित अन्य उपस्थित थे।

# पृष्ठ एक के शेष

**तीन स्कूली बच्चों व...**

पहुंचा, विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक ऑटो पर पलट गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटवाया। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को क्रेन की मदद से हटाया गया।

**इनकी हुई मौत :** नीरू कुमारी 6 वर्ष (सरलाकला), आशीष कुमार 6 वर्ष (पतरातु), अनमोल महतो 5 वर्ष (पतरातु), सरफराज अंसारी ऑटो चालक 32 वर्ष (संग्रामपुर)।

**ये हुए घायल :** उज्ज्वल कुमार 11 वर्ष (सोसोकला), अंश कुमार 5 वर्ष (पतरातु), सुजीत नायक 11 वर्ष (कोरांबे), श्री कुमारी 7 वर्ष (पतरातु), अनुष्का कुमारी 11 वर्ष (पतरातु), करीना कुमारी 6 वर्ष (पतरातु), अनमोल नायक 5 वर्ष (सरलाकला), प्रिया कुमारी 12 वर्ष (सरलाकला), राशि कुमारी 5 वर्ष (पतरातु), राधिका कुमारी 6 वर्ष (सरलाकला), आयुष कुमार साहु 8 वर्ष (सरलाकला)।

**परिजनों को दी गई सहायता राशि**

**रामगढ़।** गोला प्रखंड में हुए सड़क हादसे में घटनास्थल पर पहुंचे एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि सामाजिक कल्याण के तहत मृतकों के परिजनों को तत्काल 10 हजार की सहायता राशि दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद प्रक्रिया पूर्ण कर परिजनों को सामाजिक कल्याण के तहत बकाया 20 हजार की रकम भी उपलब्ध करा दी जाएगी। एसडीओ ने बताया कि सड़क हादसे में मृतकों के आश्रितों को एक लाख देने का प्रावधान है। सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वह भी उनके खाते में भेज दी जाएगी।

**गुडविल मिशन स्कूल अगले आदेश तक हुआ सील**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत गुडविल मिशन स्कूल को डीसी के आदेश के बाद बुधवार की शाम सील कर दिया गया है। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि इस विद्यालय द्वारा सरकारी आदेश की अवहेलना की गई थी, जिसकी वजह से बच्चे स्कूल जा रहे थे। सड़क दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन द्वारा यह बड़ी कार्रवाई की गई है। विद्यालय को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक दंडाधिकारी जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, अंचल अधिकारी गोला, बीडीओ गोल की उपस्थिति सील कर दिया गया है।

## 23-26 जनवरी तक दिल्ली के रेलवे स्टेशनों पर बंद रहेगी पार्सल सेवा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी रेलवे स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक पार्सल सेवा बंद रहेगी। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, आदर्श नगर दिल्ली और पटेल नगर स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल लेन-देन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) प्रतिबंधित रहेंगे।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने दिया संदेशखाली की पीड़िता को सुरक्षा देने का आदेश

**कोलकाता (हि. स.)।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने उत्तर 24 परगना के संदेशखाली की एक महिला द्वारा लगाए गए सामूहिक बलात्कार के आरोपों के मामले में पुलिस को उनके घर में 24 घंटे की सुरक्षा देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही, अदालत ने अगले सोमवार तक मामले की जांच की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। संदेशखाली की एक महिला ने आरोप लगाया है कि मई 2024 में तृणमूल कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता और उनके सहयोगियों ने बंदूक की नोंक पर उसका सामूहिक बलात्कार किया। पीड़िता का कहना है कि उसने पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

## नेपाल-भारत में आज से होगी वाणिज्य सचिव स्तरीय बैठक

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल-भारत में 9 जनवरी से होने वाली वाणिज्य सचिव स्तरीय बैठक से पहले बुधवार को दोनों देशों के बीच रहे व्यापार तथा परिवहन संधि को पुनरावलोकन करने पर सहमति बन गई है। इस बैठक के लिए भारत के वाणिज्य सचिव सुशील बरथवाल काठमांडू पहुंच चुके हैं। नेपाली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नेपाल के वाणिज्य सचिव गोविंद बहादुर कार्की करेंगे। नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि गुरुवार से शुरू होने वाली अंतर सरकारी समूह की बैठक में व्यापार तथा परिवहन संधि पर समीक्षा करना एक प्रमुख एजेंडा होगा। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक नेपाल और भारत के बीच अवैध व्यापार को रोकने के लिए एक नए समझौते पर हस्ताक्षर करने की भी सहमति हो चुकी है। इस समझौते के तहत चीन से नेपाल के रास्ते भारत में होने वाले तस्करी को रोकने के लिए कानूनी मान्यता मिल जाएगी।

## काठमांडू में सट्टेबाजी के आरोप में दो भारतीय सहित 53 गिरफ्तार

**काठमांडू (हि.स.)।** काठमांडू शहर के सातदोबाटो इलाके में एक पांच मंजिला मकान में चलाए जा रहे कॉल सेंटर पर केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने छापा मार कर दो भारतीय नागरिकों सहित 53 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान हाल ही में हुए भारत-ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट क्रिकेट में बॉल टु बॉल सट्टा कराए जाने के प्रमाण मिले हैं। बुधवार को इन सभी को जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से पांच दिनों की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। छापेमारी के दौरान कॉल सेंटर से 85 लैपटॉप, 84 मोबाइल फोन, 100 से अधिक बिना प्रयोग किए हुए सिम कार्ड जब्त किए गए।

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एआईएम की उच्चस्तरीय समिति की बैठक में लिया भाग, कहा

# प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों ने किया परिवर्तन को उत्प्रेरित

**नई दिल्ली (हि.स.)**



केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने बुधवार को स्टार्टअप्स की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र उद्योग संपर्क का आह्वान किया। उन्होंने एक सहयोगी वित्तपोषण दृष्टिकोण की वकालत की, जो नवाचार में जवाबदेही और साझा जिम्मेदारी को बढ़ावा देता है। उन्होंने जोर देकर कहा, एक संयुक्त निवेश मॉडल, जहां उद्योग और सरकार हाथ से हाथ मिलाकर काम करते हैं, आपसी प्रतिबद्धता की गारंटी देता है और सहयोग और साझा हिस्सेदारी पर निर्मित एक नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करता है। केंद्रीय मंत्री ने आज नीति आयोग में अटल नवाचार मिशन (एआईएम) की उच्चस्तरीय समिति की बैठक के दौरान एक मजबूत और समावेशी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उद्यमिता को बढ़ावा देने, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) को बढ़ाने और स्टार्ट-अप को बनाए रखने तथा भारत के नवाचार एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग संबंधों को एकीकृत करने की दिशा में एआईएम 2.0 को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एआईएम 1.0 के तहत प्रयासों की सराहना करते हुए मंत्री ने इसकी सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद शुरू की गई सक्षम नीतियों को दिया। उन्होंने कहा, हमारे पास हमेशा से प्रतिभा रही है, लेकिन प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों ने परिवर्तन को उत्प्रेरित किया है, जिससे एआईएम जैसी पहल को फलने-फूलने में मदद मिली है।

एआईएम 2.0 के मंत्रिस्तरीय ढांचे में परिवर्तन के बारे में चिंताओं को स्वीकार करते हुए मंत्री ने एक ऐसे ढांचे का आह्वान किया, जो मिशन की बौद्धिक और रचनात्मक स्वतंत्रता को बनाए रखे। उन्होंने कहा, हमें एक ऐसे मॉडल की आवश्यकता है, जो नवाचार को बाधित किए बिना प्रयासों को पूरक बनाए। उन्होंने अंतरिक्ष और जैव प्रौद्योगिकी जैसे अन्य क्षेत्रों में अपनाए गए हाइब्रिड ढांचे का सुझाव दिया। डॉ जितेंद्र सिंह ने प्रकाशन प्रभाव, स्टार्ट-अप व्यवहार्यता और आजीविका सृजन जैसे प्रमुख सूचकांकों के आधार पर स्टार्ट-अप का मूल्यांकन करने के लिए एक आकांक्षात्मक ढांचे की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया। उन्होंने कहा, हमारे नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को अंततः आजीविका बनाने में योगदान देना चाहिए, अन्यथा इसका प्रभाव सीमित रहता है।

### स्टार्ट-अप स्थिरता के लिए शीघ्र उद्योग संपर्क की वकालत की

डॉ सिंह ने भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित जीन थेरेपी परीक्षणों जैसी हालिया सफलताओं की ओर इशारा किया। उन्होंने उच्च-मानक प्रकाशनों के माध्यम से वैश्विक मान्यता के महत्व पर जोर दिया। भारतीय शोधकर्ताओं से आत्मविश्वास और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों को लक्ष्य बनाने का आग्रह किया। समावेशिता के आह्वान के साथ मंत्री ने नवाचार के लिए भाषा-तटस्थ दृष्टिकोण की वकालत की, जिसमें भारत के विविध भाषाई परिदृश्य में समान अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने हितधारकों से अनुवाद चुनौतियों का समाधान करने का आग्रह किया, जो अनजाने में क्षेत्रीय प्रतिभागियों को नुकसान पहुंचा सकती हैं। अपने भाषण के अंत में डॉ जितेंद्र सिंह ने एआईएम के भविष्य के बारे में आशा व्यक्त करते हुए एआईएम 3.0 और उससे आगे की दिशा में एक प्रगतिशील प्रक्षेप वक्र की कल्पना की। उन्होंने कहा, नवाचार की हमारी यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। मजबूत साझेदारी और विस्तारित पारिस्थितिकी तंत्र के साथ, हमारा लक्ष्य भारत को नवाचार में वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है।

### अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने हमास को दी चेतावनी, बोले

# बंधकों को 20 से पहले रिहा नहीं किया, तो भुगतने होंगे परिणाम

- कहा, मध्य पूर्व में सब कुछ बर्बाद हो जाएगा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को खुली चेतावनी दी है। कहा कि अगर हमास ने 20 जनवरी से पहले गाजा में बंधकों को रिहा नहीं किया, तो बहुत बड़ा बवाल मच जाएगा। 20 जनवरी को वह अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। ट्रंप ने मंगलवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, मैं आपकी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, अगर मेरे पदभार ग्रहण करने तक बंधक वापस नहीं आए तो मध्य पूर्व में सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। वे अमेरिकी बंधकों की रिहाई पर हमास के साथ बातचीत की स्थिति पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

ट्रंप ने कहा कि हमास को 20 जनवरी तक सभी बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, यह हमास के लिए अच्छा नहीं होगा और सच कहूं तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। मुझे और कुछ कहने की जरूरत नहीं है, लेकिन ऐसा ही है। उन्हें बहुत पहले ही उन्हें रिहा कर देना चाहिए था। मध्य पूर्व के लिए उनके विशेष दूत स्टीवन चार्ल्स विटकॉफ ने संवाददाताओं को बताया कि वो इसे लेकर गंभीर हैं। विटकॉफ ने कहा, मेरा मानना है कि हम इसके कगार पर हैं। मैं इस बारे में चर्चा नहीं करना चाहता कि इसमें देरी क्यों हुई, किसी भी तरह से नकारात्मक होने का कोई मतलब नहीं है। लेकिन, मुझे लगता है कि यह राष्ट्रपति का कद है, उन्होंने जो कहा है, जो उम्मीदें जताई हैं, उस हिसाब से ही बातचीत हो रही है। उन्होंने कहा, मैं बहुत कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे दोहा में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मैं कल दोहा वापस जाने के लिए रवाना हो रहा हूं। लेकिन, मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छी प्रगति की है और मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारे पास राष्ट्रपति की ओर से घोषणा करने के लिए कुछ अच्छी चीजें होंगी।



## आर्थिक सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड, पनामा नहर की जरूरत है : ट्रंप

अमेरिकी के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सिर्फ कनाडा ही नहीं, बल्कि ग्रीनलैंड और पनामा नहर को अमेरिकी नियंत्रण में लाने की अपनी इच्छा को लगातार जाहिर कर रहे हैं। इसके लिए उनके पास अपने तर्क हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने फ्लोरिडा में अपने मारा-ए-लागो एस्टेट में एक समाचार सम्मेलन के दौरान उन्होंने इन मुद्दों पर खुलकर बात की। यह पूछे जाने पर कि क्या वह स्वायत्त डेनिश क्षेत्र (ग्रीनलैंड) या नहर पर कब्जा करने के लिए सैन्य या आर्थिक बल का उपयोग न करने का आश्वासन देंगे। उन्होंने जवाब दिया, नहीं, मैं आपको इन दोनों में से किसी के बारे में आश्वासन नहीं दे सकता। ट्रंप ने कहा, लेकिन मैं यह कह सकता हूं, हमें आर्थिक सुरक्षा के लिए उनकी जरूरत है। डेनमार्क और पनामा दोनों ने ऐसे किसी भी सुझाव को खारिज कर दिया है कि वे क्षेत्र छोड़ देंगे। ट्रंप से जब पूछा गया कि क्या वे कनाडा को अपने साथ मिलाने की कोशिश करेंगे, तो उन्होंने 'आर्थिक बल' का इस्तेमाल करने की बात कही और दोनों देशों की साझा सीमा को 'कृत्रिम रूप से खींची गई रेखा' कहा।

### ग्रीनलैंड को ले ट्रंप की 'धमकी' पर फ्रांस ने किया पलटवार

**पेरिस (आईएएनएस)।** फ्रांस ने कहा कि यूरोपीय संघ अन्य देशों को अपनी 'संप्रभु सीमाओं' पर हमला करने की अनुमति नहीं देगा। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर क जा करने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने से इनकार नहीं किया है। मंगलवार को ट्रंप ने स्वायत्त डेनिश क्षेत्र को हासिल करने की अपनी इच्छा दोहराते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय और आर्थिक सुरक्षा के लिए 'महत्वपूर्ण' है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने कहा, इसमें कोई शक ही नहीं है कि यूरोपीय संघ अपनी संप्रभु सीमाओं पर दुनिया के अन्य देशों को हमला नहीं करने देगा, चाहे कोई भी हो। बैरोट ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि अमेरिका विशाल आर्कटिक द्वीप पर आक्रमण करने जा रहा है, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यूरोपीय संघ को डरने वाला नहीं है।

## आईएमडी 13 को आयोजित करेगा पहला मौसम विज्ञान ओलंपियाड

- भारतीय मौसम विज्ञान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाएगा 150वें वर्ष का जश्न

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने जा रहे हैं। 15 जनवरी को अपने स्थापना दिवस पर आईएमडी देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 150वें वर्ष का जश्न मनाएगा। इसके तहत जनवरी 2025 में आईएमडी मुख्यालय कुछ खास कार्यक्रम आयोजित करेगा। आईएमडी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 14 एवं 15 जनवरी को भारत मंडपम में अपने स्थापना दिवस समारोह के साथ-साथ 13 जनवरी को अपना पहला राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड आयोजित करेगा। इसके साथ 12 जनवरी को रन फॉर मौसम का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जलवायु के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ मृत्युंजय महापात्रा ने पत्रकारों को बताया कि विभाग अपने 150 साल पूरे करने जा रहा है। अगले 5 सालों में हम मौसम भविष्यवाणी और अन्य क्षेत्रों में 10-15 प्रतिशत सुधार करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, तो निश्चित रूप से आपको यह देखना होगा कि हमने पिछले 25 सालों में क्या हासिल किया है। अगर हम 1999 के आए 'सुपर साइक्लोन' की तुलना आज के साइक्लोन से करते हैं तो बहुत बड़ा अंतर पाते हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के दृष्टिकोण में एक बड़ा बदलाव आया है। यह विभाग अब अवलोकन, मॉडलिंग, संचार और बुनियादी ढांचे के मामले में तकनीकी निवेश से लैस है। डॉ महापात्रा ने कहा कि पहले हमारे पास केवल एनालॉग रडार थे। वर्ष 1999 में केवल 24 घंटे का पूवार्नुमान लगाया जाता था, आज नए आधुनिक रडार से 5 से 7 दिन पहले ही पूवार्नुमान दे रहे हैं और तूफान की चेतावनी जारी कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि साल 2047 तक मौसम विभाग तूफान या अन्य मौसमी बदलाव की जानकारी और चेतावनी 10 से 15 दिन पहले ही दे सकेगा।

### यूएई के राजदूत ने पैडल कोर्ट्स का किया उद्घाटन

**सोनीपत।** भारत में यूएई के राजदूत अब्दुल नासिर अलशाली और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ सी. राज कुमार ने ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) में चार अत्याधुनिक पैडल कोर्ट्स का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में स्वस्थ समुदायों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए यूएई और भारत की साझा प्रतिबद्धता को उजागर किया गया।

## पीएम मोदी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



**विशाखापत्तनम (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार की शाम को विशाखापत्तनम में रोड शो किया। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान सड़क पर जनसैलाब उमड़ा। लोग मोदी की एक झलक देखने के लिए बेताब दिखे। सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों का प्रधानमंत्री ने अभिवादन किया। रोड शो के दौरान जनता ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से दो दिवसीय दौरे पर आंध्र प्रदेश और ओडिशा दौरे पर हैं।

आज प्रधानमंत्री के विशाखापत्तनम में सिरीपुरम चौराहे से एयू इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान तक रोड शो किया। उनके साथ एक ही वाहन पर राज्य के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी सवार थे। यह रोड शो एयू इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान पर होने वाली जनसभा स्थल तक पहुंचा। राज्य की जनता की ओर से अनकापल्ली सांसद सीएम रमेश ने एयू इंजीनियरिंग ग्राउंड पर मोदी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू ने मंच पर प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान किया और अराकू को शेषशायण की मूर्ति और कॉफी किट भेंट की। कार्यक्रम में राज्यपाल जस्टिस अब्दुल नजीर, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण, मंत्री नारा लोकेश, सांसद भरत, पुरंदेश्वरी, राज्य के कई मंत्री और कई विधायक शामिल हुए।

## एआई की मदद से 18 वर्ष बाद पकड़े गए हत्यारे

- झूठ बोलने वालों को भी पकड़ना संभव

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एक बड़ी विदेशी आईटी कंपनी में काम करने वाले एक एआई विशेषज्ञ का कहना है कि चेहरा बदल कर रहने वालों अपराधियों को अब एआई की मदद से पकड़ना आसान हो गया है। इसी तरह से झूठ बोलने वाले लोगों, जिनमें तमाम आर्थिक व राजनीतिक अपराधी भी हैं, को भी पकड़ना संभव हो गया है। ताजा उदाहरण है हत्या के एक मामले में चेहरा बदलकर रहने वाले दो अपराधियों को एआई के मदद से पकड़ा जाना। 10 फरवरी 2006 को केरल के कोल्लम जिले में एक मां ने जब पंचायत कार्यालय से घर लौटकर अपनी बेटी रंजिनी व उसके 17 दिन के जुड़वां बच्चों को खून से लथपथ देखा, तो उसके आंखों के आगे अंधेरा छा गया। वह बेहोश होकर गिर पड़ी। उसकी दुनिया उजड़ चुकी थी। रंजिनी और बच्चों के गले कटे हुए थे।

पुलिस ने शुरुआती जांच में दो संदिग्धों दिविल कुमार व राजेश पर ध्यान केंद्रित किया। दोनों सैन्यकर्मी थे और उस समय पंजाब के पठानकोट सैन्य अड्डे पर तैनात थे। लेकिन, दोनों आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला, मामला ठंडा पड़ गया। लेकिन, 19 साल बाद 4 जनवरी 2025 को सीबीआई ने पुडुचेरी से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने नई पहचान बना ली थी - दिविल कुमार विष्णु के नाम से और राजेश प्रवीण कुमार के नाम से रह रहा था। दोनों इंटीरियर डिजाइन का काम कर रहे थे और विवाहित जीवन बिता रहे थे। इस मामले को सुलझाने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बड़ी भूमिका रही। इस बारे में केरल के एडीजीपी मनोज अब्राहम ने बताया कि पुलिस की तकनीकी खुफिया शाखा ने एआई का उपयोग करके पुरानी तस्वीरों के आधार पर उनकी वर्तमान संभावित तस्वीरें तैयार कीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया से मिलाया गया, जहां राजेश की तस्वीर एक शादी की फोटो से 90% मेल खा गई। इसके आधार पर पुलिस ने राजेश को पुडुचेरी में ट्रैक किया और फिर दिविल को भी ढूंढ निकाला।

रंजिनी और दिविल का कथित तौर पर प्रेम संबंध था। जब रंजिनी गर्भवती हुई और बच्चे रखने पर अड़ी, तो दिविल ने उससे दूरी बना ली। जनवरी 2006 में रंजिनी ने जुड़वां बच्चियों को जन्म दिया। इसी दौरान, राजेश ने खुद को 'अनिल कुमार' बताते हुए रंजिनी से दोस्ती की और मदद का वादा किया। राजेश ने रंजिनी को एक किराए का घर दिलाने में मदद की, ताकि वह रिश्तेदारों और पड़ोसियों से दूर रह सके। 10 फरवरी को उसने रंजिनी की मां संतम्मा को पंचायत कार्यालय भेजा और घर में रंजिनी और बच्चों की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि यह सब दिविल के इशारे पर किया गया। पुलिस ने 'अनिल कुमार' की जांच के दौरान घटनास्थल से मिले एक दोपहिया वाहन के पंजीकरण प्रमाणपत्र के जरिए पठानकोट सैन्य अड्डे तक पहुंच बनाई। लेकिन, आरोपी पहले ही फरार हो गए थे। रंजिनी की मां ने न्याय के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। वर्ष 2010 में, केरल उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका पर मामले को सीबीआई को सौंप दिया। सीबीआई ने वर्ष 2013 में आरोप पत्र दाखिल किया, लेकिन आरोपी तब भी फरार थे। लेकिन, यदि न्यायालय का दबाव रहे और जांच एजेंसियां तमाम आधुनिक उपकरणों व तकनिकी के सहयोग से सिद्दत से काम करें, तो अपराधियों का बचना मुश्किल है, जिसका प्रमाण है यह मामला।

### बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर भारतीय अमेरिकी सांसद ने कहा

# दुनिया देख रही है, हमें कुछ करना होगा

- अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में शेख हसीना के पीएम पद से हटने के बाद के हालात पर बात की

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी राजा कृष्णमूर्ति ने मंगलवार को बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ फिर से आवाज उठाई। मंगलवार को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने अगस्त 2024 में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद के हालात पर बात की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कृष्णमूर्ति ने शेख हसीना के पद छोड़ने के बाद हिंदुओं पर हमलों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाता हूं। 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, अनुमानतः 300,000 से 30 लाख लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिसंख्य हिंदू थे। बांग्लादेश में हिंदुओं को आज भी निशाना बनाया जा रहा है, उनके घरों और व्यवसायों को नष्ट कर दिया जा रहा है, और उनके मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है।

पूर्व पीएम और आवामी लीग की अध्यक्ष शेख हसीना को पिछले साल अगस्त में छात्र आंदोलन से उभरे आक्रोश के बाद सत्ता छोड़कर भारत भागना पड़ा था। इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया जो फिलहाल देश का सत्ता संभाल रही है। अंतरिम सरकार के वजूद में आने के बाद से देश में कट्टरवादी ताकतों को मजबूती मिली है। अल्पसंख्यक समुदायों और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है।



### अगस्त में हुईं 2,000 से ज्यादा हमले की घटनाएं

भारतीय अमेरिकी कांग्रेसी ने कहा, पिछले अगस्त में पूर्व प्रधानमंत्री हसीना को पद से हटाए जाने के बाद से ये हमले फिर से बढ़ गए हैं, अकेले अगस्त में 2,000 से ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं। मैंने विदेश विभाग से बात की है और आगामी सीनेट की पुष्टिकरण सुनवाई में कार्रवाई करने का आह्वान किया है, लेकिन हमें और भी कुछ करना होगा। मैं अपने सहयोगियों से बांग्लादेश के धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए अभी कार्रवाई करने करन की अपील करता हूं। दुनिया देख रही है और हम इतिहास को खुद को दोहराने नहीं दे सकते।


## मुंबई का सीएसएमआईए लेवल 5 मान्यता पाने वाला देश का पहला एयरपोर्ट बना

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (सीएसएमआईए) भारत का पहला एयरपोर्ट बन गया है, जिसे वैश्विक स्तर पर जानीमानी एयरपोर्ट्स काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) से प्रतिष्ठित लेवल पांच की मान्यता मिली है। यह जानकारी बुधवार को अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने दी।

गौतम अदाणी ने कहा कि अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) द्वारा मैनेज किया जाने वाला सीएसएमआईए 'ग्राहक अनुभव' के लिए एसीआई से लेवल 5 मान्यता प्राप्त करने वाला न केवल भारत का पहला, बल्कि दुनिया का तीसरा एयरपोर्ट है। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि हमारे छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ग्राहक अनुभव के लिए एसीआई से प्रतिष्ठित लेवल 5 मान्यता मिलने से बड़ा कोई सम्मान नहीं हो सकता है। यह मान्यता हासिल करने वाला सीएसएमआईए न केवल भारत का पहला एयरपोर्ट है, बल्कि ऐसा करने वाला दुनिया का तीसरा एयरपोर्ट भी है। उन्होंने आगे कहा, एएएचएल की ओर से यह मेरा वादा है कि हम अपने एयरपोर्ट्स से गुजरने वाले सभी यात्रियों को सेवा प्रदान करते रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी यात्रियों और एएएचएल के कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

### नवंबर 2024 में 47.7 लाख यात्री आए थे



सीएसएमआईए पर नवंबर 2024 में 47.7 लाख यात्री आए थे, इसमें से 34 लाख घरेलू और 13.7 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री थे। बीते महीने सीएसएमआईए ने 27,200 एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (विमानों की आवाजाही) को संभाला। इसमें से 19,696 घरेलू एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (मालवाहक विमानों को मिलाकर) थे, जबकि 7,504 अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रैफिक मूवमेंट्स (मालवाहक विमानों को मिलाकर) थे।